राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 139
लखनऊ, मंगलवार 07 जनवरी, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



कारीगरों और बुनकरों का सम्मान जरूरी : राज्यपाल 03

मोदी को धामी ने दिया राष्ट्रीय खेलों में पधारने का आमंत्रण 12

## एचएमपीवी पुराना वायरस, इससे घबराने की आवश्यकता नहीं : जेपी नड्डा

एजेंसी, नई दिल्ली।

देश में ह्यूमन मेटान्योमो वायरस (एचएमपीवी) के दो मामलों की पुष्टि हो चुकी है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कर्नाटक से एक तीन महीने की बच्ची और एक 8 महीने के बच्चे को एचएमपीवी वायरस से संक्रमित पाए जाने की पुष्टि की है।

3 महीने की बच्ची को बेंगलुरु के बैप्टिस्ट अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है, उसे ब्रोंकोप्न्यूमोनिया की शिकायत है। दूसरी आठ महीने की बच्ची का इलाज चल रहा है और वो अब स्वस्थ्य हो रही है। इसके बाद गुजरात से भी एक मामला सामने आया है। इन खबरों के बीच केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। सरकार स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने एक वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि विशेषज्ञों के मुताबिक एचएमवीपी कोई नया वायरस नहीं है। यह भारत में 2001 में पहली बार पहचाना गया था। एचएमपीवी हवा के माध्यम से फैलता है। यह ज्यादा सर्दी के मौसम में फैलता है। चीन और आसपास के देशों में फैले एचएमवीपी की स्थिति पर नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और स्वास्थ्य मंत्रालय गहन नजर बनाए हुए हैं। आईसीएमआर के डेटा के अनुसार मौजूदा समय में एचएमपीवी के मामलों में कोई तेज बढ़ोतरी नहीं देखी गई है। संयुक्त निगरानी समिति ने 4 जनवरी को स्थिति की समीक्षा की थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन इस स्थिति पर नजर बनाए हुए है और उनसे इस संबंध में जानकारी साझा करने का अनुरोध किया गया है। लोगों को किसी बात की चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर बारीकी से नजर बनाए हुए है।



### आफत

- देश में एचएमपीवी के दो मामलों की पुष्टि

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

आईसीएमआर के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. रमन आर. गंगाखेडकर ने बताया कि एचएमपीवी भारत में लंबे समय से मौजूद है। इस संक्रमण से चार से पांच दिनों तक सामान्य सर्दी-जुकाम जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। अनावश्यक रूप से चिंता जताना उचित नहीं होगा, क्योंकि यह वायरस हमेशा से ही मौजूद रहा है। उन्होंने कहा कि जागरुकता और सावधानी जरूरी है। जिस तरह करोना में लोगों ने हैंड हाइजीन का ख्याल रखा उसी तरह से इस वायरस में भी लोगों को अपने हाइजीन का ख्याल रखना चाहिए। एम्स दिल्ली के डॉ. नीरज निश्चल ने कहा कि इसकी (एचएमपीवी) तुलना कोविड-19 से नहीं करना चाहिए क्योंकि वह पूरी तरह से नया वायरस था और हममें से किसी में भी इसके खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता नहीं थी। एचएमपीवी को 2001 से भारत में है। इससे 10 साल की उम्र तक, अधिकांश बच्चे इसके खिलाफ प्रतिरक्षा विकसित कर लेते हैं। घबराने वाली बात नहीं है लेकिन सावधानी बरती जानी चाहिए।

### लक्षण

तेज बुखार,
सांस लेने में कठिनाई
त्वचा, होंठ या नाखूनों का नीला पड़ना
सर्दी-जुकाम जैसे हल्के लक्षण
कभी-कभी निमोनिया को ट्रिगर कर सकता
पुरानी श्वसन स्थितियों को बढ़ा सकता है।
खांसी या घरघराहट हो सकती है।
नाक बहना, गले में खराश होना लक्षणों में शामिल है।

### बचाव

एक्सपर्टस के मुताबिक एचएमपीवी एक पुराना वायरस है और इसके मामले पहले भी आए हैं। इससे बचने के लिए भीड़-भाड़ वाले और बंद जगहों पर मास्क पहनना चाहिए। खांसी और छींक आने पर मुंह को ढंक ले। अपने हाथों को नियमित रूप से साफ करें।

## भारतीय परमाणु संस्थाओं को सूची से हटाएगा अमेरिका

एजेंसी, नई दिल्ली।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने सोमवार को नई दिल्ली में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मुलाकात की।

इस दौरान एनएसए सुलिवन ने घोषणा की कि अमेरिका भारतीय परमाणु संस्थाओं को सूची से हटाने जा रहा है जिससे असैन्य परमाणु सहयोग और लचीली स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ावा मिलेगा।

एनएसए सुलिवन के साथ अमेरिकी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी था।

विदेश मंत्रालय के अनुसार



अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन ने अमेरिकी मिसाइल निर्यात नियंत्रण नीतियों में बदलाव के बारे में बताया जिससे भारत -अमेरिकी वाणिज्यिक अंतरिक्ष सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

इस दौरान दोनों एनएसए ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, दूरसंचार, रक्षा और अंतरिक्ष सहित कई क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच ठोस पहल पर विचार किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पोस्टमार्टम हाउस में लाश को घसीटते हुए वीडियो वायरल



**झांसी।** मेडिकल कॉलेज का पोस्टमार्टम हाउस एक बार फिर चर्चाओं में है। पोस्टमार्टम हाउस में मानवता को शर्मशार कर देने वाला मामला सामने आया है। इसमें किसी लाश के पैरों को दो व्यक्ति बांधकर घसीटते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्वास्थ महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस पड़ताल में जुट गई है।

### दुष्कर्म का विरोध करने पर नाबालिग को चौथी मंजिल से नीचे फेंका

**कानपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के आवास विकास में दुष्कर्म का विरोध करने पर नाबालिग को चौथी मंजिल से फेंकने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता को गंभीर अवस्था में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उसका इलाज जारी है। परिजनों ने मॉल के मालिक पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाया है। आवास विकास तीन पनकी कल्याणपुर रोड में रहने वाले परिवार ने बताया कि उनकी 13 साल की बेटी बीती 28 दिसंबर 2024 को घर के पास बने एक मॉल में सामान लेने गई थी। इस दौरान मॉल के मालिक ने उसे मॉल के अंदर खींचकर उसके साथ अश्लीलता करने लगा। इस घटना से वह काफी घबरा गई और भाग कर अपने घर चली आई,लेकिन आरोपित उसका पीछा करते हुए घर तक पहुंच गया और बेटी को चौथी मंजिल से नीचे फेंक दिया। इस घटना में पीड़िता के हाथ पैर फैक्चर और शरीर में गंभीर चोटें आईं हैं। उसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

### एशिया की सबसे बड़ी हथियार प्रदर्शनी एयरो इंडिया 10 से 14 फरवरी तक बेंगलुरु में

**नई दिल्ली।** एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी एयरो इंडिया का 15वां संस्करण 10 से 14 फरवरी तक कर्नाटक के बेंगलुरु में एयर फोर्स स्टेशन येलहंका में आयोजित किया जाएगा। इस बार की थीम द रनवे टू ए बिलियन ऑपर्च्युनिटीज रखी गई है, जिसमें विदेशी और भारतीय फर्मों के बीच साझेदारी बनाने और स्वदेशीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने के नए मार्ग तलाशने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार एयरो इंडिया ने 1996 से अब तक 14 संस्करणों के साथ प्रमुख एयरोस्पेस प्रदर्शनी के रूप में विश्व स्तर पर अपनी जगह बना ली है।कार्यक्रम के पहले तीन दिन 10, 11 एवं 12 फरवरी को व्यावसायिक दिन होंगे, जबकि 13 एवं 14 फरवरी को आमजन मेले के साक्षी बन सकेंगे। कार्यक्रम में रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन, मंथन स्टार्ट-अप कार्यक्रम, शानदार एयर शो होगा। इसके अलावा भारत 'ब्रिज-अंतरराष्ट्रीय रक्षा और वैश्विक जुड़ाव के माध्यम से सुगम बनाना' विषय पर मित्र देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी की दिशा में रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की मेजबानी करेगा।


## वह समय दूर नहीं जब देश में बुलेट ट्रेन दौड़ेगी : मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज देश विकसित भारत की संकल्पसिद्धी में जुटा है और इसमें भारतीय रेलवे का विकास अहम है। पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक परिवर्तनों का रहा है। अब वह समय दूर नहीं है जब जल्द ही देश में बुलेट ट्रेन दौड़ेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नए जम्मू रेलवे मंडल और तेलंगाना में चरलापल्ली स्थित नए टर्मिनल स्टेशन के उद्घाटन तथा ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगढ़ा रेलवे मंडल भवन के शिलान्यास करने के बाद संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक परिवर्तनों का रहा है। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में एक बड़ा बदलाव आया है। आज देश विकसित भारत की संकल्पसिद्धी में जुटा है और इसमें भारतीय रेलवे का विकास अहम है। इससे देश की छवि बदली है और देशवासियों का मनोबल भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत में रेलवे के विकास को हम चार पैरामीटर्स पर आगे बढ़ा रहे हैं। पहला- रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर का आधुनिकीकरण, रेलवे के यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं, रेलवे की देश के कोने-कोने में कनेक्टिविटी और रेलवे से रोजगार का निर्माण, उद्योगों को सपोर्ट। आज के इस कार्यक्रम में भी इसी विजन की झलक दिखाई दे रही है। मोदी ने कहा कि 2-3 दिन पहले उन्होंने एक वीडियो देखा, जिसमें वंदे भारत ट्रेन का नया स्लीपर वर्जन ट्रायल के तौर पर 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रहा था। उन्होंने कहा कि यह देखकर सभी देशवासियों को अच्छा लग रहा है। मोदी ने कहा कि यह तो बस शुरुआत है वह समय दूर नहीं जब देश में पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में रेल कनेक्टिविटी का भी अद्भुत विस्तार हुआ है। वर्ष 2014 तक देश में सिर्फ 35 प्रतिशत रेल लाइनों का विद्युतीकरण हुआ था। आज भारत, रेल लाइनों के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के करीब है। इसके अलावा, हमने रेलवे की पहुंच को भी लगातार विस्तार किया है। बीते 10 वर्षों में 30 हजार किमी. से ज्यादा नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। साथ ही सड़क संपर्क बढ़ाने के लिए हजारों ओवरपास और अंडरपास भी बनाए गए हैं। मोदी ने कहा कि लोग कम समय में लंबी दूरी तय करना चाहते हैं, इसलिए हमने पूरे देश में हाई-स्पीड ट्रेनों की भारी मांग देखी है। आज, देशभर में 136 वंदे भारत ट्रेनें 50 से अधिक मार्गों पर चल रही हैं, जिससे लोगों को यात्रा करना आरामदायक व सुविधाजनक हो गई है।



### प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर, ओडिशा और तेलंगाना को दी रेल परियोजनाओं की सौगात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जम्मू-कश्मीर, ओडिशा और तेलंगाना को विभिन्न रेल परियोजनाओं की सौगात दी। इसमें नए जम्मू रेलवे मंडल और तेलंगाना में चरलापल्ली स्थित नए टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन तथा ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगढ़ा रेलवे मंडल भवन का शिलान्यास शामिल है। इन परियोजनाओं में पठानकोट-जम्मू-उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला, भोगपुर सिरवाल-पठानकोट, बटाला-पठानकोट तथा पठानकोट से जोगिंदर नगर खंड वाले जम्मू रेलवे मंडल के निर्माण से जम्मू एवं कश्मीर तथा आसपास के क्षेत्रों को काफी लाभ होगा और लंबे समय से लंबित लोगों की आकांक्षाएं पूरी होंगी। इससे भारत के अन्य हिस्सों के साथ कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे, बुनियादी ढांचे का विकास होगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र का समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास संभव होगा। तेलंगाना के मेडचल-मलकजगिरी जिले के चरलापल्ली स्थित नए टर्मिनल स्टेशन को लगभग 413 करोड़ रुपये की लागत से दूसरे प्रवेश के प्रावधान के साथ एक नए कोचिंग टर्मिनल के रूप में विकसित किया गया है। उत्कृष्ट यात्री सुविधाओं से लैस पर्यावरण के अनुकूल यह टर्मिनल सिकंदराबाद, हैदराबाद और काचीगुडा में स्थित मौजूदा कोचिंग टर्मिनलों पर भीड़ को कम करेगा। ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगढ़ा रेलवे मंडल भवन के शिलान्यास से ओडिशा, आंध्र प्रदेश एवं आसपास के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बेहतर होगी और क्षेत्र का समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास संभव होगा।

## नक्सलियों ने सेना के वाहन को विस्फोटक से उड़ाया

### हमला

- दंतेवाड़ा डीआरजी के आठ जवान और एक सिविलियन की मौत

एजेंसी, बीजापुर।

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के थाना कुटरू क्षेत्र अंतर्गत बेदरे मार्ग पर ग्राम अम्बेली के पास जवानों को लेकर जा रहे एक स्कार्पियो वाहन को नक्सलियों ने सोमवार को दोपहर आईईडी विस्फोट कर निशाना बनाया, जिसमें दंतेवाड़ा डीआरजी के 8 जवान और एक सिविलियन वाहन का ड्राइवर की मौत हो गई। बस्तर आईजी सुदरराज पी. ने इसकी पुष्टि की है।

रविवार को नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद जवान आज वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने आज दोपहर 14:15 बजे आईईडी से विस्फोट कर जवानों को लेकर जा रहे स्कार्पियो वाहन को उड़ाकर वारदात को अंजाम दिया। इसमें दंतेवाड़ा डीआरजी के 8 जवान और एक सिविलियन वाहन के ड्राइवर की भी मौत हो गई। वाहन के परखच्चे उड़ने के साथ जवानों और वाहन ड्राइवर के भी चिथड़े उड़ गए। बताया जा रहा है कि विस्फोट इतना जबरदस्त था कि वाहन कई फीट तक ऊपर उछल गया और जमीन में भी कई फीट का गड्ढा हो गया।

घटनास्थल नक्सलियों के इस भीषण वारदात की कहानी को बयां कर रहे हैं। नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद चार दिन तक जंगल में पैदल चलने के बाद जवान थके हुए थे, इसलिए वे एक स्कार्पियो वाहन सीजी 17 केडब्लयू 7937 में सवार हो गए थे। इस वाहन को उड़ाने के लिए बड़ी मात्रा में बारूद का उपयोग किया गया था। धमाका इतना जोरदार था कि सड़क पर करीब 10 फीट गहरा गड्ढा हो गया और वाहन के परखच्चे उड़ गए। वाहन के कुछ हिस्से 30 फीट दूर तक बिखर गये, वहीं एक पेड़ पर 25 फीट ऊंचाई पर भी वाहन के कलपुर्जे लटके मिले। नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट के बाद जवानों पर एके 47 से ताबड़तोड़ फायरिंग भी की, जिसके खोखे भी बरामद किए गये हैं।





### बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा : शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुए नक्सली हमले में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवानों की शहादत पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हम मार्च 2026 तक भारत की भूमि से नक्सलवाद को समाप्त करके ही रहेंगे। गृहमंत्री शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट में डीआरजी के जवानों को खोने की सूचना से अत्यंत दु:खी हूं। वीर जवानों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। इस दु:ख को शब्दों में व्यक्त कर पाना असंभव है, लेकिन मैं विश्वास दिलाता हूं कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हम मार्च 2026 तक भारत की भूमि से नक्सलवाद को समाप्त करके ही रहेंगे।


## इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट नौ जनवरी तक स्थगित किया

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 7 जनवरी के लिए निर्धारित दो स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट (स्पैडेक्स) उपग्रहों की डॉकिंग को 9 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

उक्त जानकारी सोमवार को इसरो ने ट्वीट कर दी। इसरो ने ट्वीट किया कि निर्धारित स्पैडेक्स डॉकिंग अब 9 तारीख तक स्थगित कर दी गई है। इसरो ने इसके पीछे के कारणों का खुलासा नहीं किया है। इसरो ने कहा कि डॉकिंग प्रक्रिया को अभी सत्यापन की आवश्यकता है।

उल्लेखनीय है कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में स्पेडेक्स का परीक्षण भारत के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। यह अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत के लिए एक बड़ा कदम है। अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक कक्षा में डॉक करना एक चुनौतीपूर्ण काम है। अबतक इस उपलब्धि को रूस, अमेरिका, चीन ने हासिल किया है। यह मिशन इसरो की बढ़ती विशेषज्ञता को जाहिर करता है और भविष्य की परियोजनाओं के लिए आधार तैयार करता है। भविष्य के अंतरिक्ष मिशन के लिए डॉकिंग तकनीक बेहद अहम और जटिल तकनीक है।





## शहीद का बलिदान कौम की जिंदगी होती है : योगी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शहीद का बलिदान कौम की जिंदगी होती है। देश, धर्म के लिए बलिदान होने वाली लंबी श्रृंखला सदैव से समाज को नया जीवन देती रही है।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को एक मीडिया समूह की तरफ से आयोजित शौर्य सम्मान-2025 कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि जवान सर्दी, गर्मी, बरसात की परवाह किए बिना देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। इस समय भी जब माइनस 20,25,10 तापमान है, तब देश की सीमाओं पर भारत मां के जवान दिन रात खड़े होकर, पुलिस बल के जवान निरंतर पेट्रोलिंग में रहकर आमजन के मन में सुरक्षा का भाव पैदा करते हैं।



यदि समाज आर्मी, पैरामिलिट्री, पुलिस बल के जवानों का सम्मान नहीं करेगा या शहीद परिवारों के बारे में नहीं सोचेगा तो इसका मतलब हम राष्ट्रीय दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं।

उन्होने कहा कि 1965-1971 में पाकिस्तान के खिलाफ हुए युद्ध में भागीदार, शहीदों के परिजनों, भारतीय सेना के जवानों, देश के अंदर हुए विभिन्न ऑपरेशन में भाग लेने वाले स्मृतिशेष जवानों के परिजनों का यहां सम्मान हुआ। सुरक्षा के बिना सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। स्वतंत्रता का अहसास हो, लेकिन हमारी स्वतंत्रता दूसरे की स्वतंत्रता में बाधा न बने। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने जो संविधान दिया, उसके अनुसार सुरक्षा की पहली शर्त सुशासन है। सुशासन की स्थापना के लिए जो जवान दिन रात लगे रहते हैं, उन्हें सम्मान देना राष्ट्रीय दायित्वों के निर्वहन जैसा है। मुख्यमंत्री ने 2017 के पहले और अब के उत्तर प्रदेश का अंतर बताते हुये कहा कि 2017 के पहले कोई सुरक्षित नहीं था। नौजवान के भविष्य से खिलवाड़ होता था। उनके पास नौकरी व रोजगार नहीं था। यूपी की पहचान दंगाग्रस्त व अराजक प्रदेश के रूप में थी। आज उत्तर प्रदेश सुरक्षित है।

## भावी प्रत्याशी बताने वाले पदाधिकारियों को अखिलेश यादव ने दी नसीहत

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के टिकट पर दावेदारों की हसरतों पर पानी फेर दिया है, उन्होंने अपने नेताओं को नसीहत दी है कि अभी से खुद को भावी प्रत्याशी व विधायक के तौर पर प्रचारित न करें। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि आगामी विधान सभा चुनाव के लिए कोई भी अपना टिकट अभी से पक्का मानकर न चले। ये निर्देशित सुझाव अखिलेश यादव ने अपने प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक में दी। उन्होंने कहा है कि अगर कोई पिछला विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी रहा है तो वह भी किसी गलतफहमी में न रहे। टिकट उस वक्त की परिस्थितियों, गठबंधन की स्थिति और पीडीए मतदाताओं को साधने की क्षमता पर निर्भर करेगा। सभी को पीडीए को ही आगे रख कर पार्टी के लिए काम करना है। असल में अखिलेश को प्रदेश के कई जिलों से कुछ पदाधिकारियों द्वारा आगामी विधान सभा चुनाव का खुद को भावी प्रत्याशी व विधायक होने के दावे करने की सूचना प्राप्त हो रही थी।



## अगले तीन दिनों तक घना कोहरा छाने की संभावना

एजेंसी, नई दिल्ली।

पहाड़ों में जारी बर्फबारी और दिल्ली-एनसीआर में सोमवार को हुई हल्की बारिश के कारण सर्दी बढ़ गई है। दिल्ली में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आने वाले तीन चार दिनों तक उत्तर भारत में सुबह और शाम में घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि की संभावना जताई है।

सोमवार को मौसम विभाग द्वारा जारी जानकारी के मुताबिक अगले तीन दिनों तक उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों में, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में शीतलहर और घना कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है। इसके साथ अगले 3-4 दिनों के दौरान भारत-गंगा के मैदानी इलाकों में घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति जारी रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार एक नया पश्चिमी विक्षोभ और पूर्वी हवाओं के साथ इसका संपर्क, 10-12 जनवरी से उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। इसके प्रभाव में, पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में हल्की से मध्यम वर्षा एवं बर्फबारी और इसी अवधि के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में हल्की वर्षा होने की संभावना है।



मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ अब उत्तरी पाकिस्तान पर औसत समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में देखा जा रहा है। विभाग ने 07 और 08 जनवरी को पूर्वोत्तर राज्यों में छिटपुट स्थानों पर आंधी और ओलावृष्टि के साथ कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है। 07 जनवरी को अरुणाचल प्रदेश और असम में भी छिटपुट ओलावृष्टि की संभावना है। 07 जनवरी को सिक्किम में आंधी और ओलावृष्टि के साथ छिटपुट वर्षा हो सकती है। घने कोहरे के कारण 24 ट्रेनें लेटरेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली से आने-जाने वाली 24 ट्रेन देर से चली। इसमें वंदेभारत एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति, मोगा इंटरसिटी, पुरी एक्सप्रेस, जम्मू मेल, गोमति एक्स्प्रेस शामिल है।

## महाकुंभ : श्रद्धालुओं को जालसाजों से बचाने के लिए साइबर एक्सपर्ट की टीम अलर्ट

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

महाकुंभ-2025 में प्रयागराज आने वाले श्रद्धालु किसी साइबर जालसाज का निशाना न बनें, इसके लिए यूपी पुलिस लोगों को जागरूक कर रही है। इसके लिए यूपी पुलिस ने एक लघु फिल्म बनाकर लोगों के बीच सार्वजनिक की है, ताकि लोग जालसाजों से बच सके।

उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने सोमवार को जारी अपने बयान में कहा कि महाकुंभ को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने विशेष तैयारियां की हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को जालसाजों से बचाने के लिए भी योजना बनाई गई है, जिस पर साइबर एक्सपर्ट की टीमें काम कर रही हैं। सोशल मीडिया पर आने वाली हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। उन फर्जी लिंक की भी पहचान की जा रही है, जिनके जरिए लोग महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाएं देने के नाम पर ठगी कर रहे हैं।



डीजीपी ने बताया कि महाकुंभ के लिए साइबर स्पेस को पूरी तरह सुरक्षित करने के लिए कई तैयारियां की गई हैं।

साइबर स्पेस की पेट्रोलिंग के लिए तकनीकी संस्थानों और निजी लोगों को भी जोड़ा गया है। हमारी साइबर टीम चौबीस घंटे काम कर रही है। महाकुंभ में साइबर थाना भी खोला गया है। साइबर सेल के दो आयाम हैं, साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध दोनों पर काम चल रहा है।

उन्होंने बताया कि महाकुंभ के लिए सरकार की ओर से वेबसाइट बनाई गई है, जिसका इस्तेमाल किया जा सके। यह वेबसाइट यूपी पुलिस की वेबसाइट पर आसानी से उपलब्ध रहेगी। फर्जी वेबसाइट से बचें। महाकुंभ-2025 की सुरक्षा व्यवस्था को तकनीक से प्रभावी बनाया जा रहा है। एडवांस एआई ड्रिवेन डाटा एनालिटिक्स सॉल्यूशन सिस्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे पुलिस की निगरानी मजबूत होगी।

### सुरक्षा में तैनात 70 से अधिक जिलों की फोर्स

महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 70 से अधिक जिलों की फोर्स तैनात कर दी गई है। इसके तहत 15 हजार सिविल पुलिस के जवान महाकुम्भ नगर के चप्पे-चप्पे पर नजर रखेंगे। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 400 महिला सुरक्षा कर्मी भी तैनात की गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिस लाइन में इन जवानों के रुकने और खाने-पीने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही पुलिस लाइन में ही शस्त्रागार के साथ भंडार गृह और गणना कार्यालय भी तैयार कर लिया गया है। महाकुम्भ मेला के लिए विभिन्न जिलों से आए सुरक्षा कर्मियों के स्वास्थ्य का विशेष इंतजाम किया गया है। पुलिस लाइन की सेंट्रल कैंटीन में सुरक्षा कर्मियों की हाइजीन का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जहां चाय कॉफी से लेकर भोजन तक की व्यवस्था की गई है। पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक, महाकुम्भ विलास यादव ने बताया कि यहां आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में जवान काम कर रहे हैं। इस तरह से इनकी अलग-अलग तीन तीन शिफ्ट लगाई जा रही हैं।

# डीएम-एसपी ने प्रकाशोत्सव पर गुरुद्वारा में मत्था टेका

▸ दी प्रकाश पर्व की बधाइयां



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

सोमवार को श्री गुरूगोविन्द सिंह जी महाराज के प्रकाश उत्सव पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी गणेश प्रसाद साहा ने हाथीपुर स्थिति गुरुद्धारा श्रीगुरू सिंह सभा पहुंचकर मत्था टेका और जिले की प्रगति, उन्नति एवं लोककल्याण के लिए अरदास की। इस दौरान उन्हें सरोपा भेंट किया गया।

इस मौके पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने गुरू गोविन्द सिंह जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं हमें जीवन में करुणा, विनम्रता और समरसता का संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि गुरु गोविन्द सिंह के त्याग बलिदान और देश के लिए समर्पण से प्रेरणा ले और उनके बताए रास्ते पर चले। सिख समाज वीरता और मेहनत का पर्याय है। उन्होनें देश को समृद्ध बनाने में बड़ा योगदान दिया है। डीएम ने सभी को प्रकाशपर्व की बधाई देते हुए कहा कि वाहेगुरु जी की कृपा से सभी जनपदवासियों के घरों में सुख एवं शांति बनी रहे। वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि आपके बीच आकर सुखद अनुभूति हो रही है। गुरु गोविंद सिंह जी महराज के प्रकाश उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने जनपदवासियों के मंगल व कल्याण के लिए कामना की। इस मौके पर सरदार कुलवंत सिंह खैरा, गुरजीत सिंह जुनैजा, पाल सिंह, जरनैल सिंह, हरजिंदर सिंह, रणजीत सिंह, शीतल सिंह समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## दशम गुरु गोविंद सिंह की जयंती पूर्ण श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



विद्या भारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु वाटिका में सोमवार तद्नुसार पौष शुक्ल सप्तमी को सिक्खों के दशम गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती पूर्ण श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। मां सरस्वती की वंदना के उपरांत हीरा सिंह प्रधानाचार्या ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए गुरु गोविंद सिंह जी के व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए बताया कि उनका जन्म 398 वर्ष पूर्व 22 दिसंबर 1730 ई. को पटना साहिब में हुआ था। गुरु गोविंद सिंह जी 9 वर्ष की आयु में अपने पिता गुरु तेग बहादुर के बलिदान के उपरांत सिक्खों के दशम गुरु के पद पर आसीन हुए। आप सैनिकों में जोश भरते हुए कहते थे कि सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियों से मैं बाज लड़ाऊं, तब मैं गुरु गोविंद सिंह कहाऊं। कार्यक्रम की संयोजिका आचार्या जयोति ने गुरु गोविंद सिंह जी को संत के साथ-साथ एक महान सैनिक बताया। आपने अपने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपने पिता को बलिदान होने की प्रेरणा दी। आपके चार पुत्र देश धर्म की रक्षा के लिए बलिदान हो गये। आपने सिक्खों के पूर्ववर्ती सभी गुरुओं की वाणियों का संग्रह गुरुग्रंथ साहिब में किया। जिससे उनके बाद सिक्ख धर्म में गुरु के पद पर आसीन किया गया। आपने पंच प्यारे का चयन करके सिक्खों की पहचान के लिए पंच ककार (केश,कड़ा,कंघा, कृपाण व कच्छा) धारण करने की सलाह प्रत्येक सिक्ख को दी। हिंदू धर्म की रक्षा के लिए आपने खालसा पंथ की स्थापना करते हुए कहा- द्रुसकलद्गजगत में खालसा पंथ गाजै, जगै धर्म हिंदू सकल भण्ड भाजैद्व । सभी आचार्या बहिनें उपस्थित रही। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ।

## शादी के कार्ड बांटने जा रहा युवक सड़क हादसे में घायल



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

गोला लखीमपुर मार्ग पर लालपुर कस्बे में कार और बाइक की टक्कर में बाइक चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के परिवार में शादी थी जिसके कार्ड बाटने गोला को जा रहा था। फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के गांव सुतियाना निवासी रोहित पांडे अपनी बाइक से गोला को शादी के कार्ड बाटने जा रहें थे। वह लालपुर कस्बे से गुजर रहें थे उसी समय गोला की ओर से आ रही डिजायर कार से जोरदार टक्कर हो गई। टककर में रोहित पांडे 25 वर्ष का पैर टूटने के साथ गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर की आवाज सुनकर आस पास के लोग आ गए। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई। घायल रोहित को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ओयल भिजवाया। दुर्घटना ग्रस्त कार और बाइक पुलिस ने कब्जे में लें लिया है।

## 27 को सकेथू में होगा दो दिवसीय रा.ग्रा.म.म. मिस्त्री महा मेले का आयोजन



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने प्रेसनोट में बताया। कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय रा.ग्रा.म.म. मिस्त्री महामेला 27 जनवरी, 2025 को सुबह 10बजे होगा। भगवान विश्वकर्मा का हवन पूजन करने के बाद मेला आरंभ किया जाएगा। तथा समापन 28जनवरी 2025को सांय 5बजे होगा। मेले का आयोजन मनरेगा मेला स्थल ग्राम सकेथू तहसील व ब्लॉक लखीमपुर जिला खीरी में होंगा। जिसके मुख्य अतिथि सरदार इंद्रजीत सिंह विश्वकर्मा प्रपोत्र पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह भारत सरकार होंगे। मेले में भारत के 40करोड़ मजदूर मिस्त्रियों, भारत के 14 करोड़ किसानों, 16 करोड़ वैज्ञानिक विश्वकर्मा, अधिवक्तों, पत्रकार बंधुओं, अति पिछड़े अति दलित, आदिवासी सहित करीब पचास ऐसी जातियां जो कि भारत में अलग थलग पड़ी है। एवं बेरोजगार युवाओं की दीन दशा पर गहन विचार विमर्श किया जाएगा। तथा 60 वर्ष से ऊपर आयु के मिस्त्री को प्रतिमाह 3 हजार रुपए पेंशन देने, पूरे भारत के सभी ग्रामों में जो अंबेडकर पार्क की जगह छोड़ी गई है। उन पार्को में अंबेडकर जी मूर्ति लगवाने, मजदूर मिस्त्रियों, तीन एकड़ से कम जोतकारों को अंत्योदय कार्ड दिलवाने, पत्रकार बंधुओं, अधिवक्तों को पांच हजार रुपए भत्ता दिलाने, भारत के 35 लाख ग्राम पंचायत सदस्यों, व सभासदों को सांसद विधायको की तर्ज पर भत्ता व निधि दिलाने, भारत की गरीबी व बेरोजगारी जड़ से खत्म करने के लिय 25 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन 28 जनवरी 2025 को जिला अधिकारी खीरी के माध्यम से भारत के मुख्य न्यायाधीश, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़, भारत सरकार, व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल उत्तर प्रदेश सरकार को सौंपा जाएगा।

## मशीन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



नगर के प्रीतमपुरवा रोड पर स्थित गणेश प्लाईवुड फैक्ट्री में रविवार सुबह हुए दर्दनाक हादसे से हड़कंप मच गया। पंद्रह वर्षीय किशोर का मशीन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक रविवार को सुबह तकरीबन ग्यारह बजे अंकुश का आरा मशीन पर काम करते समय ब्लेड से हाथ कट गया युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के प्रीतम पुरवा निवासी रामलखन के दो बेटे और चार बेटियां हैं। उनका बड़ा बेटा अंकुश जो अभी पंद्रह वर्ष का ही बताया गया है जो प्रीतमपुरवा रोड पर स्थित गणेश प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था। रविवार को तकरीबन 11 बजे अंकुश चाइना मशीन में लगें ब्लड की चपेट में आ गया जिससे बायां हाथ गंभीर रुप से कट गया। मशीन की चपेट में आने से अंकुश खून से लथपथ हो गया व घायल हो गया। घटना के बाद फैक्ट्री मे मौजूद ठेकेदार बाबू व श्रमिक ने तुरंत अंकुश को आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे जहां मौजूद डाक्टरों ने उपचार करते हुए हालत गंभीर देखते हुए अंकुश को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घरवालों को जानकारी मिलने पर परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजन डर सहमें गए। सूचना पर पहुंचे तहसील प्रशासन के अधिकारियों ने पहुंचकर संबंधित ठेकेदार से बातचीत की। तहसील प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्यवाही करने का परिजनों को आश्वासन दिया है। अंकुश के परिवार के लोगों ने फैक्ट्री प्रबंधन से मुआवजे और अंकुश के इलाज के लिए मदद की मांग की है। युवक के पिता का भी एक हाथ खराब है जिससे वह कोई काम नहीं कर पाते हैं। नगर के एक विद्यालय में माली का काम करते हैं घर में कुल 8 सदस्य हैं जिनके पालन पोषण की जिम्मेदारी अंकुश व उनके पिता राम-लखन पर है।

जानकारी पर एसडीएम राजीव निगम, नायब तहसीलदार दिव्यांशु शाही घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। जरूरी कागजात खंगालते हुए फटकार लगाई है।

## एक तरफा जमीन नपाई से जेई के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश

**बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



इंडो-नेपाल सीमा पर हाइवे सड़क के निर्माण हेतु बीते दिवस जेई द्वारा की गई नपाई इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि जेई ने पूर्व में बनी पीडब्लूडी की सड़क से एक तरफ नापई की है जबकि सड़क के दोनों तरफ बराबर-बराबर नपाई करनी चाहिए थी जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी निघासन को सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर मानक के अनुरूप सड़क के दोनों तरफ बराबर-बराबर नपाई कराने की मांग करते हुए जांच कराने की मांग की है।

कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र के कड़िया निवासी निशान सिंह, सुशील कुमार, आकाश कुमार, सुनील कुमार, रवि कुमार आदि ने उपजिलाधिकारी निघासन को प्रार्थना पत्र देकर इंडो नेपाल सीमा पर बन रही हाइवे सड़क निर्माण के लिए जमीन की नपाई का कार्य चल रहा है। पीड़ितों का आरोप है कि पूर्व में बनी बेलापरसुआ से आने वाली पीडब्ल्यूडी की सड़क के मानक के अनुरूप दोनों तरफ बराबर-बराबर जमीन की नपाई की गई है।

कड़िया आते ही जेई ने सड़क के एक तरफ जमीन की नपाई कर दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि जेई ने कुछ विशेष लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए जेई ने एक तरफ़ा नपाई कर दी। एक तरफा नपाई से पीढ़ियों से बने मकान जिसमें प्रधानमंत्री आवास भी आ रहे हैं उनमें निशान लगा दिया जेई की गलत नपाई से जहां ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है वहीं विशेष व्यक्ति से सांठगांठ कर फायदा पहुंचाने की चर्चा बनी हुई है इस संबंध में उपजिलाधिकारी निघासन राजीव निगम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि किसी भी ग्रामीण के साथ भेदभाव व अन्याय नहीं होगा।

## ग्राम पंचायत सदस्यों का मानदेय सौ रुपये से पांच सौ रुपये करने की मांग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्राम पंचायत सदस्य संघ द्वारा पंचायत सदस्यों का मानदेय बढ़ाने और एक आवास दिलाने सबंधित एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को रजिस्ट्री किया गया है। ज्ञापन में ग्राम पंचायत सदस्यों को ग्राम पंचायत में होने वाले कार्य की देख रेख करने की भी मांग की गई है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्राम पंचायत सदस्य संघ के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुमार वर्मा ने ग्राम पंचायत सदस्यों का मानदेय बढ़ाने के लिए संघ की एक बैठक की। बैठक में ग्राम पंचायत सदस्यों की समस्याओं पर चर्चा की गई। विभिन्न मांगो को लेकर एक मुख्यमंत्री को ज्ञापन रजिस्ट्री द्वारा भेजा है। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुमार वर्मा ने बताया मांगपत्र में ग्राम संदस्यों को पंचायत स्तर पर कार्य कर रहे ग्राम पंचायत सदस्यों का मानदेय सौ रुपये से बढाकर पांच सौ रुपये प्रति बैठक प्रति सदस्य दिए जाने की मांग की है। ग्राम पंचायत के कार्यो की देखरेख करने का अधिकार प्रदान किया जाए, ग्राम पंचायत सदस्यों का मानदेय सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान कराया जाए, और पात्र ग्राम पंचायत सदस्यों को एक प्रधानमंत्री आवास दिए जाने की मांग की गई है।

## टैंकर ने बाइकसवार को मारी टक्कर, बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, चालक फरार

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना भीरा क्षेत्र के लखीमपुर भीरा राज्य मार्ग सोनारीपुर/रडा चौराहे पर रविवार की रात में मोटर साइकिल व टैंकर में जोरदार टक्टर हो गई जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया वही टैंकर ड्राइवर टैंकर छोड़ कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने भीरा पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने टैंकर को अपने कब्जे में लेकर आगे की करवाई शुरू कर दी वही घायल को परिजनों ने अपने निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया। थाना भीरा क्षेत्र की पडरिया तुला चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनारी पुर निवासी सौरभ उर्फ छोटू पुत्र संजय गिरी रविवार रात करीब 7:30 बजे अपने किसी काम से सोनारी पुर/रडा चौराहे पर आए थे तभी लखीमपुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर एन एल 01 के 3358 ने सौरभ की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे टैंकर में बाइक फंस गई और कभी दूर तक घसीटती रही जिससे सौरभ का एक पैर फैक्चर हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस व घायल के घरवालों को सूचना दी मौके पर पहुंचे घायल के परिजनों ने आनन फानन मे निजी वाहन से घायल को लखीमपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया जहां पर घायल का इलाज जारी है।वही हादसे के बाद मौका पाकर आरोपी टैंकर ड्राइवर टैंकर छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पडरिया चौकी पुलिस ने टैंकर को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एसोसिएशन ऑफ स्माल एंड मीडियम न्यूज पेपर्स ऑफ इंडिया लखीमपुर खीरी का हुआ गठन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




पांच जनवरी को एसोसिएशन ऑफ़ स्माल एंड मीडियम न्यूज पेपर्स ऑफ़ इन्डिया की जिला इकाई लखीमपुर खीरी की कार्य कारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमे सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। एसोसिएशन में रमेशचंद्र मिश्र, सत्यदेव श्रीवास्तव, ब संजय गुप्ता को संरक्षक, डा.राकेश कुमार शर्मा को अध्यक्ष, शबाब खान को महामंत्री,राघवेंद्र कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष, रमाशंकर मिश्र को वरिष्ठ उपाध्यक्ष,सुरेश चंद्र शुक्ल और राजेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष, डॉ. रईस अहमद उस्मानी, रमेश चंद्र मिश्र व ब्रह्म ऋषि नागर को जिला मंत्री,तथा विपिन बिहारी बाजपेई को संगठन मंत्री, वी. के. सिंह को प्रचार मंत्री, व्यवस्था समिति में प्रमुख राजेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, जे.पी. मिश्र, मनोज दीक्षित और राज मल्होत्रा को कार्यसमिति का सदस्य राजेंद्र कुमार गुप्ता आदि निर्वाचित हुए। निर्वाचन के बाद एक बैठक हुई जिसमें एसोसिएशन द्वारा दिनांक 19/12/2024 को दिया गए ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए। सूचना निर्देशक लखनऊ को पत्र लिखने हेतु खीरी जिलाधिकारी महोदया को सभी के द्वारा साधुवाद दिया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एसोसिएशन के प्रति व अपने सदस्य साथियों के हित के प्रति हर सम्भव प्रयास करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बैठक को शबाब खान, रमेश चंद्र मिश्र, डॉ. रईस अहमद उस्मानी, राजेंद्र सिंह, संजय गुप्ता और बैठक की अध्यक्षता कर रहे सुरेश चंद्र शुक्ल आदि ने भी संबोधित किया। नई कार्यकारिणी के गठन पर सभी हर्षोलासित हुए।

## मांगें पूरी न किए जाने को लेकर दिव्यांगजन आंदोलित

▸ 15 दिनों में निराकरण न होने पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**




भारतीय दिव्यांग यूनियन ने बैठक कर जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। जिसमें कहा कि यदि 15 दिनों में उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया। तो संगठन अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। भारतीय दिव्यांग यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि 3दिसंबर को अंर्तराष्ट्रीय विश्व दिव्यांग दिवस पर डीएम को संबोधित ज्ञापन भेजा था। जिसके बाद दिव्यांगजनों ने 11दिसंबर को डीएम से मिलकर अपनी समस्या रखी थी। जिस पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया था। साथ ही चार सदस्यीय कमेटी बनाकर दिव्यांगों से संपर्क की बात कही थी। इसके बाबजूद भी दिव्यांगजनों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। यूनियन के पदाधिकारियों ने सोमवार को ब्लॉक परिसर में महासमस्या बैठक कर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए रजिस्टर्ड डाक द्वारा डीएम को ज्ञापन भेजा है। जिसमें उनकी मांग है कि भारतीय दिव्यांग अधिनियम-2016का पालन करना सुनिश्चित किया जाय, पीड़ित व्यक्ति की संबंधित थाना में रिपोर्ट दर्ज करते समय भारतीय दिव्यांग अधिनियम की धाराओं को सम्मिलित किया जाय, गोला तहसील में बनाए गए समस्त अंतोदय राशन कार्डो की जांच कराकर अपात्रों के राशन कार्ड निरस्त किए जाएं। सभी दिव्यांगों का अंतोदय श्रेणी का राशन कार्ड बनाया जाए, ताकि दिव्यांगों का भरण-पोषण हो सके। दिव्यांगों को प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना का लाभ दिया जाय, जिससे वह स्वरोजगार कर अपना जीवन यापन कर सके। गोला में पीडब्लूडी कार्यालय के पास बने कांशीराम आवास कालोनी में खाली पड़े आवासों को प्राथमिकता के आधार पर दिव्यांगों को आवंटित किया जाय, तहसील गोला में मंडी समिति, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, तहसील परिसर, चौराहा, सरकारी संस्थान जैसे स्कूल, बैंक, थाना आदि के फुटपाथ पर दिव्यांगों को रोजगार करने को खोखा रखने की अनुमति प्रदान की जाय। 15 दिनों के अंदर समस्याओं का निराकरण नही कराया गया तो भारतीय दिव्यांग यूनियन अनिश्चितकालीन धरना/प्रदर्शन करने को विवश होगी। बैठक में संजेश कुमार, अमित कुमार, राजेश मौर्य, विजयपाल, सहित तमाम दिव्यांगजन मौजूद थे।

## शराब के नशे में खंती में गिरा व्यक्ति, रात भर पड़े रहने से हुई मौत



**उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत मनोगन्गा में झोपड़ी डाल के रहने बाले छोटेलाल पुत्र राम प्रसाद उम्र लगभग 35 वर्ष की शराब के नशे में मोटरसाइकिल सहित खन्ती में गिर जाने के कारण मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक छोटेलाल कल शाम को लगभग 5 :00 बजे अपने घर से निकला था और शराब के नशे में था। बनकागॉव जाते समय मोड पर बरगद के पेड़ के पास वह बाइक सहित खन्ती में जा गिरा और मोटरसाइकिल उसके ऊपर गिरी जिसके नीचे वह रात भर दबा पड़ा रहा। घर वालों में काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। सुबह कुछ लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस में एंबुलेंस द्वारा उसे सीएचसी पसगवां भेजा जहाँ पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पसगवां पुलिस द्वारा इसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय लखीमपुर भेज दिया गया।

# इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन की लीडरशिप वर्कशाप आयोजित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

▸ सिखाए गए नेतृत्व के गुण, नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का लिया गया संकल्प



अतंरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन (इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन) उत्तर प्रदेश ने नए वर्ष में नए संकल्पों के साथ मैदान में उतरने का आह्वान करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष और लखनऊ उत्तर से विधायक डा. नीरज बोरा, विभिन्न प्रादेशिक एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने आईवीएफ उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्षों एवं महामंत्रियों की प्रशिक्षण कार्यशाला का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।

सीतापुर रोड स्थित बृज की रसोई परिसर में डा नीरज बोरा विधायक की अध्यक्षता, महामंत्री डॉ. अजय गुप्ता के संचालन में संपन्न हुई नव वर्ष की प्रथम बैठक और सर्वथा प्रथम बार आयोजित लीडरशिप वर्कशाप में वर्ष पर्यंत किए जाने वाले कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की रूपरेखा के निर्धारण और संगठन को सशक्त बनाने पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए डा. नीरज बोरा ने कहा कि भारत को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए वैश्य समाज को प्रभावी भूमिका निभाने के साथ सामाजिक सरोकारों और राजनीतिक क्षेत्र में भी सक्रिय सहभागिता और योगदान करना होगा। समाज की मातृ शक्ति को भी आगे लाना होगा, उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने के बाद आने वाले समय में लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ेगी और महिलाओं को आरक्षण भी मिलेगा। ऐसे में वैश्य समाज की महिलाओं को सशक्त बनाने की जिम्मेदारी भी समाज की है। लीडरशिप वर्कशाप में लखीमपुर से आए अवध क्षेत्र के अध्यक्ष राम मोहन गुप्त द्वारा प्रशिक्षक की भूमिका का सफलता पूर्वक निर्वहन किया गया। प्रदेश के विभिन्न जनपदों एवं मंडलों से आए जिलाध्यक्षों, महामंत्रियों एवं अन्य पदाधिकारियों हेतु आयोजित कार्यशाला में लीडरशिप डेवलपमेंट और उस पर आधारित विभिन्न सत्र संपन्न हुए जिनमें प्रशिक्षक एवं अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष राम मोहन गुप्त द्वारा व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व एवं प्रभावी नेतृत्व क्या और कैसे, टीम बिल्डिंग, एकजुटता तथा संगठन के महत्व, प्रदेशाध्यक्ष डा नीरज बोरा द्वारा वर्तमान कार्यशाला के औचित्य, विभिन्न आयोजनों की बारीकियां, वार्षिक कार्य योजना की तैयारी, सामाजिक समरसता और जुड़ाव, सोशल मीडिया जैसे प्लेटफार्म के बेहतर उपयोग आदि विषयों पर रुचिकर एवं सहभागिता पूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन (आईवीएफ) उत्तर प्रदेश में सर्वथा प्रथम बार आयोजित किए गए उपरोक्त प्रशिक्षण में सभी ने बढ़ चढ़ कर सहभागिता की और प्रभावी प्रशिक्षण हेतु सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार की कार्यशाला को प्रादेशिक, क्षेत्रीय तथा जनपदीय स्तर पर आयोजित किए जाने का भी निर्णय लिया गया। उद्घाटन सत्र के दौरान महिला एवं युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष और समापन सत्र में प्रादेशिक इकाई के सलाहकार विधायक रमेश जयसवाल द्वारा सदन को संबोधित किया गया। प्रभावी नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन (आई वी एफ) उत्तर प्रदेश के सलाहकार और विधायक रमेश जायसवाल, महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष डा. मिथलेश अग्रवाल, युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष विशाल जायसवाल, प्रदेश महामंत्री डा. अजय गुप्ता, जितेन्द्र रस्तोगी, नीरज गुप्ता, डा. अनिल गुप्ता, शिवकुमार सोनी, काशी क्षेत्र के अध्यक्ष चंद्रांशु गोयल, ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष इंजी. जगमोहन गुप्ता, अवध क्षेत्र के अध्यक्ष राम मोहन गुप्त, पश्चिम क्षेत्र के अध्यक्ष अमित वार्ष्णेय, गोरखपुर और बुंदेलखंड के प्रभारी गण, 65 जिलाध्यक्ष, महामंत्री सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों के प्रतिनिधि सम्मिलित रहे।

**Information**

I am Sumyya, W/O Barkat Ali, resident of 545 Basan Tola, Tiliyakot district, Raebareli UP 229001, my passport mentions sumaiya and date of birth is 15-04-1984, whereas my correct name is sumyya and date of birth is 12-12-1990. sumaiya in my passport And the date of birth is 15-04-1984, both my sumyya are the same name. My correct name in the passport should be changed to sumyya and date of birth to 12-12-1990.

# सिख गुरुओं का गौरवशाली इतिहास प्रदान कर रहा प्रेरणा : योगी

**श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि सिख गुरुओं का गौरवशाली इतिहास प्रेरणादायी रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह महाराज शहीद पिता के पुत्र हैं और शहीद पुत्रों के पिता भी हैं। गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने देश व धर्म के लिए शहादत दी। गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज उस समय गुरु तेग बहादुर महराज को प्रेरित कर रहे थे कि देश व धर्म पर संकट है, यदि किसी महान आत्मा का बलिदान होगा तो जो विधर्मी हमारे देश व धर्म को नष्ट करते हुए उतावले दिखाई दे रहे हैं, वे बेनकाब होंगे और देश इसके खिलाफ खड़ा होगा। महान बलिदान के लिए आपसे उपयुक्त कौन हो सकता है।

डीएवी कॉलेज में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व में शामिल होते हुए योगी ने समागम में आए बच्चों का कुशलक्षेम जाना और टॉफी-चॉकलेट वितरित किया। उन्होंने कहा कि 26-27 दिसंबर को पूरे देश ने गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चारों साहिबजादों (बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह) के साथ जुड़ते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया और मां गुजरी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

उन्होने कहा कि गुरु तेग बहादुर सिंह ने अपना शीश दिया, लेकिन भारत का



शीश बचा दिया। कश्मीर को बचाया, जो आज भी भारत का हिस्सा है। वजीर खान गुरु गोविंद सिंह के छोटे साहिबजादों (जोरावर सिंह-फतेह सिंह) से कहता है कि इस्लाम स्वीकार कर लो, लेकिन इन लोगों ने कहा कि यह नहीं हो सकता। इस पर उन्हें जीवित ही दीवारों में चुनवा दिया गया। चमकौर युद्ध में बड़े साहिबजादों (बाबा अजीत सिंह व जुझार सिंह) ने शहादत को प्राप्त किया। इस दुख में मां गुजरी देवी का प्राणोत्सर्ग हुआ। योगी ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों से आगे बढ़ते हुए सब कुछ खोने के बाद भी गुरु गोबिंद सिंह ने एक ही बात कही कि चार मुए तो क्या हुआ, जीवित कई हजार... यह मंत्र आज भी पूरे भारत के लिए नई प्रेरणा है। 'सवा लाख से एक लड़ाऊं, तब गुरु गोविंद सिंह नाम कहाऊं...' गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा का यह भाव नई ऊर्जा का संचार और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह महाराज ने जातिभेद, छूआछूत की भावना को सर्वथा समाप्त करने और देश-धर्म को बचाने के लिए खालसा पंथ की स्थापना की। उन्होंने 'सकल जगत में, खालसा पंथ गाजे' का उद्घोष कर देश व धर्म के मार्ग में बाधक उस समय की विधर्मी ताकतों को रास्ते से हटने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं गुरु नानक देव, गुरु अर्जुन देव, गुरु तेगबहादुर, गुरु गोविंद सिंह महाराज तक ने जो परंपरा डाली, उनका गौरवशाली इतिहास प्रेरणा प्रदान कर रहा है। सीएम ने सभी से कहा कि गुरु गोविंद सिंह महाराज के विचित्र नाटक का अध्ययन कीजिए, पता चलेगा कि वे दिव्य महापुरुष थे, जो पूर्व जन्म और उन स्थितियों के बारे में भी अवगत करा रहे हैं, जिन्हें देखकर रोंगटे खड़े होते हैं। उन्होने कहा कि आज का प्रकाश पर्व उसी प्रेरणा का दिवस है, जहां सिख गुरुओं के त्याग, बलिदान व कृतित्व से नई प्रेरणा प्राप्त होती है। लखनऊ का सौभाग्य है कि गुरु तेग बहादुर सिंह महाराज गुरु गोविंद सिंह को बाल्यकाल में लाकर यहियागंज गुरुद्वारे में रुके थे। इतनी ऐतिहासिक परंपरा का संरक्षण करना, उसे बढ़ाकर भावी पीढ़ी को इतिहास से अवगत कराना हमारा दायित्व बनता है।

# कारीगरों और बुनकरों का सम्मान जरूरी : राज्यपाल




**राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश डिजाइन एवं शोध संस्थान, लखनऊ के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को कला एवं शोध को समर्पित उत्तर प्रदेश डिजाइन एवं शोध संस्थान, लखनऊ के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया।

उन्होंने संस्थान द्वारा कला, डिजाइन और शोध के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और इसे प्रदेश के कारीगरों, बुनकरों और हस्तशिल्पियों के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा कारीगरों और बुनकरों को उन्नत तकनीकी और कौशल का प्रशिक्षण देकर उनके उत्पादों में आधुनिकता और पारंपरिकता का समन्वय किया जा रहा है। इससे उनके उत्पादों की बाजार में मांग बढ़ रही है और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। संस्थान ने 'एक जिला-एक उत्पाद', 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना' और अन्य सरकारी योजनाओं के अंतर्गत अब तक 35 जिलों के लगभग 75,000 से अधिक कारीगरों और बुनकरों को प्रशिक्षित किया है। संस्थान निर्धन और जरूरतमंद महिलाओं के लिए विशेष बैच चलाकर उन्हें कार्यात्मक प्रशिक्षण प्रदान करे, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि यह प्रयास समाज के लिए बहुत बड़ा योगदान होगा। राज्यपाल ने क्राफ्टरूट्स संस्था द्वारा हस्तशिल्प कलाओं को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने और टेक्निकल सपोर्ट के लिए आईआईटी, कानपुर के साथ किए गए समझौते की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश के 22 से अधिक राज्यों की लगभग 70 से अधिक हस्तकलाओं एवं कारीगरों के उन्नयन के लिए संस्था कार्य कर रही है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा स्टार्टअप्स को बढ़ावा देकर युवाओं को रोजगार प्रदाता के रूप में तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने हस्तशिल्प के महत्व और कारीगरों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि हस्तशिल्प का कार्य अत्यधिक मेहनत और समय लेने वाला होता है। कारीगर और बुनकर हमारी संस्कृति और कलाओं को पीढ़ी दर पीढ़ी संरक्षित करने का कार्य करते हैं। हाथों से बनी वस्तुएं अमूल्य होती हैं और इन कारीगरों का सम्मान होना चाहिए, क्योंकि वे हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि प्रधानमंत्री मोदी विदेश दौरों के दौरान भारतीय हस्तशिल्प और पारंपरिक वस्तुओं को उपहार स्वरूप भेंट करके उनकी विशेषताओं को दुनिया के सामने प्रस्तुत करते हैं।

## खबरें एक नजर में

### अवैध निर्माण में शामिल एलडीए अवर अभियंता निलंबित

**लखनऊ।** इंदिरा नगर के मानस सिटी के पास अवैध रूप से पॉम पैराडाइज टाइटन की बिल्डिंग निर्माण में नाम आने के बाद अवर अभियंता को निलंबित कर दिया गया है। यह वर्तमान में उप्र विकास प्राधिकरण केंद्रीयत सेवा के अवर अभियंता के पर पर तैनात थे । मामले की जांच के लिए आयुक्त कानपुर मंडल, कानपुर को जांच अधिकारी नामित किया गया है। इस बाबत प्रमुख सचिव आवास गुरू प्रसाद की ओर से निलंबन आदेश जारी किया गया है। उन पर आरोप लगाया गया है कि एलडीए में तैनाती के दौरान उन्होंने अमर अग्रवाल और अन्य, निवासी इंदिरा नगर लखनऊ को खसरा संख्या 288 भूखंड क्षेत्रफल लगभग 25 से 30 बीघा में बिना प्राधिकरण के नक्शे के स्वीकृत कराते हुए पॉम पैराडाइज टाइटन कॉलोनी विकसित किए जाने और अवैध रो हाउस निर्माण कराने में अपने दायित्वों को लेकर उदासीनता बरता है। लिहाजा, उनको निलंबित करते हुए निदेशक आवास बंधु कार्यालय से संबद्ध किया जाता है।

### लखनऊ में हाइवे के किनारे युवक का मिला शव

**लखनऊ।** इंटौजा थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक युवक की लाश मिली है। मृतक की पहचान न होने पर पुलिस ने अज्ञात में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, हर्षा इन्स्टीट्यूट के पास हाइवे के किनारे एक व्यक्ति के मृत अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली। इस पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि एक 28 वर्षीय युवक की लाश पड़ी हुई है। शव करीब 10-12 घण्टा पुराना प्रतीत हो रहा है। शव पर कोई जाहिरा चोट निशान नहीं है। शव के शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। शव का पंचायतनामा कर शिनाख्त के लिए मोर्चरी हाउस में रखवाया गया है। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### बड़ी संख्या में लोगों ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की

**लखनऊ।** आज राष्ट्रीय लोकदल के प्रांतीय कार्यालय में सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए युवा रालोद प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र पटेल ने कहा कि किसानों के एक मात्र नेता चौधरी जयंत सिंह हैं, जिन्होंने सड़क से लेकर सत्ता तक किसानों के हित के लिए संघर्ष किया और आगे भी कभी किसानों के हक और हुकूक की बात आती है तो वह किसानों के अधिकारी की लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा की तरह तैयार रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवध ज़ोन क्षेत्र के अध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल ने की तथा संचालन राम शंकर वर्मा ने किया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्ता ग्रहण की। सदस्ता कार्यक्रम ज़िला अध्यक्ष अयोध्या बलराम यादव के प्रयासों का नतीजा है कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों ने इसका हिस्सा बने। इस अवसर पर सदस्ता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से गंगा राम वर्मा, अनिल वर्मा, सुरजीत वर्मा, राम लाल चौबे, अजित वर्मा, श्याम बिहारी तिवारी, हयात अंसारी, मनोज वर्मा, उमेश वर्मा, अनिल वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, लाल जी यादव, मंजीत तिवारी, राज दीपक वर्मा, राकेश कुमार, वीर बहादुर सिंह, असरफुद्दीन, लालमोहम्मद, राकेश रावत, इजहार अहमद सहित सैकड़ों लोगों ने गंगा राम वर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल की सदस्ता ग्राहण की। इस अवसर पर उपस्थित अम्बुज पटेल,बी एल प्रेमी, विपिन द्विवेदी एवं वरिष्ठ पार्टी जनों ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### पति से कहासुनी के बाद महिला ने लगायी फांसी

**लखनऊ।** बीबीडी के जुग्गौर में पति से कहासुनी के बाद महिला ने फांसी लगा ली। झगड़ा करने के बाद पति बाहर चला गया। वहां से वापस लौटा तो पत्नी फंदे से लटकी मिली। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। बीबीडी के जुग्गौर के रहने वाले अवधेश मजदूरी करते हैं। अवधेश ने बताया रविवार रात पत्नी शिल्पी (40) से घरेलू बात को लेकर कहासुनी हो गई। झगड़े के बाद अवधेश गुस्से में घर से निकलकर चले गए। बेटा अनिरुद्ध और बेटी परी अपने कमरे में सोने चले गए। देर रात बेटा अनमोल नीचे मां के कमरे में गया तो मां शिल्पी पंखे से साड़ी के फंदे के सहारे लटकी हुई थी। इस पर अनिरुद्ध की चीख निकल गई। बच्चे का शोर सुनकर आस-पास के लोग भी आ गए। आनन-फानन में उसे फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर बीबीडी के मुताबिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नगर निगम ने जोन 3 में सड़क पर दुकान लगाने वाले वेंडरों पर की कार्रवाई

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सड़क पर अवैध रूप से दुकान लगाने वाले वेंडरों के खिलाफनगर निगम ने अभियान चलाया। जोन-3 के टेढ़ी पुलिया से सृष्टि अपार्टमेंट तक चलाए गए अभियान में कई वेंडरों के खिलाफकार्रवाई हुई है। इस दौरान सड़क पर कंबल बेंच रहे लोगों को हटाया गया है। अभियान के दौरान 500 रुपए से लेकर 2 हजार रुपए तक की वसूली की गई है। इस मौके पर अवैध रूप से दुकान लगाने वाले लोगों के खिलाफकार्रवाई की चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान कुल 5,600 रुपए की वसूली की गई है। नगर निगम के जोनल अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री का कहना है कि अभियान के दौरान कई दुकानदार मौके से भाग गए। इस दौरान कई लोगों के खिलाफचालान किया गया है। कर अधीक्षक सभाजीत सिंह और लिपिक राजीव की टीम ने कार्रवाई की थी। इसके लिए गुडंबा थाना पुलिस को कार्रवाई के लिए भी पत्र लिखा गया।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी एआई संवर्धित शिक्षा करेगी प्रदान

**उत्तर प्रदेश अगले पांच वर्षों में एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर : योगेंद्र उपाध्याय**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (सीयू) द्वारा उत्तर प्रदेश के लखनऊ राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) के उन्नाव में अपनी तरह का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सक्षम अगली पीढ़ी का भविष्योन्मुखी कैंपस स्थापित करेगी ताकि 21वीं सदी के छात्रों की बदलती मांगों को पूरा करने के लिए एआई द्वारा संवर्धित बहु-विषयक शिक्षा प्रदान की जा सके।

यह जानकारी पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में साझा की गई, जहां उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने राज्यसभा सांसद और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू, कैपजेमिनी के कार्यकारी उपाध्यक्ष मुकेश जैन, सीयू की प्रो-चांसलर प्रोफेसर हिमानी सूद और सीयू के प्रबंध निदेशक जय इंदर सिंह संधू की उपस्थिति में 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ वेब पोर्टल और प्रॉस्पेक्टस लॉन्च किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश के विकास के लिए एक प्रमुख विकास इंजन बन गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अगले पांच वर्षों में 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है क्योंकि राज्य का सकल घरेलू उत्पाद मार्च 2025 तक 32 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जो इसे भारत में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करेगा और 1.5 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगा। पिछले सात वर्षों में, डबल इंजन सरकार के कारण राज्य की अर्थव्यवस्था, जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले सात वर्षों में 16 नई यूनिवर्सिटियों और वंचित क्षेत्रों में 250 से अधिक कॉलेजों की स्थापना के साथ उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा में एक शैक्षिक केंद्र बन रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने उत्तर प्रदेश में अपना एआई सक्षम परिसर स्थापित किया है। उत्तर प्रदेश में एआई एकीकृत विश्वविद्यालय शुरू करने का समय इससे बेहतर नहीं हो सकता था क्योंकि राज्य सरकार पहले से ही लखनऊ में 70 एकड़ से अधिक क्षेत्र में भारत का पहला एआई शहर स्थापित कर रही है।

# बीआईएस ने मनाया 78वां स्थापना दिवस




समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), लखनऊ ब्रांच ऑफिस ने सोमवार को होटल हयात रीजेंसी में धूमधाम से अपना 78वाँ स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में उद्योग जगत, शिक्षाविदों, उपभोक्ता संगठनों और मीडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बीआईएस की उपलब्धियों का उत्सव मनाना और भविष्य की पहलों पर चर्चा करना था।

लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने कहा कि बीआईएस की भूमिका केवल उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उद्योगों और उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पाद तैयार करने में भी मदद करता है। जिला प्रशासन बीआईएस के जागरूकता अभियानों का समर्थन करता है और इन्हें ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों तक ले जाने में पूरा सहयोग प्रदान करेगा। मैं बीआईएस के प्रयासों की सराहना करता हूँ, जो पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास लक्ष्यों को बढ़ावा देने के लिए भी सक्रिय रूप से काम कर रहा है। कार्यक्रम का समापन बीआईएस की उपलब्धियों की सराहना और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा के साथ हुआ। बीआईएस ने अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि वह न केवल उपभोक्ता विश्वास को सशक्त बनाएगा, बल्कि उद्योग जगत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए निरंतर प्रयास करेगा।

**बीआईएस का योगदान अतुलनीय : ब्रजेश पाठक**

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि बीआईएस ने पिछले 78 वर्षों में देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मानकों के निर्माण और उनके अनुपालन ने न केवल उपभोक्ता विश्वास को बढ़ाया है बल्कि उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में खड़ा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के विज़न को साकार करने में बीआईएस का योगदान अतुलनीय है। मैं उद्योग जगत से आग्रह करता हूँ कि वे अपने उत्पादों की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए बीआईएस के मानकों का पूरी तरह पालन करें। यह न केवल उत्पादों की विश्वसनीयता बढ़ाएगा बल्कि भारतीय उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक नई पहचान देगा।

# ऑनलाइन प्लेटफार्म पर भी जल्द मिलेगी महिलाओं के हुनर को पहचान : डॉ. अनिल

**सर्वाधिक बिक्री करने वाले स्वयं सहायता समूह हुए पुरस्कृत**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



सांझा उत्सव ने स्वयं सहायता समूह के महिलाओं के हुनर को व्यापक स्तर पर पहचान देने का काम किया है। आगे भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से महिलाओं के कौशल को मुकाम देने का प्रयास जारी रहेगा। साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली महिलाओं के असाधारण कौशल का उत्सव है सांझा उत्सव। ये बातें सांझा उत्सव के समापन अवसर बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन क्रियान्वयन विभाग/निदेशक सूडा, डॉ. अनिल कुमार ने कही।

बतौर मुख्य अतिथि एसएचजी मेले के समापन अवसर पर सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन क्रियान्वयन विभाग/निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि समाज में संतुलन स्थापित करने के लिए महिलाओं को अधिक से अधिक अवसर देने की आवश्यकता है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को न सिर्फ काम करने का अवसर मिल रहा है बल्कि उनको समाज सम्मान व पहचान भी मिल रही है। सांझा उत्सव भी एक ऐसा ही प्रयास है। जिससे स्वयं सहायता समूहों में काम करने वाली महिलाओं को एक मंच देने का काम किया है। जल्द ही महिलाओं के हुनर को विस्तृत बाजार देने के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाएगा।

निदेशक सूडा ने आगे कहा कि आज स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अमृत मित्र योजना तथा शक्ति रसोई आदि के सफल संचालन का कार्य किया जा रहा है। मातृशक्ति ने प्रत्येक क्षेत्र में अपनी कार्य दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। कार्यक्रम के समापन के अवसर प्रदेश भर से आए स्वयं सहायता समूहों में सबसे अधिक बिक्री करने वाले तीन एसएचजी को पुरस्कार भी वितरित किया।

# भ्रष्टाचार व संगठित लूट भाजपा सरकार का नया परिचय : अखिलेश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर कमीशनखोरी का आरोप लगाते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि भाजपा सरकार का नया परिचय भ्रष्टाचार और संगठित लूट हो गया है।

पार्टी के राज्य मुख्यालय में उत्तर प्रदेश सहित झारखण्ड, आन्ध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान से आये पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में बड़े पैमाने पर कमीशनखोरी हो रही है। भ्रष्टाचार चरम पर है। हर स्तर पर लूट है। भाजपा सरकार में हर पद और हर पोजीशन की रेट तय है। हर विभाग में भ्रष्टाचार हो रहा है। ऐसा कोई विभाग नहीं है, जहां लूट नहीं हो रही है।

भाजपा वोटर लिस्ट में हेराफेरी कर पीडीए का वोट कटवा कर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की साजिश करती है। धांधली और षड्यंत्र कर चुनाव जीतना चाहती है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने गांवों और किसानों की उपेक्षा की। गांवों के लिए कोई काम नहीं किया।

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2016 में अपने लोकसभा क्षेत्र वाराणसी के नागेपुर गांव को गोद लिया था लेकिन उस गांव का कोई विकास नहीं हुआ। दोबारा उस गांव की सुध भी नहीं ली गई।

श्री यादव ने नेताओं, कार्यकर्ताओं से कहा कि वे सब भाजपा की साजिशों को विफल करने का संकल्प लेकर जायें। बूथ को मजबूत करना है और वोटरलिस्ट पर पूरी नज़र रखकर उसे ठीक कराना है। कार्यकर्ता सतर्क रहेंगे तो भाजपा धांधली नहीं कर पाएगी। 2027 का विधानसभा चुनाव हमें हर हालत में राज्य के हित में जीतना है।

### घने कोहरे से किसान पथ पर ट्रक डीसीएम में टक्कर

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार की सुबह घने कोहरे के कारण तेज रफ्तार आ रही ट्रक और डीसीएम में आमने सामने की टक्कर हो गयी।



सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के किसान पथ पर वाहनों के भीषण टक्कर से उसमें सवार ड्राइवर और क्लीनर बुरी तरह से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। मौके से वाहनों का मलबा हटाने का कार्य पूरा कराया गया है। किसान पथ के दूसरी ओर से वाहनों का आवागमन बाधित था, जिसे भी करीब दो घंटे के भीतर व्यवस्थित कराया गया है।

**निर्देश** | **मनरेगा श्रमिकों का बीओसीडब्ल्यू बोर्ड में पंजीकरण जरूरी, अब तक 1.29 लाख श्रमिक पंजीकृत**

# बोर्ड की योजनाओं से श्रमिकों को मिलेगा सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा का लाभ

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि मनरेगा श्रमिकों का उत्तर प्रदेश बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वेलफेयर बोर्ड (बीओसीडब्ल्यू) पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण हो। इससे कई भी श्रमिक बीओसीडब्ल्यू बोर्ड की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें।

योगी सरकार का यह कदम न केवल श्रमिकों को योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने में सहायक है, बल्कि उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में भी एक महत्त्वपूर्ण प्रयास है। इस दिशा में मनरेगा योजना के अंतर्गत जॉब कार्ड धारकों को पोर्टल पर पंजीकरण कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम्य विकास मुख्यालय स्तर से जनपदों के अधिकारियों को पंजीकरण के कार्य को तेज गति से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही इसी बकायदा मॉनिटरिंग भी की जा रही है। आंकड़ों पर नजर डालें तो प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 1.29 लाख से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण कराया जा चुका है। शेष श्रमिकों का पंजीकरण शीघ्र कराने के लिए अधिकारी सक्रिय रूप से कार्यरत हैं।

**श्रमिक पंजीकरण प्रक्रिया की हो रही नियमित समीक्षा**

श्रमिक पंजीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी साधनों का उपयोग किया जा रहा है। सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए हैं कि श्रमिकों के पंजीकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। साथ ही, नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से प्रगति की निगरानी की जा रही है। बीओसीडब्ल्यू बोर्ड के तहत चलाई जा रही योजनाएं श्रमिकों और उनके परिवारों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाई गई हैं। इनमें मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना शामिल है, जो महिलाओं और बालिकाओं को स्वास्थ्य और आर्थिक सहायता प्रदान करती है। कन्या विवाह सहायता योजना गरीब श्रमिक परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक मदद प्रदान करती है। संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करती है, जबकि अटल आवासीय विद्यालय योजना उन्हें बेहतर शिक्षा और आवासीय सुविधा प्रदान करती है। निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना दुर्घटनाओं की स्थिति में आर्थिक सहायता प्रदान करती है। महात्मा गांधी पेंशन योजना आर्थिक रूप से कमजोर श्रमिकों को नियमित पेंशन सुविधा प्रदान करती है। आपदा राहत सहायता योजना प्राकृतिक आपदाओं में श्रमिकों को राहत प्रदान करती है और गंभीर बीमारी सहायता योजना श्रमिकों को इलाज के लिए वित्तीय सहायता देती है। इसके अतिरिक्त, पंडित दीनदयाल उपाध्याय चेतना योजना श्रमिकों के सशक्तिकरण और कल्याण के लिए विशेष सहायता प्रदान करती है।

**श्रमिकों की सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित कर रही योगी सरकार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में उत्तर प्रदेश सरकार श्रमिकों की भलाई के लिए ठोस कदम उठा रही है। यह पहल न केवल श्रमिकों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगी, बल्कि उनके जीवन को भी सरल और सम्मानजनक बनाएगी। श्रमिक पंजीकरण और योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने की यह रणनीति प्रदेश में समग्र विकास और समृद्धि की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# एनसीसी साइकिलिंग अभियान लखनऊ से रवाना

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

संग्राम 1857 एनसीसी साइकिलिंग अभियान को 6 जनवरी 25 की सुबह में लखनऊ से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मध्य कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने 15-सदस्यीय अभियान दल के साथ साइकिल चलाकर उन्हें अगले गंतव्य के लिए लखनऊ सीमा पर विदा किया। यह अभियान 17 दिनों में कुल 2000 किलोमीटर की दूरी तय करेगा, जो कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की स्मृति में यूपी एनसीसी निदेशालय द्वारा आयोजित किया गया है।

अभियान दल में टीम लीडर, आगरा एनसीसी ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एनएस चारग शामिल हैं। इस अभियान में यूपी एनसीसी निदेशालय के एनसीसी कैडेट शामिल हैं, जिनमें पांच बालिका कैडेट हैं।



यह अभियान 4 जनवरी 2025 को लखनऊ पहुंचा, जहां इसे लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया था। 1 जनवरी 2025 को मेरठ से शुरू हुआ यह अभियान, 1857 के सभी प्रमुख युद्धक्षेत्रों और विद्रोह के महत्वपूर्ण स्थानों से होकर गुजरेगा। आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने इस पहल के लिए यूपी एनसीसी निदेशालय और अभियान दल की फिटनेस, समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना की। यह अभियान दल आनेवाले दिनों में यूपी के विभिन्न स्थानों से होकर गुजरेगा और अंततः नई दिल्ली में प्रधानमंत्री की एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2025 की रैली के दौरान समाप्त होगा, जहां इसे प्रधान मंत्री द्वारा स्वागत किया जायगा।

# लघुशंका गई बालिका पर तेंदुए ने किया हमला

**▸ कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग से सटे गांवों में बढ़ गए हैं तेंदुए के हमले**



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जिले के रमपुरवा बनकटी गांव निवासी बालिका को उसकी मां सोमवार सुबह लघुशंका के लिए घर के बाहर ले गई।

तभी तेंदुए ने बालिका पर हमला कर घायल कर दिया। बालिका को एंबुलेंस कर्मियों ने प्राथमिक उपचार कर सीएचसी रेफर कर दिया गया। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग से सटे गांवों में तेंदुओं के हमले बढ़ गए हैं। सुजौली रेंज के ग्राम रमपुरवा बनकटी गांव निवासी सुंदरी (8) पुत्री कृष्णा नंदन मां के साथ सो रही थी। सोमवार सुबह बालिका लघुशंका के लिए मां के साथ घर के बाहर गई।

इस बीच फूस के मकान के पास बैठे तेंदुआ ने बालिका के हाथ को दबोच लिया। मां के शोर मचाने पर तेंदुआ उसे छोड़कर जंगल की ओर चला गया। परिवार के लोग बालिका को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजौली ले गए।

यहां पर न डॉक्टर मिले और न ही फार्मासिस्ट। जिस पर एंबुलेंस कर्मियों ने प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद उसे सीएचसी मोतीपुर पहुंचाकर भर्ती कराया। प्रभागीय वनाधिकारी बी शिवशंकर ने बताया कि एक बच्ची पर तेंदुए ने हमला किया है बच्ची की हालत खतरे से बाहर है। तेंदुआ जंगल की तरफ भाग गया है उसकी तलाश की जा रही है लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

**मां बोली, गनीमत रही उसने मुझपर नहीं किया हमला**



मां विमला ने बताया कि मेरी बेटी पर तेंदुए ने बुरी तरह से हमला किया है। कई जगह उसे गंभीर चोट आई है गर्दन और सीने पर गंभीर घाव हैं। मैंने तेंदुए के चंगुल से किसी तरह बेटी को अपनी तरफ खींचा। गनीमत रही उसने मुझ पर हमला नहीं किया नहीं तो हम दोनों की जान नहीं बच पाती।

**24 घंटे में हुए दो हमले**

जंगल से सटे गांवों में तेंदुए ने 24 घंटे में दो हमले किए हैं। रविवार शाम को कोतवाली मुर्तिहा के ग्राम धर्मापुर निवासी श्रीचंद (35) पर तेंदुए ने हमला किया। वहीं सोमवार सुबह बालिका पर हमला कर घायल कर दिया। इससे लोगों में भय के साथ नाराजगी है।

## ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से चालक की मौत

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र मे बाल पुर जाट के समीप एक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई जिस के नीचे दबकर चालक की मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बाल पुर जाट निवासी 45 वर्षीय राम बाबू पुत्र राम सुंदर की ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से मौत हो गई। मृतक के पुत्र सत्यम सिंह ने बताया कि उस के पिता देर शाम को ट्रैक्टर ट्राली घर ले कर आ रहे थे। अचानक गांव के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिस के नीचे दब गए। उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया गया। चिकित्सक ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। उस ने बताया कि उस के पिता बिजली विभाग में प्राइवेट लाइन मैन का काम करते थे।

## आपत्तिजनक फोटो वीडियो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

**▸ प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात ने आरोपी मोहम्मद सैफ को गिरफ्तार कर किया न्यायालय रवाना**

जनपद के थाना कोतवाली देहात अन्तर्गत एक ग्राम निवासी लड़की की आपत्तिजनक वीडियो विशेष समुदाय के आरोपियों द्वारा वायरल करने के मामले में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात संजय सिंह ने त्वरित कार्यवाही की है।

वादी पक्ष ने लिखित तहरीर दी थी की उसकी नाबालिग लड़की का फोटो व विडियो का स्क्रीनशॉट वायरल किया है।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात संजय सिंह ने एक आरोपी मोहम्मद सैफ को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया है। इस सम्बन्ध कोतवाल देहात ने बताया कि छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकत करना, वीडियो काल की स्क्रीनशॉट लेकर अलग अलग नामों से इंस्टाग्राम आईडी बना कर वीडियो,फोटो वायरल करना तथा जान माल की धमकी देने के सम्बन्ध में मुकदमा अपराध संख्या 003/2025 पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज़ कर विवेचना हो रही है एक आरोपी की तलाश जारी है।

# महाप्रबंधक ने कृषक गोष्ठी में किसानों को बसन्त कालीन गन्ना बुवाई के लिए दिया सुझाव

गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़।



जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह व वरिष्ठ महाप्रबंधन (गन्ना) डॉ. ए.के. त्रिपाठी ने सोहास ग्राम सभा में आयोजित कृषक गोष्ठी में किसानों को बसन्त कालीन गन्ना बुवाई हेतु आवश्यक सुझाव दिया।

उन्होंने किसान बंधुओ से अपील किया कि बसंत कालीन गन्ना बुआई के लिए अभी से उन्नतिशील गन्ना बीज जैसे को. 0118, को. 15023, कोलख. 14201, को. 98014, 8273 आदि बीज के प्लाट आरक्षित करने पर जोर दिया।

जिला गन्ना अधिकारी ने लाल सड़न रोग से प्रभावित गन्ने की फसल से लाल सड़न रोग के उन्मूलन, गन्ना किस्म को. 0238 के शत प्रतिशत विस्थापन हेतु भी सुझाव दिया। वहीं वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) श्री त्रिपाठी ने किसान भाइयों से बसंत कालीन गन्ना बुवाई के निर्धारित लक्ष्यों को शत प्रतिशत पूरा करने की अपील किया। इस मौके पर महाप्रबंधक गन्ना और जिला गन्ना अधिकारी ने हडहवा गांव में कृषक बाबूराम के शरद कालीन बुवाई सहफसल गन्ना व आलू, गन्ना व फूलगोभी, गन्ना व मटर के प्लांट का भी निरीक्षण किया और किसानों को आवश्यक सुझाव दिया।

इस मौके पर वरिष्ठ गन्ना अधिकारी रमेश प्रताप सिंह ने भी कृषकों को गन्ना विकास से संबंधित जरूरी जानकारियां दीं।



## भगवान श्रीराम का दर्शन करने से ही मिलती है जीवन में सफलताः अटल जी महराज

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** आवास विकास स्थित दुर्गा पार्क पर नववर्ष के उपलक्ष में नव दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया गया। जिसमें आज कथा के छठवें दिन भगवान श्रीराम का विवाह की कथा होगी। और रविवार को पांचवें दिन कथा व्यास श्रद्धेय अटल महाराज ने कहा कि परमात्मा श्रीराम का दर्शन करने से मनुष्य का जीवन सफल होता है।और उन्होंने ये बताया कि भगवान शिव श्री राम का दर्शन करने के लिए अवध आयें। इसी में मानव जीवन की सफलता है। और कथा के माध्यम से भजनों का भी वर्णन किया, जिसमें भक्तों ने खूब झूमा। कथा के समापन पर आरती हुई और प्रसाद वितरण हुआ। ये कार्यक्रम सनातन प्रतिष्ठा जागरण मंच के तत्वाधान में किया जा रहा है जिसमें मुख्य यजमान हनुमान जी महाराज स्वयं है। कथा के दौरान कार्यक्रम के संयोजक पंडित मनमोहन शास्त्री , दुर्गा प्रसाद गुप्ता, अनूप कुमार कुशवाहा, बीनू कुशवाहा,अंतरिक्ष पांडे,राजू ओझा, सभाजीत तिवारी ,धर्मपाल तिवारी, डॉ मनोज मिश्रा ,रणविजय सिंह ,किसलय तिवारी, कृष्णा कली कुशवाहा, सूरजमुखी सिंह, सीता गुप्ता ,सुनीता गुप्ता, संध्या यादव,पूनम मिश्रा, रश्मि पांडेय,रेनू ओझा,वृज कुमारी मिश्रा सहित भक्त मौजूद रहे।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 370 मरीजों का हुआ उपचार

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 370 मरीजों का उपचार किया गया, सभी मरीजों को निशुल्क, दवाएं, जांच मुफ्त प्रदान की गयी।

नव वर्ष के शुभ अवसर के उपलक्ष्य पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक व जी बी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. अरविन्द सिंह ने जरवल क़स्बा के ग्राम पंचायत धनराज पुर मोड़ चौराहे पर एक निशुल्क चिकित्सा कैम्प लगा कर सैकड़ो मरीजों को निशुल्क उपचार किया। कैम्प मे लगभग 370 महिला पुरुष, व बच्चों को जाँच सलाह, व दवाएं मुफ्त प्रदान की गयी डॉ. अरविन्द सिंह द्वारा तमाम जगहों पर इस तरह के निशुल्क कैम्प लगा कर लोगों का मुफ्त इलाज कर रहे है उनके द्वारा किये जा रहे इस कार्य के लिए क्षेत्र के तमाम लोगों ने उनका आभार जताया व बेहतर कार्य के लिए शुभकामनायें दी।इस स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में दिए गए योगदान के लिए भाजपा के पदाधिकारियो और सम्मानित कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा,मण्डल अध्यक्ष मुकेश जायसवाल,रामपाल चौधरी,उत्तम वर्मा बेनी माधव, दिनेश सिंह,गौरव,डॉ अनिल वर्मा डॉ रुकसान ख़ान डॉ शिवानी डॉ अमरेश राजपूत शिवम वर्मा चंदन सिंह लैब टेक्नीशियन मनोज यादव शिव गोविंद यादव सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### छह चौकी प्रभारी सहित दो उपनिरीक्षक का हुआ स्थानन्तरण

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने छह चौकी प्रभारी सहित दो उपनिरीक्षक का स्थानन्तरण कर दिया। दुर्गविजय सिंह को पुलिस लाइन से बाल पुर चौकी प्रभारी बनाया है। नागेश्वर पटेल को चौकी बाल पुर से हटा कर एस सी पी एम चौकी प्रभारी बनाया है। बलराम सिंह को चौकी प्रभारी एस सी पी एम से हटा कर नगर कोतवाली भेजा है। मनीष कुमार को चौकी प्रभारी सद्भावना से हटा कर महराज गंज चौकी प्रभारी की कमान दी है। महराज गंज चौकी प्रभारी रहे दिनेश राय को हटा कर सद्भावना का चौकी प्रभारी बनाया है। मनका पुर कस्बा के चौकी प्रभारी रहे सुरेश कुमार को हटा कर पांडेय बाजार चौकी प्रभारी नगर कोतवाली का बनाया है चौकी प्रभारी रहे पांडेय बाजार के बृजेश कुमार गुप्ता को इटिया थोक थाने का वाचक उपनिरीक्षक बनाया हैं। सुनील कुमार सिंह को कौड़िया थाना से हटा कर दुबहा बाजार चौकी प्रभारी थाना कौड़िया का बनाया है।

### अज्ञात शव की हुई पहचान

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के बहराइच मार्ग स्थित जानकी नगर में एक समोसा के दुकान के निकट सड़क के किनारे तीन दिन पहले एक अज्ञात शव मिला था। जिस की पहचान नही हो पाई थी। नगर पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर मेडिकल कालेज के मर्चरी में रखा दिया था। शव मिलने की खबर सोशल मीडिया और अखबारों में छपी थी। खबर वायरल होने पर अलीगढ़ जनपद के पिशहवा निवासी दिनेश कुमार ने आकर शव की पहचान किया। उस ने बताया कि उस के पिता गंगाधर सिंह का शव है।

### साइबर ठग ने छात्रा से ठगे 45 हजार रूपये

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली में तहरीर देकर सोनाली शुक्ला ने मुकदमा लिखाया है कि उस के मोबाइल पर एक फोन आया। जिस में उस ने कहा कि तुम्हारे पिता ने पैसा भेजने को कहा है। इस पर उस ठग ने मेरे मोबाइल पर पैसे का मैसेज भेजा। एक बार 20 हजार फिर 50 हजार और 55 हजार रुपये का मैसेज भेजा। थोड़ी देर बाद उस मोबाइल से फिर फोन आया कि हमने आप को ज्यादा पैसा भेज दिया। इस पर पैसा वापस करने को कहा। इस पर मैन दो बार मे 45 हजार रुपये वापस भेज दिया। भेजने पर दिलीप कुमार का नाम दिखा रहा है। नगर कोतवाली में तहरीर पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### भाई की जमीन पर सगे भाई ने की हेरा-फेरी

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के जय नगरा इंदिरा पुर निवासी मंगल राम पुत्र जोखू ने पुलिस अधीक्षक को पार्थना पत्र देकर शिकायत किया है कि बहमी बटवारा से अपने हिस्से की जमीन पर खेती करता था। आर्थिक तंगी की वजह अपने हिस्से की जमीन को एग्रीमेन्ट पूजा पत्नी ज्ञानेंद्र निवासी इमलिया गुरुदयाल को कर दिया था। उस के सगे भाई राम प्रकाश और राम प्रताप ने अपने हिस्से की जमीन के साथ ही उस के हिस्से की जमीन का भी हेरा फेरी कर के किसी दूसरे को एग्रीमेंट कर दिया। इसी पर मुकदमा लिखाने की मांग किया है।

### अधिवक्ता को दी फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के राधा कुंड निवासी अधिवक्ता विवेक कुमार पांडेय पुत्र शिव बहादुर पांडेय ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है कि वह पेशी से विधि व्यवसाय है।घर के सहन दरवाजे के पास उस के बच्चे खेलते है। वही के निवासी माया सहित तीन महिलाओं ने पहुँच कर बच्चों के साथ अभद्रता किया। मना करने पर मुकदमे में फसाने की धमकी दिया। पीड़ित अधिवक्ता विवेक कुमार ने माया, सोनी व सुदरपति के खिलाफ में एस पी से कारवाही करने की मांग किया है।

# डबल डेकर बस ने ई रिक्शा में मारी टक्कर, आठ घायल

**महिला की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर पुलिस ने बस को कब्जे में लिया**

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



जनपद के इमामगंज नहर पुलिया के निकट सोमवार को डबल डेकर बस ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे बस में बैठे आठ यात्री घायल हो गए। महिला यात्री की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। खैरीघाट थाना अंतर्गत इमामगंज बरदहा मोड पेट्रोल पंप के पास सोमवार दोपहर में डबल डेकर बस संख्या यूपी 15 टी 0306 ने ई रिक्शा को पीछे से ठोकर मार दी। ई रिक्शा और डबल डेकर बस दोनों ही नानपारा से महसी की तरफ जा रहे थे। हादसे में ई रिक्शा में बैठे शाहिद अली (40) पुत्र आशिक अली वर्ष, खैरुल्ल (38) पत्नी शाहिद अली निवासी मिठवा थाना राम गांव ,गुड़िया (42) पत्नी इस्लाम, सानिया (22) पुत्री इस्लाम निवासी सोहबतिया कोतवाली नानपारा खातूना, असलम (50) निवासी बरदहा कला खैरीघाट व ई रिक्शा चालक अजमेर अली पुत्र इकराम निवासी अलीनगर कला घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर पहुंचाया। जहां गुड़िया की हालत ज्यादा खराब होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि बस को कब्जे में ले लिया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सफाईकर्मी की नियुक्ति नही गंदगी से बेहाल ग्रामीण

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

**▸ ग्राम प्रधान ने बताया कि विकासखंड की बैठकों में बार-बार उठाया गया मुद्दा**

ग्राम पंचायत वैरी महेशपुर में चार वर्ष से सफाई कर्मी की नियुक्ति नहीं हुई है। जिसके चलते चारो तरफ गंदगी फैली हुई है। ग्रामीणों ने डीपीआरओ को शिकायती पत्र भेजकर गांव में सफाई कर्मी के नियुक्ति की मांग की है। विकास खंड कैसरगंज की ग्राम पंचायत वैरीमहेशपुर में चार वर्षों से सफाईकर्मी की नियुक्ति न होने से पांच हजार की आबादी परेशान है। स्वास्थ्य उपकेंद्र, तीन प्राथमिक विद्यालय, एक उच्च प्राथमिक विद्यालय और पंचायत भवन के साथ न्याय पंचायत का दर्जा प्राप्त इस गांव में सफाई व्यवस्था बदहाल है। सफाईकर्मी न होने से नालियां जाम हैं और सड़कों पर गंदा पानी बह रहा है। गंदगी और बदबू से ग्रामीणों का जीवन कठिन हो गया है। स्थानीय निवासियों ने कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्राम प्रधान इस्लामुद्दीन ने बताया कि विकासखंड की बैठकों में बार-बार यह मुद्दा उठाया गया, लेकिन सफाईकर्मी की नियुक्ति अब तक नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नियुक्ति की मांग की है।

## आज पहुंचेगी कलश यात्रा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़** शांतिकुंज, हरिद्वार से 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ बहराइच हेतु पूजित कलश के साथ दिव्य यात्रा का शुभ आगमन मंगलवार को दोपहर 12 बजे बस स्टॉप तिराहा, जरवल रोड पर होगा। गायत्री परिवार द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। गायत्री परिवार ट्रस्ट के प्रबंधक ओम प्रकाश अवस्थी ने सभी श्रद्धालुओं से विनम्र अनुरोध किया है कि वे अपनी उपस्थिति देकर इस पुण्य अवसर को सफल बनाएं और इस कार्यक्रम का हिस्सा बनें।



## परशुराम सेना प्रकोष्ठ का विधानसभा महसी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** ग्राम रेहुवा मंसूर में परशुराम सेवा संस्थान का विधान सभा महसी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ तिवारी एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष पंडित चन्द्र भूषण द्विवेदी, प्रदेश संगठन मंत्री स्नेह शुक्ला ,जिलाध्यक्ष भानू पांडेय,मंडल महामंत्री प्रदीप शुक्ला, जिला प्रभारी दिलीप मिश्रा, जिला संयोजक विस्वरूप मिश्र जिला सचिव विजय तिवारी अमित पाण्डेय, नगर उपाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी, कैसरगंज विधानसभा अध्यक्ष पंकज मिश्रा, महसी विधानसभा अध्यक्ष ललित नारायण तिवारी, आशुतोष शुक्ला, मंडल प्रवक्ता रोहित दीक्षित, विधानसभा संरक्षक प्रभु डायल अवस्थी, इंद्रेश मिश्रा, कमलेश शुक्ला, आयुष पाण्डेय, अमित पाण्डेय, आनंद सागर मिश्रा आदि कई जिला ,विधानसभा एवं तहसील के पदाधिकारियों के साथ साथ सैकड़ों की संख्या में ब्राह्मण बंधु मौजूद रहे।

# अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम सीज

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



नगर पंचायत मिहीपुरवा में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम को तहसीलदार की अगुवाई में पहुंची टीम ने सीज कर दिया है। इससे नगर क्षेत्र में संचालित अन्य अवैध नर्सिंग होम संचालकों में हड़कंप मच गया है। जिले के नगर पंचायत मिहीपुरवा में सत्या नर्सिंग होम का संचालन होता है। इस अस्पताल में लगभग 4 माह पूर्व मिहींपुरवा नगर पंचायत के नयापुरवा निवासी एक महिला की प्रसव में लापरवाही के कारण मौत हो गयी थी। जिसको संज्ञान में लेते हुए सीएमओ संजय कुमार नें पत्र जारी करते हुए अवैध संचालित उपरोक्त हॉस्पिटल के स्पष्टीकरण तलब किया था। लेकिन हॉस्पिटल द्वारा उचित जबाव व जरूरी दस्तावेज न उपलब्ध करा पाने के कारण डिप्टी सीएमओ अनुराग वर्मा को नोडल अधिकारी नयुक्त कर हॉस्पिटल पर कार्यवाही के निर्देश दिया गया।

लेकिन पुनः हॉस्पिटल संचालक को 7 दिवस का और मौका देते हुए जरूरी दस्तावेज के साथ उपस्थित होने का नोटिस दिया।लेकिन उसके बाद भी कोई उपयुक्त दस्तावेज न होने के कारण सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर मनु शर्मा की देख रेख में मिहींपुरवा में झोला छाप के नोडल डॉ. आर पी सिंह व तहसीलदार अम्बिका चौधरी नें हॉस्पिटल सीज कर दिया है। इस दौरान बीसीपीएम राधेश्याम समेत अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# जिले में हुआ ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का आयोजन

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



जिले के मिहींपुरवा क्षेत्र में स्थित एसपीवीपी इंटर कॉलेज सेमरहना के खेल प्रांगण में खंड स्तरीय ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का आयोजन युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि तहसीलदार मिहींपुरवा अंबिका चौधरी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र के युवा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत रहे हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत तहसीलदार ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन किया। 100 मीटर की बालिका दौड़ में प्रतिभा राजभर प्रथम द्वितीय अनुष्का मौर्य रही। अन्य खेलों में 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर, 800 मीटर दौड़, कबड्डी, लंबी कूद, गोला फेक, भाला फेंक आदि खेलों में बालक तथा बालिकाओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वॉलीबॉल में सेंगवा की टीम विजेता तथा मनगौडिया उपविजेता हुई। कबड्डी जूनियर वर्ग में एसपीवीपी इंटर कॉलेज विजई रहा। कार्यक्रम के आयोजक क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शैलेश मिश्रा ने बताया कि यहां से विजेता खिलाड़ियों को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभा करने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम को संपन्न कराने में एसपीवीपी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य दुर्गेश कुमार, शिक्षक उपेंद्र दीक्षित, अवधेश जायसवाल ,अमरेंद्र कुमार, शिवकुमार आदि की मुख्य भूमिका रही। विजय खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि के हाथों से मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पीआरडी कमांडर शौकत खान, अमरजीत सहित सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।

# सौ डेज टीबी कैंपेन की समीक्षा के लिए डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

**▸ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार शर्मा ने बताया कि अब तक 18126 मरीजों की हो चुकी है स्क्रीनिंग**

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में तेज़ी लाने के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में विगत दिवस 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। यह अभियान विगत 7 दिसंबर से 24 मार्च, 2025 तक चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य टीबी के उन्मूलन में तेज़ी लाना है।

इस मुहिम में प्रभावशाली व्यक्तियों, धर्मगुरुओं और समाज के हर वर्ग को भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बैठक में प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ ठोस कदम उठाने की रणनीति पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी ब्लॉक के अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लक्षित जनसंख्या जैसे 60 वर्ष से अधिक उम्र, मलिन बस्ती, शुगर के मरीज, धुम्रपान, तम्बाकू का उपयोग करने वाले व्यक्ति या जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो आदि की सटीक लाइन लिस्ट तैयार करें ताकि शासन द्वारा निर्धारित सूचकांक के तहत कोई भी व्यक्ति जांच से वंचित न रहे। उन्होंने जोर देकर कहा कि 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की स्क्रीनिंग के लिए विशेष प्रबंध किए जाएं। ऐसे मरीजों के लिए हेल्प डेस्क स्थापित कर उनकी जांच सुनिश्चित करने और जिन ब्लॉकों में एक्स-रे की सुविधा है, वहां अधिकतम जांच कराने के निर्देश दिए। तकनीशियनों की ड्यूटी को दो पालियों में बांटकर स्क्रीनिंग कर अधिक से अधिक जांच कराने पर जोर दिया गया।डीएम मोनिका रानी ने फील्ड स्तर पर स्क्रीनिंग को बढ़ावा देने के लिए आशा, एएनएम, सीएचओ, एसटीएस और एसटीएलएस की भूमिका को अहम बताया गया। फील्ड विजिट्स के जरिए अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने के प्रयासों को तेज करने का निर्देश दिया गया।

खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे ग्राम प्रधान, कोटेदार और प्रधानाध्यापकों से संपर्क कर ''निश्चय मित्र'' बनवाएं, जो समुदाय के बीच जागरूकता फैलाकर अभियान में सहयोग कर सकें।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार शर्मा ने बताया कि अब तक 18126 मरीजों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिनमें डायबिटीज से ग्रसित 751, अल्कोहल सेवन से जुड़े 721, धूम्रपान करने वाले 1367 और 60 वर्ष से अधिक आयु के 2492 लोग शामिल हैं। इस प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने इसे और तेज करने पर जोर दिया।

# एनएचएआई अध्यक्ष ने रायबरेली-प्रयागराज राजमार्ग के निर्माणाधीन कार्यों का लिया जायजा

**कार्यों में मानक व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए: संतोष कुमार यादव**



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) संतोष कुमार यादव के साथ जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने रायबरेली-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माणाधीन कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण में एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग कार्य पूर्ण हो चुका है, छोटे-छोटे कार्य बचे है, जिनको शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा, जिसके लिए एनएचएआई के अधिकारियों को शेष बचे निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र मानक के अनुरूप कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। अध्यक्ष एनएचएआई ने इस अवसर पर सभी निर्माण कार्यो को महाकुंभ के आयोजन से पहले पूर्ण करने के निर्देश दियें और कहा कि कार्यों में मानक और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। सड़कों में आवश्यकतानुसार साइनेज बोर्ड लगाये जायें। इस अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, परियोजना निदेशक एनएचएआई नवरतन दीप सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

## ग्राम समाज की जमीन पर घूरा डालने पर हुआ विवाद

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** ग्राम समाज की जमीन पर पहले से काबिज व्यक्ति के स्थान पर दूसरे लोगों के द्वारा घूरा डालने पर विवाद हो गया। जिसमें दो लोगों ने एक युवक को लाठी से पीटकर घायल कर दिया। घटना रविवार शाम 5 :00 बजे के आसपास की है, जब पीड़ित घायल व्यक्ति का इलाज व मेडिकल अस्पताल में कराया गया है। विदित हो कि थाना क्षेत्र के ग्राम उमरपुर में भाई लाल पुत्र छविनाथ उम्र लगभग 30 वर्ष के द्वारा पहले से ग्राम समाज की जमीन पर विगत कई वर्षों से काबिज है। जहां उसके द्वारा उस स्थान पर कब्जा बरकरार है। उसी जगह पर गांव के ही निवासी छोटेलाल पुत्र अज्ञात उम्र 60 वर्ष एवं उनके पुत्र मंजू पुत्र छोटेलाल उम्र 32 वर्ष के द्वारा उसे जमीन पर घूरा डालकर कब्जा बना बनाया जा रहा है। जिस पर भाईलाल के द्वारा विरोध किया गया तो प्रतिपक्षी छोटेलाल एवं उनके पुत्र मंजू के द्वारा लाठी डंडे से युवक को पीट-पीटकर घायल कर दिया गया। घायल अवस्था में युवक ने अपने परिजनों के साथ बछरावां थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के बाद पुलिस के द्वारा युवक का मेडिकल व इलाज बछरावां सीएचसी में करवाया गया। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया घटना की तहरीर प्राप्त हुई आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू महराजगंज, रायबरेली में अभिभावक -शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अधिक संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। अभिभावकों ने अपने पाल्यों के क्रियाकलापों व प्रगति पर कक्षा- अध्यापक और विषय- अध्यापकों से चर्चा करते हुए परिणामों की समीक्षा की। शिक्षा को बेहतर बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए जो छात्रों की शिक्षा को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। नेशनल साइंस ओलंपियाड (एन.एस. ओ.) व इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड (आई. ई.ओ.) द्वारा गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस से पुरस्कृत छात्रों का सम्मान भी किया गया। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी को अपने बच्चों की शिक्षण गतिविधियों का सतत अनुश्रवण करना चाहिए तथा पढ़ाई के साथ बच्चे के चरित्र निर्माण में भी आपका सहयोग प्रार्थनीय है साथ ही जानकारी दी कि आगामी सत्र के लिए छात्रों का नामांकन हमारे विद्यालय में प्रारंभ हो चुका है।

## खबरें एक नजर में

### महाकुंभ जाएंगे जेल में बने माटी कला के उत्पाद



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** जिला जेल में वन जेल वन प्रोडक्ट के अंतर्गत माटी कला से संबंधित विभिन्न कलाकृतियों को प्रयागराज महाकुंभ में भेजा जाएगा। उत्तर प्रदेश कारागार के संयुक्त स्टॉल पर प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह एवं जेलर हिमांशु रौतेला को प्रयागराज भेजा गया है। जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह ने बताया कि संगम नगरी प्रयागराज में महाकुंभ 2025 में रायबरेली जेल में बने माटी कला प्रोडक्ट के रिस्पांस को देखते हुए कई चरणों में माटी कला के प्रोडक्ट्स महाकुंभ में भेजे जाएंगे। उन्होंने बताया कि भेजे जाने वाले प्रोडक्ट में गणेश, लक्ष्मी जी की मूर्ति, हैंगिंग लालटेन, हंस का जोड़ा, घोड़ा गाड़ी, फ्लावर, करवा, बुद्ध की मूर्ति, दीये, गमले, रंग-बिरंगे दीये सहित अनेक प्रोडक्ट हैं। **एक से लेकर 500 रुपये तक के उत्पाद:** गौरतलब है कि जेल में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) के तहत मिट्टी की कई आकृतियां बनाई गईं थीं। इसके तहत कैदियों के साथ मिलकर कई डिजाइन के मिट्टी के दीये और फूल बनाते हैं। इसके तहत लालटेन और कई उत्पाद बनाए जा रहे हैं। इस तरह करीब 30 तरह के उत्पाद हैं। जेल के बाहर दुकान लगाई गई है। इस दुकान पर एक रुपये से लेकर 500 रुपये तक के उत्पाद उपलब्ध हैं। इस अभियान के तहत स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया जा रहा है। ये सभी वस्तुएं कैदियों द्वारा बनाई जा रहीं हैं।

### प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों व आंगनवाड़ी केंद्रों में 14 जनवरी तक अवकाश घोषित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि वर्तमान में जनपद के समस्त प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 14 जनवरी 2025 तक शीतकालीन अवकाश है। उन्होंने बताया कि अधिकांश आंगनवाड़ी केन्द्र प्राथमिक विद्यालयों में संचालित है और आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चे प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से भी छोटे होते हैं। उन्होंने वर्तमान में शीतलहर के दृष्टिगत बच्चों के बचाव हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चों का 14 जनवरी 2025 तक अवकाश घोषित किया जाता है। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त घोषित अवकाश की अवधि में 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों की उपस्थिति केन्द्र पर नहीं होगी परन्तु जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र निर्धारित समयानुसार खुले रहेंगे तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री व सहायिका आंगनबाड़ी केन्द्र पर समय से उपस्थित रह कर आंगनवाड़ी केन्द्र पर दी जाने वाली सेवाएं यथा-अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण, टीकाकरण, सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन, पोषण ट्रैकर पर फीडिंग तथा 0-6 वर्ष के बच्चो की ग्रोथ मॉनिटरिंग आदि लाभार्थी परक सेवाएं आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से यथावत् करेंगी।

### विजेता सादुल्लानगर फुटबॉल टीम को प्रधान गूमा फातमाजोत रमेश कुमार गुप्ता ने समारोहपूर्वक किया सम्मानित



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** जिला स्तरीय फुटबॉल मुकाबले में बलरामपुर फुटबॉल टीम को पराजित करने वाली सादुल्लानगर फुटबॉल टीम को प्रधान गूमा फातमाजोत रमेश कुमार गुप्ता ने समारोह पूर्वक सम्मानित किया। सादुल्लानगर के गूमा फातमाजोत ग्राम पंचायत सचिवालय में आयोजित सम्मान समारोह में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा उत्तर प्रदेशीय ग्रामीण खेल लीग के तहत बलरामपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में सादुल्लानगर फुटबॉल टीम ने रेहराबाजार ब्लाक का प्रतिनिधित्व करते हुए बलरामपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम को 4-0के अंतर से पराजित कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। विजेता टीम के कप्तान मूसा युसुफ ने दो गोल दागा व मैन आफ दी मैच का पुरस्कार अपने नाम कर लिया था। प्रधान रमेश कुमार गुप्ता ने कहा कि बलरामपुर को पराजित कर सादुल्लानगर फुटबॉल टीम ने साबित कर दिया है कि संसाधनों के अभाव में भी मेहनत व लगन से हर मुश्किल को आसान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सादुल्लानगर फुटबॉल टीम के दो खिलाड़ियों इरफान युसुफ व मूसा युसुफ वाराणसी में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया है जो कि क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।इस अवसर पर अताउल्लाह खान, नसीम अहमद, मोहम्मद मूसा, इरफान युसुफ, सुरैम युसुफ, आर्यन सोनी, मो कलीम, समीर सिद्दीकी, मो साहिल, मोहम्मद अलकमा, हमजा शेख, मोहम्मद शेख, ऐहतशाम, हिसाम खान, शमीम युसुफ कोच,काजी मोहम्मद आसिफ सहायक कोच आदि मौजूद रहे।

# सवर्ण आर्मी की बैठक में पत्रकारों को किया गया सम्मानित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**





सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों की मासिक बैठक आयोजित की गई।जिसमें संगठन के खबरों को प्रकाशित करने वाले पत्रकारों को सम्मानित कर धन्यवाद ज्ञापित किया। सवर्ण आर्मी कार्यालय रायबरेली में जिला अध्यक्ष वृजेंद्र सिंह फौजी के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों के बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें संगठन के प्रति तमाम बिंदुओं समेत अहम मुद्दों पर गहन विचार विमर्श के साथ चर्चा की गई। संगठन को और मजबूती के लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये।साथ ही संगठन की खबरों को प्रमुखता के साथ नियमित रुप से प्रकाशित करने वाले पत्रकार सुशील सिंह,अभय सिंह,सतीश मिश्रा, दीपेंद्र, संदीप पांडेय, अंकित पांडेय, अंगद पांडेय, कपिल त्रिपाठी, शशिधर त्रिपाठी समेत अन्य पत्रकारों को अंगवस्त्र मिष्ठान आदि उपहार देकर सम्मानित किया।तो वहीं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने सहयोग के लिए सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर उमाशंकर पांडेय, बीपी त्रिपाठी, अनिल तिवारी, अरविंद सिंह, कैलाश श्रीवास्तव, शैलेंद्र श्रीवास्तव, देवेंद्र सिंह,योगेंद्र प्रताप सिंह, कुलदीप तिवारी, अजय दीक्षित रुद्र प्रताप सिंह, अखंड प्रताप सिंह, पवनेश सिंह, उषाकांत पांडेय, महेंद्र सिंह, दीपू सिंह, आलोक सिंह समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**समाज में चर्चित करने का कार्य कर रहे पत्रकार:** जिला अध्यक्ष वृजेंद्र सिंह फौजी ने पत्रकारों को सम्मानित कर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा सवर्ण आर्मी के सभी कार्यक्रमों की खबरों को अपनी लेखनी के माध्यम से प्रकाशित कर जन-जन तक पहुंचा कर समाज में चर्चित करने का कार्य किया जा रहा है।जो प्रशंसा के योग्य है। आप लोगों के द्वारा यह सराहनीय योगदान का सवर्ण आर्मी सदैव आभारी रहेगी।

# शीतलहर से प्रभावित लोगों को राहुल गांधी ने किया याद



**रायबरेली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली के सांसद राहुल गांधी के निर्देश पर सांसद किशोरी लाल शर्मा ने ठंड से पीड़ित पात्र व्यक्तियों के मध्य कांग्रेस पार्टी रायबरेली की ओर से कम्बल वितरित किए गए। उत्तर प्रदेश में चल रही शीत लहर के कारण तापमान काफी गिर गया है, जिसके कारण लोग अपने-अपने घरों में ठिठुर कर रह गये हैं। वैसे नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर की ओर से शहर के विभिन्न स्थानों पर रैन बसेरा की वैकल्पिक व्यवस्था की गयी है, जगह-जगह पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गयी है, परन्तु यह व्यवस्था नाकाफी देख सांसद राहुल गांधी के निर्देश पर रिक्शा चालकों को जिला मुख्यालय तिलक भवन में कम्बल वितरित किये गये। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष वी.के. शुक्ला, निर्मल शुक्ला, विजय शंकर अग्निहोत्री, राजकुमार दीक्षित, कल्याण श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

## ट्रैफिक पुलिस सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को चल रहा जागरूकता अभियान



**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत यातायात व्यवस्था के सुचारु संचालन हेतु एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए चेकिंग/ जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना क्षेत्रों के मुख्य मार्गों पर चेकिंग के दौरान हेलमेट/ सीट बेल्ट का उपयोग न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध ई-चालान की कार्यवाही भी की गई।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां महाराजगंज मार्ग पर समधानेश्वर मंदिर के पास अज्ञात वाहन ने पेपर देने जा रहे दो बाइक सवार युवको को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में इलाज के लिए उन्हें बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की घायल युवक रोहित कुमार पुत्र दिलीप कुमार उम्र 22 वर्ष निवासी राघवपुर थाना बछरावां एवं उनके साथी मनीष कुमार पुत्र सोहनलाल उम्र 23 वर्ष निवासी अटरा बाबूगंज थाना बछरावां, बाइक से स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत जीपीएस महाविद्यालय छोटकवा खेड़ा बीए फाइनल ईयर का पेपर देने जा रहे थे, तभी बछरावां महाराजगंज मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये, घायल अवस्था में राहगीरों, कस्बा इंचार्ज सुनील कुमार एवं स्थानीय लोगों के द्वारा निजी वाहन से इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार करने के पश्चात मौजूद चिकित्सक इंद्र भूषण जायसवाल ने उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है, तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



एकदिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विजई खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया डलमऊ के पखरौली मैदान में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय एकदिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में वॉलीबॉल एथलेटिक्स कबड्डी कुश्ती भारोतन बैडमिंटन फुटबॉल जूडो सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभाग करने वाले सब जूनियर वर्ग एवं जूनियर वर्ग तथा सीनियर आयु वर्ग के बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया विजई खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि के द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे खंड विकास अधिकारी सत्यदेव यादव एवं प्रमुख प्रतिनिधि पंकज रावत के द्वारा विजई खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया जिला युवा कल्याण अधिकारी भास्कर सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में होनहार प्रतिभाओं को ऐसे आयोजनों से उनकी प्रतिभाओं को दिखाने का मौका मिलता है खिलाड़ी प्रेरित होकर अधिक बेहतर करने की चेष्टा करते हैं प्रतिवर्ष ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र में छिपी हुई प्रतिभाएं सामने आती है और सफल खिलाड़ियों को आगे खेलने का मौका भी मिलता है प्रमुख प्रतिनिधि पंकज रावत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी ऐसी होनहार प्रतिभाएं हैं जो खेलकूद के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखती है ऐसे आयोजनों से उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया।

# एसएसबी की संयुक्त टीम ने इंडो-नेपाल बॉर्डर से सटे हुए गांवों में अवैध गतिविधियों की रोकथाम को ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



5 जनवरी को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना को जरवा गोविन्द कुमार व एसएसबी के अधिकारीगण द्वारा ऑपरेशन कवच के दृष्टिगत इण्डो- नेपाल बार्डर से सटे हुए गांवों के ग्राम सुरक्षा समिति के लोगों, ग्राम प्रधान, सेवानिवृत सरकारी कर्मचारियों, कोटेदार, रोजगार सेवक आदि की उपस्थिति में चौकी बघेलखण्ड अन्तर्गत सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्र में अपराधिक एवं अवैध गतिविधियों व संदिग्ध व्यक्तियों की रोकथाम हेतु बैठक की गई।

इस बैधक में ग्राम सुरक्षा समिति, संम्भ्रान्त व्यक्तियों को नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु समय-समय पर सीमा से सटे गांवों में मादक पदार्थों की तस्करी, मानव व गौ तस्करी, अवैध कटान व अन्य संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनें हेतु अपील की गई, जिससे पुलिस द्वारा तत्काल इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके। इसी क्रम में थाना को जरवा पुलिस टीम द्वारा स्स्क्र के साथ इण्डो-नेपाल सीमा गुरुंग नाका बॉर्डर क्षेत्र में फुट पेट्रोलिंग कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।

**शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रम**

# कृषक पंजीकरण में रुचि न लेने वाले तीन जनसेवा केंद्र संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई का आदेश

**बलरामपुर।** बताते चलें कि डीएम पवन अग्रवाल के निर्देशन में सोमवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार ने फॉर्मर रजिस्ट्री की स्थिति की समीक्षा की जिसमें देवीपाटन सीएससी जय प्रकाश, गैड़हवा मो मुशर्रफ तथा मनकौरा काशीराम सीएससी संचालक असगर हुसैन ब्लॉक तुलसीपुर एवं तहसील तुलसीपुर की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। एडीएम ने निर्देश के बावजूद प्रगति ना लाने वाले तीनों सीएससी संचालको के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की है साथ ही जनपद के समस्त सीएससी संचालको को निर्देशित किया है कि फॉर्मर रजिस्ट्री शासन की प्राथमिकता का कार्यक्रम है इसमे व्यक्तिगत रुचि लेते हुए प्रगति लाएं अन्यथा कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।




# लाखों रुपयों की लागत से बने सामुदायिक शौचालयों में लटक रहे हैं ताले, ग्रामीण परेशान

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड रेहरा बजार के अधिकांश इलाकों में बनाए गए सामुदायिक शौचालयों का उद्देश्य स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाना था, लेकिन इन शौचालयों पर ताले लटके रहने से लोग मुश्किल में हैं। प्रशासन की अनदेखी और देखभाल की कमी जनता के लिए बड़ी समस्या बन गई है। विकास खंड रेहराबाजार के नयानगर, जुवारा ग्राम पंचायत की, जहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों की लागत से सामुदायिक शौचालय बनाया गया।लेकिन इसका इस्तेमाल नहीं हो रहा। वजह? इस शौचालय पर हमेशा ताला लगा रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि शौचालय तो बन गया, लेकिन हमेशा बंद रहता है। जरूरत पड़ने पर हमें खुले में जाना पड़ता है। यह स्थिति हमारे लिए शर्मनाक और असुविधाजनक है। हमने कई बार ग्राम पंचायत अधिकारी से शिकायत की।लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ताला क्यों लगा रहता है, ये कोई बताने वाला नहीं है।

इस ताले की वजह से ना केवल स्थानीय निवासियों को दिक्कत हो रही है, बल्कि गंदगी और बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। कई लोग मजबूरी में खुले में शौच कर रहे हैं, जिससे स्वच्छता अभियान का उद्देश्य फेल हो रहा है। इस सम्बन्ध मे वीडीओ रेहरा बाजार रजनीश शुक्ला ने बताया कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई किया जायेगा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन न होने से लाखों ग्रामीण सुविधाओं से वंचित

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



बलरामपुर जिले के श्रीदत्तगंज विकास खंड स्थित महदेइया बाजार में 3.74 करोड़ रुपये की लागत से तैयार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का भवन वर्षों से तैयार है, लेकिन उदघाटन और संचालन न होने के कारण यह केंद्र अब तक शुरू नहीं हो सका। इस स्थिति के कारण पचास से अधिक गांवों के लाखों ग्रामीण आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हैं।

साल 2013-14 में अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना का निर्णय लिया गया। इसके लिए महदेइया बाजार को चुना गया और परियोजना के लिए 3.74 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सीएनडीएस कार्यदाई संस्था को सौंपी गई, और नोडल अधिकारी के रूप में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को नियुक्त किया गया।

शुरुआती चरण में निर्माण के लिए धनराशि की कमी रही, जिसके चलते काम अधूरा रह गया। इस बीच 2014 में सरकार बदलने पर योजना का नाम बदलकर प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम कर दिया गया। इसके बाद दूसरी किश्त के धनराशि मिलने में काफी देरी हुई। आखिरकार, निर्माण कार्य पूर्ण कर ओपीडी, स्वास्थ्य कर्मचारियों के आवास, और भवन को तैयार किया गया। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भवन को स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया, लेकिन डॉक्टर, फार्मेसिस्ट, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन जैसे आवश्यक कर्मचारियों की नियुक्ति अब तक नहीं हो सकी है। कर्मचारियों की कमी के कारण एक्स-रे, खून जांच, और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। एसीएमओ ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महदेइया बाजार पर कर्मचारियों की तैनाती का प्रयास जारी है। जल्द ही स्टाफ की नियुक्ति पूरी कर केंद्र का संचालन शुरू कराया जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन में हो रही देरी ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। क्षेत्र के लोगों को साधारण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूरस्थ अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता है। सरकार और संबंधित विभागों से अपेक्षा है कि स्वास्थ्य केंद्र जल्द शुरू कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की जाए।

# भाजपा से मुकाबले के लिए केजरीवाल ने लिया नरम हिंदुत्व का सहारा

**सुशील कुट्टी**

आप संयोजक अरविंद केजरीवाल की शानदार मौजूदगी में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी खो गयी थीं, उस समय जब आतिशी मंत्री थीं और खुद केजरीवाल मुख्यमंत्री। आज भी आतिशी चुनावी अभियान में बहुत प्रभावी नहीं लग रही हैं, जबकि आप के कई अन्य नेता आधिक प्रभावी लग रहे हैं। केजरीवाल का फायदा यह है कि वे जेल गये। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी जेल गये। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी जेल गये। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन भी जेल गये। आतिशी को ऐसा सम्मान नहीं मिला, लेकिन केजरीवाल का कहना है कि आतिशी पर भी झूठे आरोप लगाये जायेंगे। मुख्यमंत्री पद पर आतिशी एक अस्थायी विकल्प हैं। केजरीवाल बच्चों की कैंडी की तरह फिर मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं! लेकिन इस बार यह आसान नहीं है। जेल की चिड़िया तमगे के कारण केजरीवाल को मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए लगातार तीसरी (चौथी?) जीत मिल सकती है। अरविंद केजरीवाल के पास एक सुरक्षा कवच है, हालांकि यह आप को चुनाव जीतने में कैसे मदद करेगा, यह एक रहस्य है। केजरीवाल ने जो मुद्दे उठाये और वायदे किये हैं, वे बदलाव की ओर इशारा करते हैं। धर्मनिरपेक्ष से केजरीवाल श्नरम हिंदुत्व की ओर बढ़ गये हैं। अनिश्चितता राजनेताओं को ऐसा कराती है। केजरीवाल अब पहले जैसे आत्मविश्वासी नहीं रहे। दिल्ली चुनाव के इस संस्करण में केजरीवाल संदेह से ग्रस्त हैं। समय की मांग के अनुरूप हिंदुत्व की ओर बदलाव का माहौल मोदी और योगी के पक्ष में है, जिससे केजरीवाल को नरम हिंदुत्व की ओर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

आम धारणा के विपरीत, केजरीवाल हिंदुओं के करीब हैं, हिंदुओं के शुभचिंतक हैं और मददगार भी हैं! किसने सोचा होगा कि केजरीवाल द्वारा उठाये गये हिंदू मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी को मुंह की खानी पड़ेगी? आप कुख्यात हिंदुत्ववादी भाजपा से अधिक हिंदू दिखने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। नये साल की पूर्व संध्या पर केजरीवाल ने दिल्ली के हिंदू पुजारियों और सिख ग्रंथियों के लिए 18000 रुपये प्रति माह मानदेय की घोषणा की, अब भाजपा ने इस बारे में क्यों नहीं सोचा, उन्होंने भाजपा को भाजपा शासित राज्यों में भी ऐसा करने की चुनौती दी। क्या दिल्ली मंदिरों और पुजारियों, गुरुद्वारों और ग्रंथियों से भरी पड़ी है? विडंबना यह है कि केजरीवाल की इस योजना की घोषणा तब की गयी जब दिल्ली के मौलाना और मौलवी पिछले 18 महीनों से आप सरकार द्वारा दिये गये श्वेतन के वितरण न किये जाने का विरोध कर रहे थे।

# आकाशवाणी: सांस्कृतिक जागरण का विश्वसनीय माध्यम

**रमेश शर्मा**

**आकाशवाणी ने समय के साथ अपने के प्रसारणों की विविधता में निरंतर वृद्धि की। भारत का कोई क्षेत्र, कोई भाषा और कोई स्थानीय बोली ऐसी नहीं जिसमें आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रसारित न होते हों। आज 23 भाषाओं और 146 बोलियों में आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रसारित होते हैं। राष्ट्र, समाज और जीवन का ऐसा कोई विषय नहीं जिसे आकाशवाणी ने अपने प्रसारण में शामिल न किया हो। प्रत्येक विषय को व्यापक बनाया। साहित्य में गीत, कविता, कवि गोष्ठी, लघुकथा, व्यंग, कहानी, एकांकी आदि सब प्रसारित हुए। भारत के प्रमुख साहित्कारों की जीवनी, लेखन शैली तथा कृतियों से परिचित कराया। बदलते मौसम की विशेषता और उसका स्वास्थ्य पर पड़ने वाला प्रभाव, बीमारियां और बीमारी से बचने के उपाय विशेषज्ञों की वार्ताओं के माध्यम से समझाये, इसमें केवल मनुष्य ही नहीं पालतू पशु पक्षी संरक्षण के कार्यक्रम भी प्रसारित होते हैं।**

निसंदेह आधुनिक भारत में आज सोशल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की व्यापकता से आकाशवाणी का आकर्षण प्रभावित हुआ है। लेकिन जन सामान्य के बीच आकाशवाणी का महत्व कम नहीं हुआ है। आकाशवाणी ने भारत की साँस्कृतिक विशेषताओं और विविधता को प्राथमिकता तब भी दी थी जब भारत स्वतंत्र नहीं था। इस विशेषता को जानकर ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी मन की बात के लिए आकाशवाणी को प्राथमिकता दी और आधुनिकता के कुछ नए आयाम जोड़े। स्वतंत्रता के बाद भारत ने अपनी आधुनिक यात्रा आरंभ की।

नए भारत के निर्माण में उन संस्थाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है जिन्होंने स्वतंत्रता के पूर्व भी जन सामान्य के बीच भारत की साँस्कृतिक महत्ता जीवन्त रखी। इनमें आकाशवाणी की भूमिका महत्वपूर्ण है। आकाशवाणी ने भविष्य की दीवार पर उभरते चित्रों को देखकर साँस्कृतिक जागरण का कार्य आरंभ कर दिया था। आकाशवाणी ने भारत की सांस्कृतिक विविधता और विशेषता जो कार्यक्रम प्रसारित किए उससे सामाज में अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति आत्मविश्वास का जागरण हुआ। यही जाग्रति पहले स्वतंत्रता संग्राम में जन भागीदारी और अब भारत राष्ट्र के स्वत्व जागरण का माध्यम है। यह भारतीय समाज जीवन में स्वत्व और सांस्कृतिक चेतना की जाग्रति ही तो है कि आज भारत पुनः अपने खोए हुए परम वैभव को प्राप्त करने की ओर बढ़ रहा है। संपूर्ण विश्व भारत के सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों की ओर आकर्षित हो रहा है। परंपराओं के प्रति अपनत्व का भाव जाग्रत करने में आकाशवाणी की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। अंग्रेजीराज में आकाशवाणी ने भारत की क्षेत्रीय और आँचलिक विविधता पर जो कार्यक्रम प्रसारित किए, सतही तौर पर तो वे केवल मनोरंजन के लगते थे लेकिन उन प्रसारणों से भारतीय समाज जीवन में अपनी परंपराओं के प्रति आत्मविश्वास जागा और वही अब स्वत्व चेतना का आधार बना। आकाशवाणी ने समय के साथ अपने के प्रसारणों की विविधता में निरंतर वृद्धि की। भारत का कोई क्षेत्र, कोई भाषा और कोई स्थानीय बोली ऐसी नहीं जिसमें आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रसारित न होते हों। आज 23 भाषाओं और 146 बोलियों में आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रसारित होते हैं। राष्ट्र, समाज और जीवन का ऐसा कोई विषय नहीं जिसे आकाशवाणी ने अपने प्रसारण में शामिल न किया हो। प्रत्येक विषय को व्यापक बनाया। साहित्य में गीत, कविता, कवि गोष्ठी, लघुकथा, व्यंग, कहानी, एकांकी आदि सब प्रसारित हुए। भारत के प्रमुख साहित्कारों की जीवनी, लेखन शैली तथा कृतियों से परिचित कराया। बदलते मौसम की विशेषता और उसका स्वास्थ्य पर पड़ने वाला प्रभाव, बीमारियां और बीमारी से बचने के उपाय विशेषज्ञों की वार्ताओं के माध्यम से समझाये, इसमें केवल मनुष्य ही नहीं पालतू पशु पक्षि संरक्षण के कार्यर्कम भी प्रसारित होते हैं। किस मौसम में कौनसी फसल, फल सब्जी, उपज बढ़ाने के तरीके, यदि कीट पतंगों से फसलों के नुक्सान की आशंका हो तो किसानों को सलाह भी दी गई। छात्र, युवा, महिला, किसान आदि सभी वर्ग समूह केलिये कार्यक्रम और समय निर्धारित किए। आज भले समाज जीवन में सोशल मीडिया व्यापक हो रहा है, रोज नए न्यूज चैनल सामने आ रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया की इस व्यापकता से आकाशवाणी का विषय जनचर्चा में तो कम हुआ है लेकिन उसकी विश्वसनीयता और गुणवत्ता में कोई अंतर नहीं आया है। विश्व में सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र होने की स्पर्धा में अग्रणी भारत के साठ प्रतिशत से अधिक लोगों के जीवन में आज भी आकाशवाणी ही उपयोगी है।

सुदूर ठेट ग्रामीण क्षेत्रों, कस्बों और पर्वतीय अँचल में बसी बस्तियों में सूचना या समाचार ही नहीं मनोरंजन और स्थानीय समस्याओं के समाधान के उपाय जानने का माध्यम आकाशवाणी ही है। आकाशवाणी केवल मनोरंजन या सनसनी फैलाने वाले समाचारों से टीआरपी बढ़ाने की जुगत में नहीं रहती। वह भारत की संस्कृति और स्थानीय एवं क्षेत्रीय विशेषताओं से पूरे भारत को परिचित कराने की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने आकाशवाणी के इस महत्व को समझा। इसीलिए उन्होंने अपनी मन की बात के प्रसारण के लिये आकाशवाणी को माध्यम बनाया। प्रधानमंत्री मोदी भारत को संसार के विकसित राष्ट्रों की पंक्ति में अग्रणी बनाने का संकल्प लेकर कार्य कर रहे हैं। उनका चिंतन व्यापक और बहुआयामी है। उनकी प्राथमिकताओं से यदि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारतीय यान पहुंचा है, आधुनिक आयुध निर्माण में आत्मनिर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। संसार के आधुनिकीकरण की इस स्पर्धा के साथ संसंद सीढ़ियों को दंडवत, नए संसद भवन में संगोल की स्थापना साँस्कृतिक परंपराओं का सशक्तिकरण है। मोदी उन परंपराओं और विधाओं का संरक्षण भी कर रहे हैं जिनसे भारत की पहचान है। उनकी इन्ही प्राथमिकताओं में से एक आकाशवाणी भी है अब देश के बीस राज्यों के 91 स्थानों पर 100 वाट की क्षमता के लो पॉवर एफएम ट्रांसमीटर स्थापित हो गए हैं। इससे आकाशावाणी के ट्रांसमीटरों के नेटवर्क की संख्या 524 से बढ़कर 615 हो गई है। विषय कोई भी हो वह मनोरंजन का हो या शिक्षा, साहित्य, स्वास्थ्य, कृषि, युवा, महिला, लोक संस्कृति, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के किसी सामयिक विषय या घटनाओं का हो इससे संबंधित संगोष्ठियों और अपने प्रसारण के अन्य स्वरूप में आकाशवाणी सदैव क्षेत्रीय भाषा और स्थानीय बोली का ही समावेश करती है। इससे स्थानीय एवं विषय से संबंधित जन मानस अपनी आत्मीयता अनुभव करता है। देश के सुदूर पर्वतीय और वन क्षेत्र की बस्तियों में केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा लिए गए निर्णयों की जन सामान्य तक जानकारी पहुंचाने का भी आकाशवाणी महत्वपूर्ण साधन है। इसको प्रधानमंत्री र मोदी की मन की बात के प्रसारण से समझा जा सकता है। आकाशवाणी के माध्यम से ही प्रधानमंत्री की मन की बात जन जन तक पहुंची। परिणामस्वरूप इससे संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में कीर्तिमान बना। स्वतंत्रता के बाद जन कल्याण की अनेक योजनाएं बनीं। लेकिन क्रियान्वयन का जो कीर्तिमान मोदी के स्वच्छता अभियान, हर घर नल, हर घर शौचालय, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना आदि का बना वैसा इससे पहले किसी का नहीं। इसका कारण मोदीजी द्वारा मन की बात में बार बार इन योजनाओं को दोहराना है। आकाशवाणी ने केवल मन की बात के सीधे प्रसारण के बाद अपना कर्तव्य पूरा नहीं कर लिया। अपितु उनमें वर्णित योजनाओं एवं बिन्दुओं पर विशेषज्ञों के साथ विमर्श भी किया।

## विचार

# सांस्कृतिक परम्पराओं के बीच भारत का मजबूत होता अर्थतंत्र

प्रहलाद सबनानीआर्थिक क्षेत्र में प्रगति की दृष्टि से भारत की अपनी विशेषताएं हैं, जो अन्य देशों में नहीं दिखाई देती हैं। उदाहरण के लिए भारत में आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजनों एवं मेलों आदि में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं द्वारा न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से इन मेलों/कार्यक्रमों में भाग लिया जाता है बल्कि इन श्रद्धालुओं द्वारा इन स्थानों पर किये जाने वाले खर्च से स्थानीय स्तर पर व्यापार को बढ़ावा देने एवं रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित करने में भी अपना योगदान दिया जाता है।

इसी प्रकार, धार्मिक पर्यटन भी केवल भारत की विशेषता है। प्रतिवर्ष करोड़ों परिवार धार्मिक स्थलों पर, विशेष मुहूर्तों पर, पूजा अर्चना करने के लिए इकट्ठा होते हैं। जम्मू में माता वैष्णोदेवी मंदिर, वाराणसी में भगवान भोलेनाथ मंदिर, अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर, उज्जैन में बाबा महाकाल मंदिर, दक्षिण में तिरुपति बालाजी मंदिर आदि ऐसे श्रद्धास्थल है जहां पूरे वर्ष भर ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। प्रत्येक तीन वर्षों के अंतराल पर आयोजित होने वाले कुम्भ के मेले में भी करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु ईश्वर की पूजा-अर्चना हेतु प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक एवं उज्जैन में पहुंचते हैं। शीघ्र ही 14




जनवरी से लेकर 26 फरवरी तक प्रयागराज में महाकुम्भ मेले का आयोजन किया जा रहा है। महाकुम्भ की 44 दिनों की इस इस पूरी अवधि में प्रतिदिन एक करोड़ श्रद्धालुओं के भारत एवं अन्य देशों से प्रयागराज पहुंचने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है, इस प्रकार, कुल मिलाकर लगभग 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुगण उक्त 44 दिनों की अवधि में प्रयागराज पहुंचेंगे। करोड़ों की संख्या में पहुंचने वाले इन श्रद्धालुगणों द्वारा इन तीर्थस्थलों पर अच्छी खासी मात्रा में खर्च भी किया जाता है। इससे विशेष रूप से स्थानीय अर्थव्यवस्था को तो बल मिलता ही है, साथ ही करोड़ों की संख्या में देश में रोजगार के नए अवसर भी निर्मित होते हैं एवं होटल उद्योग, यातायात उद्योग, पर्यटन से जुड़े व्यवसाय, स्थानीय स्तर के छोटे छोटे उद्योग एवं विभिन्न उत्पादों के क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यापारियों के व्यवसाय में भी अतुलनीय वृद्धि होती दिखाई देती है।

**भारत में विवाहों पर पूरे वर्ष में कुल 13,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का खर्च किया जाता है जो चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। चीन में प्रतिवर्ष विवाहों पर 17,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर का खर्च किया जाता है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि आगामी वर्ष में भारत, विवाहों पर किए जाने वाले खर्च की दृष्टि से चीन को पीछे छोड़कर पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा। भारत में प्रति वर्ष एक करोड़ विवाह सम्पन्न होते हैं। भारत में सर्दियों के मौसम को विवाहों का मौसम कहा जाय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं हैं क्योंकि पूरे वर्ष भर में सम्पन्न होने वाले विवाहों में से लगभग 50 प्रतिशत विवाह सर्दियों के मौसम में ही सम्पन्न होते हैं।**

इसी प्रकार, भारत में विवाहों के मौसम में सम्पन्न होने वाले विवाहों पर किए जाने वाले भारी भरकम खर्च से भी भारतीय अर्थव्यवस्था को बल मिलता है। वर्ष 2024 के मध्य नवम्बर से मध्य दिसम्बर के बीच भारत में 50 लाख विवाह सम्पन्न हुए हैं। उक्त एक माह की अवधि के दौरान सम्पन्न हुए इन विवाहों पर भारतीय परिवारों द्वारा 7,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि का खर्च किया गया है। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में सम्पन्न हुए विवाहों पर 5,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि का खर्च किया गया था। उक्त वर्णित 50 लाख विवाहों पर औसतन प्रति विवाह 14,000 डॉलर, अर्थात लगभग 13 लाख रुपये की राशि खर्च की गयी है एवं 50,000 विवाहों पर तो एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की गयी है। भारत में प्रति विवाह होने वाला औसत खर्च, परिवार की औसत प्रतिवर्ष की कुल आय का तीन गुना एवं देश में औसत प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के 5 गुना के बराबर रहता है। भारत में विवाहों पर पूरे वर्ष में कुल 13,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का खर्च किया जाता है जो चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। चीन में प्रतिवर्ष विवाहों पर 17,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर का खर्च किया जाता है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि आगामी वर्ष में भारत, विवाहों पर किए जाने वाले खर्च की दृष्टि से चीन को पीछे छोड़कर पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा। भारत में प्रति वर्ष एक करोड़ विवाह सम्पन्न होते हैं। भारत में सर्दियों के मौसम को विवाहों का मौसम कहा जाय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं हैं क्योंकि पूरे वर्ष भर में सम्पन्न होने वाले विवाहों में से लगभग 50 प्रतिशत विवाह सर्दियों के मौसम में ही सम्पन्न होते हैं। भारत में विवाहों पर होने वाले भारी भरकम राशि के कुल खर्च में से प्रीवेडिंग फोटोग्राफी, वेडिंग फोटोग्राफी, पोस्टवेडिंग फोटोग्राफी पर लगभग 10 प्रतिशत की राशि का खर्च किया जाता है। विवाह के स्थान के चयन एवं साज सज्जा पर वर्ष 2023 में 18 प्रतिशत की राशि का खर्च किया गया था, जो वर्ष 2024 में बढ़कर 26 प्रतिशत हो गया है क्योंकि भारतीय परिवारों द्वारा विवाह अब अन्य शहरों यथा गोवा, पुष्कर, उदयपुर एवं केरला जैसे स्थानों पर सम्पन्न किया जा रहे हैं। खानपान आदि पर कुल खर्च का लगभग 10 प्रतिशत भाग खर्च किया जा रहा है। म्यूजिक आदि पर लगभग 6 प्रतिशत की राशि का खर्च किया जा रहा है। इसी प्रकार, ज्वेलरी, ऑटो बाजार एवं सोशल मीडिया आदि पर भी अच्छी खासी राशि का खर्च किया जाता है। इससे, उक्त समस्त क्षेत्रों में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित होते हैं। अतः भारत में विवाहों के मौसम में होने वाले भारी भरकम राशि के खर्च से देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर को तेज करने में सहायता मिलती है। हाल ही में सम्पन्न हुए विवाहों के मौसम में भारतीय परिवारों द्वारा किए गए खर्च के चलते अब ऐसी उम्मीद की जा रही है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की तृतीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर को गति मिलेगी जो द्वितीय तिमाही में गिरकर 5.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी।

# कॉपी पेस्ट की जकड़न में आज की जेनरेशन

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**




आज की जेनरेशन शार्टकट और कॉपी पेस्ट से आगे नहीं निकल पा रही है। इंटरनेट, मोबाइल, कम्प्यूटर और सोशियल मीडिया ने नई जेनरेशन को सीमित दायरे में कैद करके रख दिया है। नई पीढ़ी में से अधिकांश युवा कुछ नया करने, नया सोचने, नई दिशा खोजने के स्थान पर गूगल गुरु या इसी तरह के खोजी ऐप के सहारे आगे बढ़ने लगे हैं। तकनीक का विकास इस तरह से सोच और समझ को सीमित दायरे में लाने का काम करेगा, यह तो सोचा ही नहीं था। आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस तो इससे भी एक कदम आगे है। इसमें कोई दोराय नहीं कि तकनीक सहायक की भूमिका में हो तो वह आगे बढ़ने में सहायक हो सकती है पर तकनीक का जिस तरह से उपयोग होने लगा है वह ज्ञान और समझ को भोथरा करने में ही सहायक सिद्ध हो रहा है। यही कारण है कि आज की पीढ़ी से कोई भी सवाल करो तो वह उसका उत्तर गूगल गुरु या इसी तरह के प्लेटफार्म पर तलाशती है। हालांकि सूचनाओं का संजाल जिस तरह से इंटरनेट पर उपलब्ध है निश्चित रूप से वह आगे बढ़ाने में सहायक है पर आज की पीढ़ी उसी तक सीमित रहने में विश्वास करने लगी है। जिस तरह से एक समय परीक्षाएं पास करने के लिए वन डे सीरीज और मॉडल पेपर का दौर चला था ठीक उसी तरह से किसी भी समस्या का हल, किसी भी जानकारी को प्राप्त करने के लिए इंटरनेट को खंगालना आम होता जा रहा है। चंद मिनटों में एक नहीं अनेक लिंक मिल जाते हैं और कई बार तो समस्या यहां तक हो जाती है कि इसमें कौन सा लिंक अधिक सटीक है, यह समझना मुश्किल हो जाता है। दरअसल इस तरह की जानकारी से तर्क क्षमता के विकास या विश्लेषक की भूमिका नगण्य हो जाती है। युवा समझने लगता है कि नेट पर इतनी जानकारी है तो फिर किताबों के पन्ने पलटने से क्या लाभ? इसका एक दुष्परिणाम किताबों से दूरी को लेकर साफ-साफ देखा जा सकता है।

सालाना माड्यूलर सर्वेक्षण-2024 में यह सामने आया है कि युवा पीढ़ी डेटा, सूचना, दस्तावेजों आदि के लिए इंटरनेट की शरण में चले जाते हैं और वहां पर जो मिलता है उसी को कॉपी पेस्ट कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। इस सर्वेक्षण के अनुसार देश में उत्तराखंड के युवा सबसे आगे हैं और उत्तराखंड के करीब 66 फीसदी युवा कॉपी पेस्ट के सहारे काम चला रहे हैं। बिहार दूसरे क्रम पर हैं। यहां के 60 प्रतिशत युवा कट पेस्ट के सहारे ही काम चला रहे हैं। उत्तर प्रदेश के 56 फीसदी युवा कट पेस्ट का सहारा ले रहे हैं। यह समझने की जरूरत है कि बौद्धिक विकास या तार्किकता की पहली शर्त अध्ययन होती है। सबसे बड़ी समस्या यही है कि आज का युवा पढ़ने-पढ़ाने से दूर होता जा रहा है। उससे लिए गूगल गुरु ही पूजनीय है। ऐसे में युवाओं के समग्र बौद्धिक विकास की बात करना बेमानी है। सोशल मीडिया में भी शार्टकट मैसेज का चलन इस कदर बढ़ गया है कि कई बार तो शार्टकट मैसेज को डिकोड करने में ही पसीने आ जाते हैं। इस समय सोशल मीडिया पर डब्ल्यूटीएफ का चलन जोरों से पर है। डब्ल्यूटीएफ का सीधा अर्थ है क्या मजाक है। इसका प्रयोग चीन से आ रही डरावनी बीमारी की खबरों में किया जा रहा है। आने वाली पीढ़ी को गंभीर और चिंतनशील बनाना है तो उसे कट पेस्ट के दुनिया से बाहर लाना होगा। कट पेस्ट से नहीं अध्ययन-मनन से व्यक्तित्व निखरता है।



# राशिफल

**मेषः**-आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको अपनी संतान की समस्याओं को सुनने के लिए उन्हें समय देना होगा, नहीं तो वह परेशान हो सकते हैं।

**वृषः**-आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने किसी काम को पूरा करने में समस्या अवश्य आएगी। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

**मिथुनः**-आज का दिन आपके लिए टेंशन से भरा रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में भी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन आप अपने कामों में ढील बिल्कुल ना दें, नहीं तो उसमें गड़बड़ी होने से आपके साथी आपसे नाराज हो सकते हैं।

**कर्कः**-आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है। यदि आप किसी काम को लेकर परेशान चल रहे थे, तो वह भी पूरा होगा।

**सिंहः**-आज का दिन आपके लिए किसी लंबे समय से रुके हुए काम को पूरा करने के लिए रहेगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। आपकी योजनाएं पहले से फलीभूत होंगी।

**कन्याः**-आज का दिन आपके लिए अपने कामों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा। किसी की कहीसुनी बातों में ना आए।

**तुलाः**-आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। व्यवसाय में आपके खर्चे बढ़ेंगे, जिन पर आपको लगाम अवश्य लगानी होगी।

**वृश्चिकः**-आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आपको अपने पिताजी की बातों पर पूरा ध्यान देना होगा, नहीं तो वह नाराज हो सकते हैं।

**धनुः**-आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपनी संतान से किए हुए वादे को पूरा करेंगे। पिताजी आपको बिजनेस को लेकर कोई अच्छी टिप्स दे सकते हैं, जो आपके खूब काम आएगी।


**मकरः**-आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपको कहीं बाहर जाने से पहले कामों पर थोड़ा ध्यान देना होगा।

**कुंभः**-आज आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी। जीवनसाथी भी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आपको संतान की संगति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मीनः**-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको कोई काम को लेकर फैसला परिवार के सदस्यों की सहमति से ले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आप अपनी पर्सनल बातें किसी बाहरी व्यक्ति से शेयर ना करें।

# डिजिटली भुगतान के फायदे और जोखिम

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



**यूपीआई का लागत मुक्त मॉडल ग्रामीण भारत तक पहुंच गया है। इसने छोटे विक्रेताओं, व्यवसायों और उद्यमियों को सशक्त बनाया है। स्ट्रीट वेंडर, छोटे व्यापारी और किराना स्टोर भी अब डिजिटली भुगतान स्वीकार करने के लिए यूपीआई का उपयोग करते हैं। यूपीआई ने पहले से बैंकिंग सेवाओं से वंचित आबादी को औपचारिक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में प्रभावी रूप से लाकर वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लाखों ग्रामीण और वंचित भारतीय यूपीआई के माध्यम से महत्वपूर्ण डिजिटली वित्तीय सेवाओं तक पहुंचने में सक्षम हुए हैं। यूपीआई ने सरकारी सेवाओं के साथ एकीकृत एक सुरक्षित, विश्वसनीय और सुविधाजनक प्लेटफार्म प्रदान करके निश्चिततौर पर महत्वपूर्ण काम किया है पर दो थर्ड पार्टी ऐप प्रदाताओं के बीच बाजार एकाग्रता महत्वपूर्ण जोखिम पैदा करती है। कुछ खिलाड़ियों की उच्च बाजार एकाग्रता महत्वपूर्ण प्रणालीगत जोखिम पैदा करती है।उदाहरण के लिए अगर फोन-पे या गूगल-पे में अचानक कोई तकनीकी खराबी आ जाती है तो इससे 80 फीसदी तक यूपीआई लेनदेन बाधित हो सकता है। इससे राष्ट्रीय स्तर पर व्यवधान और घबराहट पैदा हो सकती है।**

देश में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का उदय परिवर्तनकारी रहा है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में यूपीआई लेनदेन 11.5 बिलियन (( 26.9 लाख करोड़) से अधिक हो गया। दो थर्ड पार्टी ऐप प्रोवाइडर्स फोन-पे और गूगल-पे के बीच बाजार का संकेन्द्रण यूपीआई लेनदेन के 80 फीसद से अधिक को नियंत्रित करता है।यह चिंता का विषय है। निश्चिततौर पर यूपीआई के चलन ने डिजिटली भुगतान में क्रांति ला दी है। अगस्त 2024 में यूपीआई के माध्यम से 20.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन हुआ। यह भारत के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में इसके व्यापक महत्व को दर्शाता है। इसकी खास बात यह है कि यूपीआई यूजर को इसके लिए कोई शुल्क नहीं देना पड़ा। यही बात इसके पक्ष में जाती है।

यूपीआई का लागत मुक्त मॉडल ग्रामीण भारत तक पहुंच गया है। इसने छोटे विक्रेताओं, व्यवसायों और उद्यमियों को सशक्त बनाया है। स्ट्रीट वेंडर, छोटे व्यापारी और किराना स्टोर भी अब डिजिटली भुगतान स्वीकार करने के लिए यूपीआई का उपयोग करते हैं। यूपीआई ने पहले से बैंकिंग सेवाओं से वंचित आबादी को औपचारिक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में प्रभावी रूप से लाकर वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लाखों ग्रामीण और वंचित भारतीय यूपीआई के माध्यम से महत्वपूर्ण डिजिटली वित्तीय सेवाओं तक पहुंचने में सक्षम हुए हैं। यूपीआई ने सरकारी सेवाओं के साथ एकीकृत एक सुरक्षित, विश्वसनीय और सुविधाजनक प्लेटफार्म प्रदान करके निश्चिततौर पर महत्वपूर्ण काम किया है पर दो थर्ड पार्टी ऐप प्रदाताओं के बीच बाजार एकाग्रता महत्वपूर्ण जोखिम पैदा करती है। कुछ खिलाड़ियों की उच्च बाजार एकाग्रता महत्वपूर्ण प्रणालीगत जोखिम पैदा करती है।उदाहरण के लिए अगर फोन-पे या गूगल-पे में अचानक कोई तकनीकी खराबी आ जाती है तो इससे 80 फीसदी तक यूपीआई लेनदेन बाधित हो सकता है। इससे राष्ट्रीय स्तर पर व्यवधान और घबराहट पैदा हो सकती है।दो प्रमुख खिलाड़ियों के वर्चस्व वाला बाजार स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में बाधा डालता है।

यह नवाचार भुगतान सेवाओं के विकास को हतोत्साहित करता है। फोन-पे और गूगल-पे की बाजार में जबरदस्त मौजूदगी ने पेटीएम के छक्के छुड़ा दिए हैं। विदेशी स्वामित्व वाले टीपीएपी का प्रभुत्व डेटा सुरक्षा, उपयोगकर्ता गोपनीयता और भारतीय नागरिकों की संवेदनशील वित्तीय जानकारी तक संभावित पिछले दरवाजे से पहुंच से संबंधित जोखिम पेश करता है। वॉलमार्ट द्वारा फोन-पे और गूगल द्वारा गूगल-पे का विदेशी स्वामित्व व्यक्तिगत वित्तीय डेटा की सुरक्षा और विदेशी संस्थाओं की अनाधिकृत पहुंच की संभावना पर चिंता बढ़ाता है। क्षेत्रीय भाषाओं या स्थानीय व्यावसायिक जरूरतों के लिए तैयार किए गए यूपीआई ऐप अकसर गूगल-पे और फोन-पे जैसे स्थापित बाजार नेताओं के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए संघर्ष करते हैं। पेटीएम और एक्सिस बैंक थर्ड पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर के लिए बाजार हिस्सेदारी पर सीमा निर्धारित करने से बेहतर प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित हो सकती है और प्रणालीगत जोखिम कम हो सकते हैं। फोन-पे और गूगल-पे की बाजार हिस्सेदारी को 30 फीसद तक सीमित करने के भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के पहले के प्रयास बाजार प्रभुत्व को संतुलित कर सकते हैं। भारतीय स्वामित्व वाले पेटीएम और एक्सिस बैंक थर्ड पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर का समर्थन करने से विदेशी खिलाड़ियों पर निर्भरता कम हो सकती है और नियामक निगरानी में सुधार हो सकता है। यूपीआई ऐप्स के लिए बैकअप सर्वर बनाने से आउटेज या तकनीकी कठिनाइयों के दौरान सेवा में रुकावट को रोका जा सकता है। छोटे खिलाड़ियों को अनुदान या सब्सिडी प्रदान करने से नए विचारों को बढ़ावा मिल सकता है और दी जाने वाली सेवाओं की सीमा बढ़ सकती है। सरकार के नेतृत्व वाली नवाचार चुनौतियां छोटे डेवलपर्स को नए भुगतान समाधान पेश करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं। मजबूत डेटा गोपनीयता कानून लागू करने से उपयोगकर्ताओं की व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी को संभावित दुरुपयोग से बचाया जा सकेगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो.नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# जिम्बाब्वे हर हाल में वर्ष 2040 तक बन जायेगा विकसित देश: राजदूत

- हमीरपुर जिले के निवासी जिम्बाब्वे में आसीन राजदूत की पत्रकार वार्ता, भारत के कई लोग रह चुके हैं विदेश सेवा में



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

हमीरपुर जिले के टेढ़ा गांव के मूल निवासी भारतीय विदेश सेवा के तहत जिम्बांबे में राजदूत पद पर आसीन ब्रह्मकुमार ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जिम्बाम्बे हमेशा भारत का अच्छा सहयोगी देश रहा है, जिम्बाब्वे हर हाल में वर्ष 2040 तक एक विकसित कंट्री बन जायेगा।

राजदूत ने कहा कि किसी देश के विकास के लिये उद्योग व समझ नीति बहुत ही आवश्यक है वह सब जिम्बांबे में है। उन्होंने कहा कि दो देशों के मध्य राजनैतिक व सांस्कृतिक संबंध में सेतु के रुप में कार्य कराना अपने आप में एक गौरव की बात है। जिम्बांबे में देश को बहुत की संर्षष करने के बाद स्वतंत्रता 1980 में मिली थी, जिम्बाब्वे में लोग भारत के प्रति अच्छी भावना रखते है। ब्रह्मकुमार ने मिस्र व ओमान मलेशिया में भारतीय दूतावास में काम किया है। जिम्बाब्वेमें पचास मिलियन डालर की पावर यूनिट वाटर इंटेक सिस्टम बनाकर भारत को दिया है। जिसमें भारत के राष्ट्रपति ने बड़ी प्रशंसा की है। उन्होने कहा जिम्बांवे में सैकड़ों भारतीय काम करते है वे सभी वहा बहुत ही खुश है। जिम्बाब्वे में जाने के बाद आरबेनिक भाषा सीखी थी तभी कोई काम हो पाता था। जिम्बाब्वे को आजाद कराने के लिये जवाहर लाल नेहरु ने बहुत प्रयास किया था यही कारण है कि भारत के प्रति जिम्बाब्वे की अच्ची गुडविल है। जिम्बाब्वे में राष्ट्रपति मुगावे जो बहुत ही फेमस रहे है वह इंदिरा गांधी को अपनी वहन मानते थे। संयुक्त राष्ट्र संघ में जो समेकित रुप से अपनी बात करते है उसमे एक बजन होता है। भारत के मीराकुमार व उपराष्ट्रपति केनारायणन विदेश सेवा में रहे है। हमीरपुर जिले के निवासी नरेंद्र सिंह सरीला भी विदेश सेवा में रहे है उन्होने भारत पाकिस्तान बटवारे को लेकर एक पुस्तक भी लिखी है। जो बहुत ही सराहनीय पुस्तक है। उन्होंने के एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत में डिफेंस कारीडोर व जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत अच्छा विकास होगा इससे आर्थिक स्थिति भी अच्छी होगी। उन्होने कहा कि बुंदेलखंड में अब सरकार द्वारा अच्छी योजनाएं लागू की जा रही है जिससे बहुत की यहा का पिछड़ापन समाप्त हो जायेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी देश तभी विकास कर सकता है जब उसमें उद्योग के प्रति रुचि व चेतना विकसित होगी। इसके लिये मानसिकता बनानी पड़ती है। कई नीतिया है। इस मौके पर सत्येंद्र कुमार, आशुतोष मिश्रा, देवीदास अनुरागी समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## मानसिक तनाव में महिला ने लगाई फांसी, मौत

सुमेरपुर, हमीरपुर। थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम सुरौली बुजुर्ग में रविवार रात एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका का पति हरियाणा में रहकर मजदूरी करता है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर परिजनों को सौंप दियाए जिसके बाद गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। सुरौली बुजुर्ग निवासी रामबाबू प्रजापति हरियाणा में मजदूरी करते हैं जबकि उनकी पत्नी राधा प्रजापति गांव में दो पुत्रों के साथ रहती थीं। उनका बड़ा पुत्र गोविंद कस्बे में फोटोग्राफी का काम करता है। रविवार रात बच्चों के सोने के बाद राधा ने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंचे सुरौली पुलिस चौकी इंचार्ज गुरुचरण सरोज ने बताया कि मृतका के माता-पिता और अन्य परिजनों ने इसे मानसिक तनाव के कारण आत्महत्या बताया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया जिसके बाद शव का पंचनामा कर परिजनों को सौंप दिया गया।

# चौथे दिन जारी रही पल्लेदारों की हड़ताल, नहीं मान रहे पल्लेदार

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नवीन गल्ला मंडी में पल्लेदारों की हड़ताल सोमवार को गल्ला तिलहन व्यापार संघ के साथ हुई वार्ता के बाद भी खत्म नहीं हो सकी। वार्ता विफल होने के कारण हड़ताल के लंबा खिंचने की संभावना बढ़ गई है। हड़ताल से मंडी समिति को राजस्व का नुकसान लगातार हो रहा है।

पिछले गुरुवार को पल्लेदार पल्लेदारी की दर बढ़ाने और अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए थे। सोमवार को गल्ला तिलहन व्यापार संघ ने बैठक बुलाकर वार्ता का प्रयास किया, लेकिन पल्लेदारों की मांगों पर सहमति नहीं बन सकी। गल्ला तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष ने कहा कि पल्लेदार मौजूदा दर को दोगुना करने और बोरे की जगह बोरी के इस्तेमाल की मांग कर रहे हैं, जो वर्तमान में संभव नहीं है। मंडी सचिव ब्रजेश कुमार निगम ने बताया कि पल्लेदारों की हड़ताल से मंडी समिति को अब तक करीब 5 लाख रुपये का राजस्व नुकसान हो चुका है। उन्होंने कहा कि पल्लेदार संघ को अपनी मांगों पर पुनर्विचार करना चाहिए। हड़ताल जारी रहने से नुकसान बढ़ने की आशंका है।

# ठंड से बचाव के लिए गोशाला में हुई अलाव की व्यवस्था

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जिला अधिकारी महोबा मृदुल चौधरी के निर्देश पर गोवंश को ठंड से बचाव लिए गोशाला में जलवाये अलाव भूसा चारे की पर्याप्त व्यवस्था हेतु दिए गए निर्देश पर डीडीओ/बीडीओ पंकज कुमार यादव एडीओ पंचायत राकेश त्रिपाठी एडीओ आईएसबी चेतराम वर्मा, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एमडी सिंह राजपूत ने चरखारी ब्लाक क्षेत्र के गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत रिवई प्रधान श्रीपत पाल एवं जतौरा प्रधान लाल सिंह यादव, गोशाला में से। स्वयं गोशाला में पहुंच कर गोवंश को ठंड से बचाव हेतु साफ सफाई कराकर अलाव जलवाए।

ग्राम पंचायत बम्हौरी बेलदारन एवं अकठौहा में गोवंश को ठंड से बचाव हेतु टीन सेड में पालीथीन, साफ सफाई अलाव भूसा चारे, चोकर गुड़ अजवायन की व्यवस्था प्रधान बर्षा रानी प्रतिनिधि रामसिंह सिंह पाल ने कराई। बम्हौरी बेलदारन गोशाला का पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमपी सिंह राजपूत व सचिव रमेश गुप्ता ने निरिक्षण करते हुए व्यवस्था को परखा। वही लुहारी, गोरखा, बम्हौरी कलां, पहरेथा अकठौहा, रिवई, अस्थौन, जतौरा, टोलासोयम, सालट आदि गौशालाओं में गोवंश को ठंड से राहत के लिए गोशाला में टीन सेड, पॉलिथीन व खाने के लिए भूसा हरे चारे, पेयजल आदि की व्यवस्था दुरुस्त कराई। इस मौके पर प्रधान भान सिंह, ग्राम प्रधान श्रीपत पाल, टोलासोयम प्रधान कस्तूरी त्रिपाठी व सालट प्रधान पूजा, बालकिशुन, अकठौहां प्रधान काशी प्रसाद, सचिव रमेश गुप्ता, राहुल पाठक, हरवंश कुमार, शुऐब दुर्रानी, सुहेल नसीम दुरानी, सतीश कुमार, हिमांशु अग्रवाल आदि ने गोशाला का निरिक्षण किया।

## सद्भावना व सायकिल यात्रा निकालकर दिया संदेश

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने उपलक्ष में संघ के मंडल स्तरीय विद्यार्थी कार्यकर्ताओं के द्वारा साइकिल सद्भावना यात्रा निकाली गई जिसमें स्वयंसेवकों के साथ स्कूली छात्रों ने प्रतिभाग करते हुए खुशी जहर की। जानकारी के अनुसार संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर राष्टीय स्वयंसेवक संघ के मंडल स्तरीयविद्यार्थी कार्यकर्ताओं ने पिपरोदा से कठारे बाबा मंदिर तक स्वयंसेवकों ने स्थापना दिवस एवं सद्भावना साइकिल यात्रा निकली गई इस यात्रा में स्वयंसेवकों ने राष्टीयता से ओत प्रोत भारत माता के जयकारों के साथ बौद्धिक ज्ञान कटारे बाबा मंदिर में दिया गया इस कार्यक्रम में भारत सौरव भागवत स्वामी दयाल पप्पू भरसवा प्रेम सिंह ग्राम प्रधान सहित तीन दर्जन से अधिक छात्र मौजूद रहे मौजूद रहे।



## खबरें एक नजर में

### मदद की जगह फरियादी से अभद्रता करने वाला सिपाही निलंबित

सुमेरपुर(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़। एक ओर जहां दबंगों की शिकायत करने वाले एक फरियादी को यूपी 112 पुलिस की मदद मांगना महंगा पड़ गया जब मदद की जगह उसे गालियों से नवाजा गयाएतो वहीं सिपाही को भी शिकायतकर्ता की समस्या हल करने के बजाय उसे गाली देना उस वक्त महंगा पड़ गया जब ऑडियो वायरल होने पर एसपी ने उसे निलंबित कर दिया है। कस्बा सुमेरपुर के देवगांव रोड निवासी धर्मेन्द्र ने यूपी 112 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ शराबियों ने उसके पिता से शराब पीने के लिए पैसे मांगे और उनके साथ अभद्रता करते हुए गला दबाने की कोशिश की। शिकायत के बाद ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने धर्मेन्द्र को जांच के नाम पर घर से दूर बुलाया। जब धर्मेन्द्र ने वहां जाने से मना किया तो पुलिसकर्मी ने फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उसे गालियां देना शुरू कर दिया। यह पूरी बातचीत धर्मेन्द्र के मोबाइल पर रिकॉर्ड हो गई सोशल मीडिया में वायरल ऑडियो में पुलिसकर्मी की गाली-गलौज साफ सुनाई दे रही है। ऑडियो वायरल होने के बाद मामले की जांच सुमेरपुर पुलिस को सौंपी गई सोशल मीडिया सेल ने भी इसकी पुष्टि की है पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गाली-गलौज करने वाले सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### आत्महत्या से पहले वीडियो वायरल करने वाले युवक की पत्नी और सास पर मुकदमा दर्ज

सुमेरपुर(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़। तीन दिन पहले सल्फास खाकर आत्महत्या करने वाले युवक राजेश उर्फ कल्लू गुप्ता की मौत के मामले में उसकी पत्नी और सास के खिलाफ पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। मृतक के बड़े भाई संतोष कुमार गुप्ता की तहरीर पर यह कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि टेढ़ा गांव निवासी राजेश ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। वीडियो में उसने अपनी पत्नी मुस्कान गुप्ता और सास गीता देवी पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थीए मृतक के भाई संतोष ने कानपुर देहात के पुखरायां कस्बे की गुप्ता गली निवासी पत्नी मुस्कान गुप्ता और सास गीता देवी पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विहिप की समरसता यात्रा का घाटमपुर में हुआ स्वागत

- समरस समाज का निर्माण विहिप का प्रमुख कर्तव्य
- फतेहपुर होते हुए घाटमपुर पहुंची यात्रा, मुख्य चौराहे पर नुक्कड़ सभा भी की गई

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**



विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के सह विभाग सयोंजक शुभम शौर्य अग्निहोत्री ने कहा कि बिना समरसता के हिन्दू समाज का उत्थान नही हो सकता है इसलिये समरस समाज का निर्णय ही विहिप का प्रमुख कर्तव्य है समरसता और संस्कार की ही विहिप का प्रमुख सूत्र है।

समरसता का महत्व बताते हुए शुभम शौर्य ने कहा कि हिन्दू समरस नही होगा तो हिन्दू एकता की बात बेमानी होगी। संत यात्रा का नेतृत्व कर रहे महामंडलेश्वर ब्रजानन्द अवधूत ने राम और कृष्ण के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन में छुआ छूत और भेद भाव का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने माता सबरी और निसाद राज का उल्लेख करते हुए बताया की प्रभु ने अपने जीवन में भेदभाव को कभी स्थान नही दिया इसलिये वह मर्यादा पुरूषोत्तम राम कहलाए।

प्रान्त समरसता प्रमुख शिवस्वरूप ने कहा सन्त रविदास एवं बाल्मीकि का उल्लेख करते हुए कहा कि हिन्दू धर्म किसी छुआ छूत भेदभाव को नही मानता अन्यथा दोनों इस प्रकार पूजित और सर्व समाज में स्थापित न होते । इससे पूर्व सन्त रविदास व वाल्मीकि के चित्रों से सजी झांकी वाली यात्रा फतेहपुर होते हुए नौरगा, घाटमपुर पहुंची जहाँ उसका मेंन चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया वही साथ चल रहे सन्तो ने लोगों के समरसता के महत्व को समझाया। इस दौरान मनीष सचान,राजा अग्निहोत्री, पूतु पाण्डेय, संतोष टोपा, रमन अवस्थी, जीतू अवस्थी, राजेश अवस्थी, शिवम दीक्षित, शशीभूषण द्विवेदी, ज्ञानेश सिंह, वर्षा गोस्वामी, माया शुक्ला, विमल चक आदि लोग रहे।

## स्टाल लगाकर चाय वितरित की



**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

भीषण ठंड एवं चल रही सर्द हवाओं के बीच उद्योग व्यापार मंडल ने गुजर रहे राजगीरों को राहत पहुंचाने के मकसद से स्टॉल लगाकर चाय वितरित किया और राहगीरों ने चाय की चुस्की लेते हुए राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष जे के गुप्ता अपने साथियों के साथ नई पहल करते हुए कस्बे के थाने चौराहा में चाय का स्टाल लगाकर वहां से गुजर रहे राहगीरों को चाय पिलाया और चाय की गर्मी से ठंड में राहत मिली इस अवसर पर उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकर्ता मनीराम गुप्ता हर्षित गुप्ता मैहर आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक जिला अस्पताल में भर्ती

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़। क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में दो घायल दोनों घायलों को लहू लुहान हालत कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत एक घायल की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंगोहटा गांव निवासी सुमित पुत्र रमेश रविवार की शाम सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने पर राहगीरो की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार ना होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया इसी प्रकार कस्बा निवासी श्रवण कुमार 45 वर्ष पुत्र राधेश्याम सड़क पर गिर घायल हो गए लहुलुहान हालात में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# कानपुर मंडल अध्यक्ष की अगुवाई में प्रदेश अध्यक्ष ने दिलाई शपथ

- शिक्षा ही विकास की जननी, धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी: प्रदेश अध्यक्ष

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**




जनपद कानपुर नगर- मंडल मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह तोमर के द्वारा आयोजित कानपुर मंडल के कानपुर जिले के पद ग्रहण समारोह एवं सदस्यता अभियान का आयोजन कानपुर नगर के काकादेव में किया गया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज सिंह भदौरिया ने समापन पर राणा प्रताप चौराहे का लोकार्पण पदाधिकारियों के संग किया। मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह तोमर के द्वारा आयोजित पद ग्रहण समारोह में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज भदौरिया एवं वरिष्ठ महामंत्री धीरेन्द्र सिंह भदौरिया तथा प्रदेश संगठन मंत्री पंकज राजावत का स्वागत कार्यकर्ताओं ने मल्यार्पण एवं अंग भेंटकर किया। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया ने कहा सामाजिक एकता व एकजुटता से ही समाज का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज एकजुटता के साथ अपनी ताकत नहीं दिखाएगा तब तक समाज की इसी तरह अनदेखी होती रहेगी। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा एवं धन की कमी नहीं है कमी है तो लोगों में सिर्फ एकजुटता के साथ समाज में कंधे से कंधा मिलाकर अपने हक की मांग करने की। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बालिका शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि समाज में बेटे बेटियों में पीढ़ियों से चली आ रही भेदभाव रुपी असमानता को समाप्त नहीं करेगा तब तक समाज विकास की ओर अग्रणी नहीं हो सकता है। उन्होंने समाज के लोगों को सामाजिक एकता व एकजुटता के साथ मुकाबला करने की बात कही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री धीरेन्द्र भदौरिया एवं प्रदेश संगठन मंत्री पंकज राजावत ने कहा कि शिक्षा ही विकास की जननी है उन्होंने कहा कि एक बालिका के शिक्षित होने से तीन परिवारों का उद्धार संभव है। समाज के युवाओं को नशे जैसी प्रवृत्ति को त्याग कर शिक्षा की ओर बढ़ना चाहिए ताकि समाज विकास कर सके। इस दौरान कृष्ण बहादुर सिंह को मण्डल उपाध्यक्ष, प्रमोद सिंह राठौर उपाध्यक्ष, अजय सिंह तोमर महामंत्री, राकेश सिंह राजावत सचिव, राज सिंह चौहान सचिव, रामवीर सिंह चौहान सचिव, को शपथ दिलाई गई। इस दौरान मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह तोमर, शैलेन्द्र सिंह सेंगर, सुखबीर सिंह चौहान, महेंद्र सिंह परिहार, योगेंद्र सिंह राजावत, सुशील सिंह, रामपाल सिंह चौहान, दिव्यांशु राजावत सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अभिमानी का अभिमान नष्ट करने प्रभु स्वयं आते रहे हैं

- मनुष्य को धन, पद, बल का अहंकार नहीं करना चाहिए

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



प्रभु की कृपा से प्राप्त यश, बल और धन का कभी अभिमान नहीं करना चाहिए, इसे प्रभु का प्रसाद मानकर स्वयं तथा दूसरों को भी साझा करना चाहिए। अभिमान इस महान कृपा का सर्वनाश कर महत्वहीन कर देता है। उक्त उद्गार कथावाचक पंडित हरिकृष्ण शास्त्री ने व्यक्त किए। श्री शास्त्री यहां स्वामी विवेकानंद विद्यालय में हो रही श्रीमद्भागवत कथा में मौजूद भक्तों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा लाभ, हानि, जीवन मरण, यश अपयश सब कुछ नारायन के हाथ में है। मनुष्य उसके दिशा निर्देशों का पालन करते हुआ अपनी जीवन लीला पूर्ण करता है। प्रभु की असीम कृपा से ही इस संस्मरण मनुष्य को धन, यश तथा मान सम्मान मिलता है। इसे पाने के बाद अभिमान से बचना चाहिए क्योंकि अभिमानी का अभिमान नष्ट करने प्रभु स्वयं आते रहे हैं। उन्होंने दुर्योधन, राजा कंश राजा इंद्र का उदाहरण देते हुए उनके अभिमान नष्ट करने संक्षिप्त वर्णन किया। कहा कि राजा इंद्र को भी अभिमान था और उनकी पूजा न करके ग्वाल बालों से गोवर्धन पर्वत की पूजा कराकर भगवान कृष्ण ने उनके अभिमान को तोड़ने का काम किया था। मौजूद लोगों को श्री कृष्ण की बाल लीलाओं में पूतना वध, माखन चोरी, कलिया दाह रास लीला का रोमांचक वर्णन करते श्री शास्त्री ने कहा घर के सभी बच्चे भगवान का ही स्वरूप होते हैं उनको भरपूर प्यार व शिष्टाचार देना चाहिए। उन्होंने सभी संगृहीत आश्रम के दायित्वों के निर्वहन के लिए समाज में आर्थिक लाभ के कार्य करने के साथ ही परमार्थ के कार्य भी करते रहना चाहिए। गोवर्धन पूजा को लेकर विद्यालय द्वारा 56 प्रकार भोग प्रसाद बनवाया गया। आरती के बाद कढ़ी चावल में 56 भोग का भी वितरण किया गया। संगीतमई कथा में दीनानाथ झा, नीरज शास्त्री, राम किशन गोस्वामी ने कथा में सहयोग किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या शशिबाला रावड़ा, उषा रावड़ा, अंजू रावड़ा, आदर्श शुक्ला सहित भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।

## सभासद रोहित सिंह ने जरूरतमंदों को बांटें कंबल



**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** जवाहर नगर पश्चिमी वार्ड छह के सभासद रोहित सिह ने अपने वार्ड की गरीब, विधवा, विकलांग, असहाय, वृद्धजनों सहित कई जरूरतमंद लोगों को सर्दी बचाव हेतु कम्बल वितरण किया। कंबल वितरण में पूर्व सैनिक जयमूर्ति यादव, सैनिक महासभा अध्यक्ष, पूर्व सैनिक आर.बी.सिंह, बसपा विधानसभा अध्यक्ष संजय संखवार, रौनक पांडे, हरिओम अवस्थी, आर्यन, आशीष, कृष्णकुमार, विकास सचान, वारिस, तन्नू ठाकुर आदि भी मौजूद रहे । सभासद ने बताया कि वार्ड के बचे हुए जरूरतमंद लोगों को कैंप कार्यालय मे कबल वितरण कार्य किए जायेंगे।

# चरखारी पुलिस ने आत्महत्या के लिये उकसाने वाले आरोपी को भेजा जेल

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



पीएम श्री बालिका इंटर कालेज में पढ़ने वाली छात्रा को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने वाले अभियुक्त को चरखारी स्टेशन के पास से किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गई उ.नि. राजनारायण मय हमराह कां. अंशुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं. 02/2025 धारा 108/351(2) बीएचनएस से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त संदीप सिंह परिहार पुत्र विजय सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम टोला खगारन थाना चिकासी जनपद हमीरपुर को चरखारी स्टेशन के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

# एआरटीओ ने वाहन चालकों को किया जागरूक

## चौराहे से बिना सीट बैल्ट, बिना हैलमेट पहनकर वाहन चलाने वालों को रोककर उन्हें पहनाई माला

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नगर के देवनगर चौराहे पर एआरटीओ ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया।

एआरटीओ राजेश कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सोमवार को नगर के देवनगर चौराहे पर वाहन चालकों को जागरुक किया।

चौराहे से बिना सीट बैल्ट, बिना हैलमेट पहनकर वाहन चलाने वालों को रोककर उन्हें माला पहनाई गई। साथ ही यातायात नियमों की जानकारी देकर बताया कि यातायात नियमों का पालन करने से जान जाने का जोखिम कम से कम होता है। आप जब घर से निकलते हैं तो आपके वापस घर लौटने पर आपके परिवार के सदस्य आपका इंतजार करते हैं। यातायात नियम आपकी सुरक्षा के लिए ही बनाए गए हैं। इसलिए आप यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। इससे न सिर्फ आप स्वयं को बचा सकते हैं बल्कि सड़क पर दूसरों के लिए भी खतरा पैदा नहीं करेंगे।

आप यह सोचकर चलें कि घर पर कोई आपका इंतजार कर रहा है। कोहरे में वाहन अधिक गति पर न चलाएं और सामने वाहन आने पर लो बीम लाइट का प्रयोग करें। साथ ही नशे का सेवन कर कदापि वाहन न चलाएं।

इतना ही नहीं भारत को भी विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जरूरी है कि सड़क दुर्घटनाएं कम से कम हों और इन आंकड़ों को कम करने में आप ही मदद कर सकते हैं।



बाइक चालक को माला पहनाकर हैलमेट लगाने की दी जा रही सलाह।

## छह युवकों ने रंजिशन युवक से की मारपीट

**जालौन,उरई।** रंजिश को लेकर आधा दर्जन युवकों ने मिलकर एक युवक के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने मामले की तहरीर चौकी पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। छिरिया सलेमपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम शेरपुरा निवासी राज ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार की दोपहर गांव के युवकों के साथ पंचायत भवन के पास क्रिकेट खेल रहा था। इसी दौरान रंजिश को लेकर मलकपुरा गांव का युवक आधा दर्जन साथियों को लेकर वहां पहुंच गया और उसके साथ गाली, गलौज करने लगा। मना करने पर उसने साथियों के साथ मिलकर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट का वीडियो किसी ने बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# शव रखकर सड़क जाम करने पर 12 नामजद, कई पर केस दर्ज

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

चार दिन पूर्व सड़क पर शव रख कर जाम एवं धरना प्रदर्शन किए जाने के मामले में पुलिस ने सख्त रूख अख्तियार करते हुए एक दर्जन से अधिक नामजद व कई अज्ञात महिला पुरुष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। उप निरीक्षक नौशाद अली खान द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि प्रदर्शन के दौरान आरोपियों ने विपक्षी का छप्पर जलाया और विवादित जमीन पर शव की अन्तयेष्टि किया वहीं सड़क जाम के दौरान सरकारी एंबुलेंस भी घंटों फंसी रही। बताते चलें थाना दरियाबाद क्षेत्र के ग्राम मसूदपुर निवासी संतराम वर्मा व रमेश चंद्र वर्मा के मध्य खजूरी चौराहे पर स्थित एक भूमि को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है । इसी भूमि पर कबजेदारी को लेकर बीते 14 दिसंबर को दोनों पक्षों के मध्य मारपीट हुई थी । जिसमें रमेश चंद्र वर्मा पक्ष के सुनील कुमार वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए थे । जिसमें बदोसराय पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर घायल को उपचार के लिए भेज दिया था । 3 जनवरी को सुनील कुमार वर्मा का इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में निधन हो गया। घंटो जाम के बाद समझाने बुझाने पर प्रदर्शनकारी मान गए और शव की अन्तयेष्टि विवादित भूमि पर कर दिया था।

## जमीनी विवाद में हुई मारपीट में महिला घायल

**फतेहपुर। बाराबंकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पलंगा मजरे गौरा गजनी में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई घटना में एक महिला गम्भीर रूप से घायल हुई प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित पक्ष राम प्रवेश ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही रुप चंद और उनकी पत्नी रुपरानी जमीनी विवाद को लेकर हम लोगों के ऊपर हमला कर दिया।

जिसमें रंजिता गम्भीर रुप से घायल हो गई और हमलवार गालियां देते हुए मौके से फरार घायल रंजिता को इलाज के लिए जब सी एच सी फतेहपुर पहुंचे तो मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत नाजुक होने के कारण जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया है।

# गरीबों को प्रधान के आग्रह पर एसडीएम ने बांटे कम्बल



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

शीत लहरी एवं ठिठुरती ठंड से गरीबों, विधवाओं एवं विकलांगों को बचाने के लिए ग्राम प्रधान सतरही राजन सिंह के आग्रह पर उपजिलाधिकारी मो0शम्स तबरेज खां द्वारा गांव पहुंचकर कंबलों का वितरण किया गया। बलरामपुर फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में 50 गरीब व जरूरतमंदो को एसडीएम एवं प्रधान राजन सिंह द्वारा कम्बलवितरित किये गये। गांव के विजय सिंह राधेश्याम ननकये सिंह बुद्धू उपस्थित रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री का कार्य संपादन के लिए आधी रात्रि तक खुले रहेंगे जन सुविधा केन्द्र

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

- पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना जरूरी: डीएम
- फार्मर रजिस्ट्री कार्य में हुई शिथिलता तो जन सुविधा केंद्रों पर होगी कार्रवाई

जनपद में फार्मर रजिस्ट्री की धीमी प्रगति को देखते हुए जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार द्वारा जनपद के सभी जन सुविधा केंद्रों को प्रातः 5:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे एवं सायं 5:00 से रात्रि 12:00 बजे तक खोलते हुए फार्मर रजिस्ट्री का कार्य संपादित करने हेतु निर्देशित किया गया है। यह जानकारी उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस कार्य में सहयोग हेतु सम्बंधित उप जिलाधिकारी के स्तर से जनपद के प्रत्येक गांव के समस्त जन सुविधा केंद्रों हेतु कृषि विभाग/ राजस्व विभाग के क्षेत्रीय कार्मिकों /पंचायत सहायक को नामित किया गया है, जो जन सुविधा केंद्रों पर किसानों को लाने का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जन सुविधा केंद्र द्वारा प्रतिदिन कम से कम 30 फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाना है। उन्होंने बताया कि कार्य में शिथिलता बरतने वाले जन सुविधा केंद्रों एवं कार्मिकों के विरुद्ध जिलाधिकारी के स्तर से कठोर कार्यवाही की जाएगी। उप कृषि निदेशक ने समस्त किसान भाइयों को सूचित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री को अनिवार्य कर दिया गया है जो भारत सरकार से उपलब्ध कराए गए ऐप एवं वेब लिंक के माध्यम से 4 मोड जिसमें जन सेवा केंद्र,सेल्फ मोड,कैंप मोड एवं सहायक मोड से की जा रही है। फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किसान स्वयं से भारत सरकार से उपलब्ध कराए गए वेबलिंक के माध्यम से भी अपनी बनाकर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य आसानी से निःशुल्क कर सकते हैं ,इस प्रक्रिया में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य एक बार में लैंड एडिशन दोनों प्रक्रिया पूर्ण करके किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री आसानी से बना सकते है इस कार्य में किसान स्वयं, अपने बच्चों अथवा सरकारी सेवक की मदद लेकर इस कार्य को पूर्ण कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त यानी 19 वीं किस्त किसानों को तभी प्राप्त होगी जब उनकी फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण कर लेते है। अतः सभी सम्मानित किसानों को अवगत कराना है कि भारत सरकार से उपलब्ध कराए गए वेबलिंक उप कृषि निदेशक ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। अतः किसान भाई अपने निकटस्थ जन सेवा केंद्र के माध्यम से अपनी फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से कराने का कष्ट करें।

# अज्ञात कारणों से लगी छप्पर में आग, सामान हुआ राख

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

- ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया किन्तु आग पर काबू नहीं कर पाए
- लेखपाल ने दी तिरपाल कंबल व अन्य आवश्यक सामग्री

रात मे अज्ञात कारणों से एक छप्पर में आग लग गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई।आग लगने से छप्पर के नीचे रखा हजारों का सामान जल गया।

रविवार को देर रात अचानक ग्राम कैरातिनपुरवा मजरे हजरतपुर निवासी रामशंकर पाल के घर में रखे छप्पर में आग लग गई। आग की लपटे उठने पर गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया किन्तु आग पर काबू नहीं कर पाए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाई। सोमवार को लेखपाल महेंद्र जयसवाल ने गांव पहुंच कर नुकसान का आकलन कर तिरपाल कम्बल एवं अन्य आवश्यक सामग्री दी और छतिपूर्ति दिए जाने का आस्वाशन दिया है। वहीं ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने भी गांव पहुंच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया है। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि ओंन मियां, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुधांशु वर्मा, असीम श्रीवास्तव, राजकुमार, आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### वन विभाग की कार्यवाही से वन माफियाओ मे हड़कंप



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा क्षेत्र के वन दारोगा की लगातार कार्यवाही से वनमाफियाओ मे दहशत का माहौल है। बताते चले कि क्षेत्र के ग्राम शरीफबाद मे शीशम, महुआ, नगर पंचायत सुबेहा मे गूलर, फूलशाह गढ़ी मे शीशम आम की अवैध कटान पर वन दरोगा अनुज सिंह द्वारा अधिनियम 1976 की धारा 4/10 व अन्य वन उपज अधिनियम 1978 की धारा 3/28 के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया हैं। जिससे वन माफिया के बीच हड़कंप मचा हुआ हैं।

### खोदी गई सड़क नही हुई मरम्मत, ग्रामीणों में आक्रोश

**जैदपुर, बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर के वसीनगर वार्ड में ठेकेदारों द्वारा पाइप लाईन डालने में खराब हुये मार्गों की मरम्मत न होने से मोहल्ले के लोगों को हो रही भारी दिक्कत जानकारी के अनुसार कस्बे के मोहल्ला वसीनगर में पाईप लाईन के लिये खोदी गयी रोड के खराब होने से आम जनता हो रही है काफी दिक्कत। रोड दुरूस्त न होने से अब पैदल चलने वालों के लिए भी बड़ी मुसीबत बन गयी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह वार्ड का मुख्य मार्ग है जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को लाने और ले जाने में काफी परेशानी होती है वहीं छात्र और छात्राओं को स्कूल और कॉलेज में भी परेशानी होती है।

### शादी में डीजे बजाकर वापस आ रहे व्यक्ति को दबंगो ने पीटा

**जैदपुर बाराबंकी।** शादी से डीजे लेकर वापस आते समय कई लोगो ने मिलकर पीड़ित व सहयोगियो को जमकर मारा पीटा।जिसकी शिकायत जैदपुर पुलिस से करने पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार राहुल कुमार पुत्र भगवानदीन निवासी ग्राम बबुरिहा थाना सतरिख ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि अपने गांव में हुई शादी का डीजे वापस करके वापस बरौली मलिक से आ रहा था।जब प्रार्थी अपना ट्रैक्टर बरौली मलिक के अन्दर लेकर आया तब वहां पर उपस्थित मोहल्ले के आरिफ पुत्र अजात व कफील,लसीम पुत्र अजात अकील पुत्र अज्ञात समस्त निवासी ग्राम व पोस्ट बरौली मलिक व गांव के तमाम लोग प्रार्थी व उनके साथ गये लोगों पर ईट गुम्मे से प्रहार कर दिया व प्रार्थी के साथी अमन को घर में खींचकर काफी मारापीटा तथा प्रार्थी के साथ पंकज पुत्र रामविलास व कौशल पुत्र रामफेर निवासी याम बबुरिहा जैनाबाद-थाना-सतरिख व अमन पुत्र अजात निवासी जरमापुर थाना सतरिख बाराबंकी जिनके काफी चोट लगी है।जिनका ईलाज चल रहा है। शिकायत के आधार पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### वृद्ध बाइक चालक ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर, मौत

**जालौन (उरई)।** बाइक लेकर उरई जा रहे वृद्ध ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम खरगुई निवासी रमेशबाबू (60) रविवार की देर शाम सिरसा कलार से हरीपुरा गांव किसी काम से आए थे। गांव में काम निपटाकर वह उरई जा रहे थे। जब वह गांव से निकलकर औरैया रोड पर पहुंचे और कुछ आगे चले तभी प्रतापपुरा गांव के पास एक मटर से लदा ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़ा था। मटर से लदे ट्रैक्टर को वह रात में कोहरे के चलते देख नहीं सके और उनकी बाइक ने ट्रैक्टर में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां से निकल रहे राहगीरों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी देकर शव का पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# बाजपुरा घाट पर पक्का पुल बनवाने की मांग, सौंपा ज्ञापन



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

बाबा टीकाराम सेतु निर्माण संघर्ष समिति द्वारा बाजपुरा घाट पर पक्का पुल बनाए जाने को लेकर सोमवार को राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्माज को उनके आवास पर पहुंच कर ज्ञापन सौंपा गया। श्री शर्मा ने इस दौरान जल्द से जल्द बाजपुरा घाट पर पक्का पुल निर्माण करवाने की घोषणा की। बाबा टीकाराम सेतु निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष मनोज सिंह (टीकारामन ),ओमप्रकाश रावत मंडल मंत्री भाजपा कोठी, जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल, भगवान दत्त मिश्रा, प्रधान संदीप मिश्रा, जिला कार्यकारिणी सदस्य भगवत लाल रावत, त्रिभुवन सिंह, साहब सिंह, अमित सिंह, प्रधान गुरु प्रसाद रावत आदि मौजूद रहे।

## हाईवे किनारे बेशकीमती प्लाट पर कब्जे की जंग शुरू

**कालपी,जालौन।** हाईवे किनारे स्थित वेशकीमती प्लाट पर कब्जे जंग शुरू हो गयी है। रविवार शाम पुलिस ने झगड़ रहे चार लोगों को हिरासत में लिया है। नगर स्थित हाईवे पर एचपी पेट्रोल पम्प के बगल में एक प्लाट मौजूद है और इस वेशकीमती जमीन पर कई लोगों की निगाहें टिकी है जिसके चलते इस पर कब्जे को लेकर कई बार भू माफिया आमने सामने आ चुके है और इसी क्रम में सोमवार सुबह भी इस प्लाट पर कब्जे को लेकर दो लोग आमने सामने आ गये थे हालांकि मामला आगे बढ़ता कि इससे पहले मौके पर पहुंचे पुलिस के दल ने प्लाट पर कब्जे को लेकर झगड़ रहे चार लोगों को हिरासत मे लिया है। पुलिस के अनुसार जमीन पर झगड़े के दौरान हिरासत में लिए गये चारों लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्यवाही की जा रही है।

# दबंगों ने जोती फसल दी जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सरसों लगे खेत की भूमि को जबरन जोतने का विरोध करने पर जान से मारने की दी गयी धमकी। जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाना जैदपुर में की है।

पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। राकेश कुमार पुत्र लालजी निवासी ग्राम निंबहा मजरे छन्दवल थाना जैदपुर बारांकी ने जैदपुर थाने में शिकायत करते हुये बताया भूमि गाटा सं0-1583 स्थति ग्राम छन्दवल में मैने वर्तमान समय में सरसों की फसल वोई थी जिसमें दिनांक 22/23-12-24 की रात्रि में विपक्षी जन सन्तोष शुक्ला उर्फ लवलेश कुमार तथा निषि पूनम शुक्ला पत्नी स्व0 दिनेश शुक्ला एंव निषि पूनम शुक्ला का लड़का इन लोगो द्वारा मेरी बोई हुई फसल को जोतकर गेहूं बो दिया एवं चारो तरफ पिलर गाड दिया जिससे प्रार्थी की फसल का नुकसान हो गया। जब प्रार्थी ने इन लोगों से पूछा तब विपक्षी जनों ने बोला खेत की तरफ मत जाना नहीं तो जान से मार दूंगा। जबकि उक्त भूमि का कोर्ट से यथास्थिति का आदेश हैं। जैदपुर पुलिस ने उक्त मामले में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## घायल की तहरीर पर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जालौन,उरई।** सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालाबाद निवासी भूपेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि बीती 17 दिसंबर को वह शाम करीब पांच बजे चुंगी नंबर चार के पास अपने एक साथी का इंतजार सड़क किनारे खड़ा होकर कर रहा था। इसी दौरान औरैया की तरफ विपरीत दिशा में जा रही बाइक के चालक ने बेकाबू होकर उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। वहां मौजूद उसे सीएचसी ले गए जहां से उसे उच्च संस्थान रेफर कर दिया। अभी भी उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# ट्रैक्टर-ट्राली पलटने के बाद ठेकेदार चालक गायब, घायल परेशान

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

हाईवे पर ट्रेक्टर ट्राली पलटने के बाद रेलवे ठेकेदार के साथ ट्रेक्टर लेकर चालक भी गायब हो गया है। जिससे दुर्घटना में घायल हुआ मजदूर परेशान घूम रहा है।

विदित हो कि गत शुक्रवार दोपहर रेलवे लाईन की रेलिंग निर्माण कार्य में लगी ट्रेक्टर ट्राली हाईवे स्थित ज्ञानभारती पुलिस चौकी के पास पलट गयी थी जिसमें लदे भारी भरकम ऐंगल मे दबकर कई मजदूर घायल हो गये थे जिन्हें मौके पर पहुंची हाईवे की टीम ने सीएचसी मे दाखिल कराया था लेकिन हालत गम्भीर होने पर उन्हे जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया था। वही दुर्घटना के बाद रेलिंग कार्य में लगे ठेकेदार के साथ चालक भी मौके पर ट्राली छोडकर ट्रेक्टर लेकर फरार हो गया था। अब दुर्घटना में घायल मजदूरों का कोई पुरसाहाल नही है। जोल्हूपुर गाँव निवासी घायल आकाश के अनुसार उसके जबड़े में कई जगह फ्रेक्चर आ गया है तो उसके एक अन्य साथी का भी पैर टूट गया है लेकिन डाक्टरों ने बगैर पुलिस कार्यवाही के इलाज करने से इनकार कर दिया है। सोमवार को गम्भीर रूप से परेशान युवक ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की माँग की है। पुलिस ने भी घायल को दुर्घटना के जिम्मेदार के खिलाफ मामला दर्ज कराए जाने का आश्वासन दिया है।

## रोमई मुस्तकिल प्रधान ने गौशाला में जलवाया अलाव

**कुठौंद,जालौन।** खंड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में ग्राम विकास अधिकारी अरुण कुमार तथा ग्राम पंचायत रोमई मुस्तकिल प्रधान विनोद कुमार राठौर को निर्देशित किया गया। गौशाला के अंदर अलाव जलाने की उचित व्यवस्था कायम रखें। ताकि गौवंशों को आग की तपन प्राप्त हो सके। गौशाला के अंदर भूसा एवं हरा चारा की उचित व्यवस्था उपलब्ध की गई हैं। गौशाला में तैनात केयर टेकरों द्वारा गौवंशों की भली भांति देखभाल की जा रही हैं ताकि शीतलहर के दौरान गौवंशों को सुरक्षित रखा जा सके। इसके लिये छाया की व्यवस्था की गयी हैं।

# पुण्यतिथि पर याद किये गए पंडित श्यामलाल बाजपेई

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



विधानसभा क्षेत्र से पूर्व में विधायक रह चुके व पूर्व मंत्री स्वर्गीय पंडित श्यामलाल बाजपेई की पुण्यतिथि आज ग्राम्यांचल परिसर स्थित स्मृति उपवन में मनाई गई ।

इस अवसर पर स्मृति उपवन में स्थापित स्वर्गीय पंडित श्यामलाल वाजपेई की प्रतिमा पर उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति व जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत व भाजपा नेता पंडित सिद्धार्थ अवस्थी ने माल्यार्पण भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर अपने संक्षिप्त संबोधन में श्री रावत ने कहा कि श्याम लाल बाजपेई एक कर्मठ तथा जुझारू नेता थे ।जनता की सेवा में तो वह समर्पित थे ही साथ ही नेकदिल तथा मिलनसार प्रतिभा के भी धनी थे। भाजपा नेता पंडित सिद्धार्थ अवस्थी ने कहा कि श्री वाजपेई का व्यक्तित्व व कृतित्व आज भी लोगों को प्रेरणा देने का काम कर रहा है। सिद्धू भैया ने कहा कि श्री वाजपेई ने लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र संघ के अध्यक्ष पद पर रहते हुए जहां छात्र-छात्राओं व युवाओं में एक नया जोश भरने का काम किया वही विधायक व मंत्री रहते हुए विकास के नए आयाम भी स्थापित किये ।यही कारण है कि स्व0वाजपेई आज भी लोगों के दिलों में अपनी पहचान बनाए हुए हैं।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष जनार्दन शुक्ला, युवा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजकुमार सोनी, भाजपा सेक्टर अध्यक्ष करुणेश द्विवेदी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष त्रिवेदीगंज उत्तम वर्मा तथा माता-पिता धाम के मुखिया पंकज मिश्रा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह की तैयारियां हुई तेज

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**




श्रीराम जन्मभूमि 11,12 व 13 जनवरी को आयोजित होने वाले प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह को गति देने और कार्यक्रम को व्यापक बनाने के लिये श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सहयोग में संघ परिवार उतर पड़ा है।कार्यक्रम की तैयारी को लेकर ट्रस्ट जंहा लगातार छोटी छोटी बैठकों के माध्यम से सक्रिय है वही उसने विगत वर्ष संपन्न हुये प्राण प्रतिष्ठा की भांति संघ परिवार से भी सहयोग के लिये अपील की और संघ परिवार के पदाधिकारी इस आयोजन में अपना पूरा सहयोग देने में सक्रिय हो गये हैं। सोमवार को अपराह्न कारसेवकपुरम् में स्थित भारत कल्याण के राम सदन हाल में अयोध्या महानगर और जिले के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें तीर्थ क्षेत्र के महासिव चम्पतराय, ट्रस्टी अनिल मिश्र,विहिप केंद्रीय मंत्री गोपाल,मेयर गिरीशपति त्रिपाठी, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, महानगर संघचालक विक्रमा पांडेय, वरिष्ठ नरेन्द्र,पूर्व सांसद लल्लू सिंह विभाग प्रचारक किशन, जिला प्रचारक योगेंद्र महानगर प्रचारक सुदीप,विहिप के शरद शर्मा, विजय सिंह,जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ,महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्र,परमानंद मिश्र, महेश मिश्र,प्रधानाचार्य अवनीश, प्रेम प्रकाश, डॉ चंद्रगोपाल महानगर मंत्री विवेक,सहकार भारती के उपाध्यक्ष रामप्रकाश त्रिपाठी, मातृशक्ति की सुनीता श्रीवास्तव, आदि उपस्थित रहीं। बैठक का मार्गदर्शन करते हुये ट्रस्ट महासचिव ने कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। उन्होंने तीन दिवसीय कार्यक्रम के विभिन्न तिथियों और सत्रों पर व्यापक प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक अनुष्ठान हमें आंतरिक और बाह्य ऊर्जा से भरने वाला है।

# घर बंटवारे को लेकर हुई मारपीट पति-पत्नी घायल

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

वाह रे दबंगों की दबंगई परिवार के लोगों को इतनी बुरी तरह से पीटा, जैसे लगता है कि इनको न तो किसी का डर है और न ही किसी का खौफ है। गोरखपुर के थाना- सहजनवा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम- अचियापार बीते रात में घर के बंटवारे को लेकर दीवाल चलाया जा रहा था। दीवाल चलाने के बाद जब काम खत्म हो गया तो विपक्षी विकास जो कि इनका भतीजा है , दीवाल को गिरा दिया ! विंध्याचल ने दीवाल गिराने को लेकर विरोध किया तो विपक्षी विकास और उसकी



बहने बेबी,अनन्या और अनामिका ने मिलकर लाठी, डंडे, ईट, पत्थर और लोहे की राड जो सामने आया उठाकर मार दिया और विंध्याचल का सर फोड़ दिया जिससे उनके सर में गंभीर चोट आई है और उनकी पत्नी को भी मिल करके मारा पीटा गया जिससे उनके पत्नी के सर में भी चोट आई मारपीट इतना ज्यादा हुआ कि विंध्याचल का पूरा शरीर खून से लथपथ हो गया। मामला गंभीर होते देख घर के लोग इनको गोरखपुर मेडिकल कराने को उपचार हेतु ले गए ।

# सीएचसी में की लगे अग्निशामक यंत्रों की पड़ताल

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**



नवंबर माह में मेडिकल कालेज झांसी में हुए अग्निकांड की घटना को लेकर अग्निशमन विभाग सतर्कता दिखा रहा है। सोमवार को अग्निशमन विभाग की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अग्निशामक यंत्रों की पड़ताल की और कर्मचारियों को उनका प्रयोग करना सिखाया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित अग्निशमन सतर्कता कार्यक्रम के तहत अग्निशमन केंद्र प्रभारी महेंद्र प्रताप बाजपेयी की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि पोर्टेबल अग्निशामक यंत्र कई प्रकार के होते हैं, प्रत्येक को रंग कोडिंग और लेबलिंग द्वारा पहचाना जा सकता है। जांच लें कि आप जिस अग्निशामक यंत्र का उपयोग करने जा रहे हैं वह आग के प्रकार के लिए उपयुक्त है अथवा नहीं।

जैसे कि बिजली के उपकरणों से जुड़ी किसी भी आग पर पानी के अग्निशामक यंत्र का उपयोग कभी नहीं किया जाना चाहिए। कहा कि यंत्रों की जांच भी समय समय पर करते रहें। यदि यंत्र एक्सपायर हो गया है तो उसे बदला जाना चाहिए। उन्होंने चिकित्सालय में लगे अग्निशमन उपकरणों की पड़ताल की और कर्मचारियों को फायर सिलेंडर चलाना सिखाया। बताया कि एबीसी सिलेंडर का उपयोग आग लगने पर किया जाता है। सीओ टू फायर सिलेंडर का उपयोग इलेक्ट्रिक समान में जैसे पैनल बोर्ड आदि में किया जाता है। शिविर में चिकित्सालय परिसर में आग को बुझाकर दिखाया गया।

# भाकियू लोकशक्ति ने उठाई किसानों की समस्या

**डीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा**

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौपते किसान नेता।

विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने डीएम को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंप कर शिकायतों के निस्तारण की मांग की। इसके बाद नायब तहसीलदार ने किसानों को समस्या के निस्तारण का भरोसा दिलाया। कहा कि उच्चाधिकारियों को समस्या से अवगत कराने के बाद मांगों को जल्द पूरा कराया जाएगा। सोमवार को नगर के निरीक्षण भवन परिसर में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिओम गुप्ता के नेतृत्व में किसानों व पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी को संबोधित 04 सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार राम प्रकाश को सौंप कर अपनी मांगे रखी। जिसमें कहा है कि खाद की कालाबाज़ारी रोकी जाए। जिससे किसानों को समिति से खाद समय पर मिल सके। ग्राम रोहली में इतवारी लाल के मकान के विषय की जांच करवाई जाए। बिजली विभाग के द्वारा 37 गांव की जो बिजली काटी गई है। वह बहाल की जाए और टोल प्लाजा पर किसानों के वाहनों से टोल न वसूला जाए। उन्हें निःशुल्क किया जाए। साथ ही कन्नौज जिलाध्यक्ष गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि हम सब भाकियू लोकशक्ति संगठन के किसान कई बार विभिन्न शिकायत को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन दे चुके है। लेकिन अधिकारियों के कानों में जू नहीं रेंगती।

अगर इस बार उनकी मांगों का संज्ञान अधिकारियों ने नही लिया। तो संगठन बड़ा आंदोलन करने पर विवश होगा। इस मौके पर महिला जिलाध्यक्ष पिंकी तिवारी, युवा जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, मकबूल अहमद, हाशिम अली, कयूम खान, सोनिया गुप्ता सहित तमाम भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# होटल में रखे जेनरेटर का सामान चुरा ले गये चोर

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**



घटना स्थल पर मौजूद पुलिस।

छिरिया मलकपुरा चौकी से चंद कदम दूरी पर निर्माणाधीन होटल को चोरों ने बनाया निशाना। अज्ञात चोर होटल में रखे जेनरेटर का सामान खोलकर ले गये। पीड़ित चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी जयदीप तिवारी छिरिया मलकपुरा चौकी से कुछ दूरी पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास एक होटल का निर्माण करा रहे हैं। निर्माणाधीन होटल में जेनरेटर रखा था। रविवार की रात अज्ञात चोर वहां पहुंच गए। चोरों ने जेनरेटर औजारों की मदद से जेनरेटर का सामान चोरी कर लिया। सुबह जब स्वामी वहां पहुंचे तो जेनरेटर का सामान चोरी की सूचना पुलिस को दी। चौकी से चंद कदम की दूरी पर हुई चोरी की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी मदनपाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और चोरी की घटना को लेकर जानकारी ली और पुलिस की तलाश शुरू कर दी है।

## भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी के जयघोष गूंजा पंडाल

**जालौन,उरई।** सुढार सालाबाद गांव में आयोजित रामकथा के चौथे दिन श्रीराम जन्म की कथा का वर्णन किया गया। इस दौरान उपस्थित भक्तों ने भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी का जयघोष किया। सुढ़ार सालाबाद गांव में कारस देव मंदिर प्रांगण में साप्ताहिक श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तीसरे दिन कथा वाचक पंडित संजय पांडेय माधवपुर ने भक्तों को श्रीराम जन्म की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि रावण का चारों ओर आतंक था। ऋषि मुनि यज्ञ आदि कार्य संपन्न नहीं कर पा रहे थे। जनता त्राहिमाम कर रही थी। हर युग में ऐसे राक्षसों का अंत करने के लिए भगवान प्रकट होते हैं। ऐसे ही काल में राजा दशरथ के यहां कौशल्या के गर्भ से प्रभु श्रीराम का जन्म हुआ।

# नाबालिक के साथ सामूहिक दुष्कर्म, दी तहरीर

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

गांव में किशोरी को बहला कर ले जाने के बाद युवक ने रेप किया फिर उसे अपने चार दोस्तों के हवाले कर दिया जिन्होंने रात भर गैंगरेप किया सुबह किशोरी को गांव के बाहर छोड़कर वह लोग भाग गए परिजनों को वीरता ने पूरी घटना बताई जिसके आधार पर पिता ने कोतवाली में तहरीर दी है मामला छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव भगवंतपुर का है यहां के रहने वाले किसान की 15 वर्षीय बेटी को भगवंतपुर गांव निवासी युवक ने शनिवार की शाम फोन करके मिलने को बुलाया इसके बाद किशोरी रात भरगायब रही मामला बेटी से जुदा होने के कारण परिजन गोपनीय ढंग से उसकी तलाश करते रहे किशोरी अस्त-व्यस्त हालत में अपने घर पहुंची यहां उसने परिजनों को बताया कि भगवंतपुर गांव के रहने वाले युवक ने फोन करके उसको बुलाया था 2 घंटे तक युवक ने उसे साथ रखा और रेप किया इसके बाद उसने आने चार दोस्तों के पास किशोरी को छोड़ दिया और खुद वहां से चला गया युवक के चारों दोस्तों ने रात भर किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया जिससे उसकी हालत खराब हो गई सुबह बाइक पर बैठ कर वह लोग किशोरी को गांव के बाहर एट भत्ते के पास छोड़ गए जहां से किशोरी किसी तरह अपने घर पहुंची घटना को लेकर उसने परिजनों को पूरी बात बताई इसके बाद उसके पिता ने एक युवक को नाम जपत करते हुए पांच लोगों के खिलाफ कोतवाली छिबरामऊ पुलिस को तहरीर दी वीरता के पिता ने बताया कि मुख आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है वीरता के पिता की तहरीर पर मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीण ने बताया कि उसकी 15 वर्षी नाबालिक पुत्री को भगवानपुर गांव निवासी विकास गौतम पुत्र बलबीर सिंह देर शाम को महिला पुलिस लाकर भाग ले गया था पुत्री घर में राखी 25000 रुपए की नगदी भी अपने साथ ले गई थी रविवार को सुबह किसी तरह उसकी पुत्री घर पहुंची तब उसने बताया कि विकास ने उसके साथ दुष्कर्म किया इसके बाद उसने उसे अपने चार और दोस्तों को सौंप दिया उन चार ने भी रेप किया सुबह लोग उसे बाइक से गांव के बाहर छोड़ गए वीरता ने घर पहुंच कर जानकारी दी प्रथा के पिता ने कोतवाली में मामले की तहरीर दी कोतवाल अजय कुमार अवस्थी ने बताया कि नाबालिक के साथ रेप की वारदात की जानकारी हुई है गैंगरेप जैसा कोई मामला नहीं है तहरीर के आधार पर मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# सड़कों पर मवेशियों की चहल कदमी से बना हादसों का खतरा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मौसम के करबट बदलते ही कोहरे ने भी अपना असर दिखना शुरू कर दिया है वहीं मौसम में सड़कों पर यमदूत के रूप में घूम रहे बेसहारा पशुधन लोगों के लिए काल का क्रॉस बन सकते हैं। यह है कि सब कुछ जानते हुए भी प्रशासन निगम अधिकारी अपनी नींद से जागने को पशुओं को तैयार नहीं है अगर किसी भी अधिकारी इस बारे में बात भी की जाए तो सभी का रटा रटाया जवाब सुनने को मिलता है कि जल्दी सड़कों के सभी बेसरा पशु कैंडल पौड में छोड़ दिए जाएंगे। शासन प्रशासन ने निरक्षित गोवंश की क्या हल करने के लिए कई बार आदेश जारी किया लेकिन जिम्मेदार लोग उदासीन बने हुए हैं अन्ना मवेशियों को पकड़ने कर गौशाला ले जाने में खाना पूरी की जा रही है शासन के आदेश के बाद समय-समय पर अन्ना मवेशी पकड़ने के अभियान के नाम पर कुछ मवेशी पकड़ कर खानापूर्ती की जा रही है जिससे सड़कों पर अन्नामेसी निराश्रित गोवंश किसानो की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस संबंध में नगर पालिका ईओ का कहना है कि समय-समय पर अन्ना मवेशी पकड़ने का अभियान चलाया जाता है ग्राम सभा स्तर पर गौशाला होने के बावजूद भी गोवंश खुलेआम घूम रहा है जिम्मेदार लोग जिम्मेदारी से बच रहे।

# तालग्राम रोड पर चला यातायात जागरूकता अभियान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को छिबरामऊ के पूर्वी बाईपास,सौरिख तिराहा एवं तालग्राम रोड पर यातायात जागरूकता/चैकिंग अभियान टी एस आई अरशद अली के द्वारा चलाया गया।

अभियान के दौरान टीएसआई अरशद ने वाहन चालकों को हिदायत दी कि अगर कोई भी वाहन चालक उल्टी दिशा,नशे की हालत में,बिना लाइसेंस,बिना परमिट वाहन चलते पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध एमवीएक्ट के तहत जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी।

अरशद ने आगे कहा कि हाईवे के किनारे बे तरतीब खड़े वाहनों से दुर्घटनाएं होने की संभावना रहती है।जिस कारण नो पार्किंग स्थानो पर ट्रैकों व अन्य वाहनों को खड़ा करना उचित नहीं है इस लिए सड़क के किनारे वाहन पार्क करने से बचे। नशे ही हालत में वाहन चलाने से काफी दुर्घटनाएं होती है। नशे की हालत में वाहन न चलाए। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों को यातायात पुलिस लगातार चेक भी कर रही है और चालकों को जागरुक भी किया जा रहा है। टीएसआई अरशद अली द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले लगभग 12 वाहनों के चालान भी किए गए। टीएसआई द्वारा बताया गया कि बहुत जल्द ऐसे वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाने का काम फिर किया जाएगा जिनमें किसी प्रकार की कोई चीज पीछे चमकने वाली नहीं लगाई गई है। क्योंकि रात्रि के समय वाहनों का दिखाई पड़ना बेहद जरूरी है।इस अभियान में होमगार्ड राजेश एवं पी आर डी अजय उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### गौ माता को दिया जाए राष्ट्र माता का दर्जा



**छिबरामऊ, कन्नौज।** शहर के बाबा मंहगेश्वर नाथ मंदिर में आज गोसेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडे ने गो वंशों को लेकर कहा कि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए साथ ही हर एक व्यक्ति को चाहिए कि वह गौ माता को हरा चारा खिलाएं और उनकी बेहतर देखभाल करें छिबरामऊ के पश्चिमी बाईपास स्थित महेश्वर नाथ मंदिर में गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक पंडित रंजीत पांडे ने कार्यकर्ताओं के साथ गौ माता को हरा चारा खिलाया मालूम हो कि इससे पहले वह गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने को लेकर प्रधानमंत्री को डाक पत्र लिखने का अभियान भी चला चुके हैं।

### गैंगस्टर को दो साल की कैद, पाँच हजार लगा जुर्माना

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** 12 वर्ष पुराने गैंगस्टर के मुकदमे में न्यायाधीश ने दोषी को दो वर्ष की कैद सुनाई है। उस पर पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। थाना कोतवाली कन्नौज में वर्ष 2012 में थाना क्षेत्र के हैबतपुर कटरा निवासी ईशा पुत्र मो. इशहाक के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें आरोप लगाया कि ईशा आपराधिक वारदात को अंजाम देकर धन अर्जित करता है। समाज के लोग उससे भयभीत रहते है। विवेचक ने ईशा के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। मुकदमे की सुनवाई कर रहे, न्यायाधीश ने सोमवार को गवाह व साक्ष्य के आधार पर ईशा को दोषी करार देकर दो वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। और दोषी को पांच हजार रुपये अर्थदंड लगाया है।

### युवक ने फांसी लगाकर जान देने का किया प्रयास

**तिर्वा।** औरैया जनपद के बेला थाना क्षेत्र के तुर्कअजीत गांव में एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या का का प्रयास किया। परिजनों ने युवक को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उपचार के बाद उसको रिलीव कर दिया गया। बेला थाना क्षेत्र के तुर्कअजीत गांव निवासी अनीश (21) पुत्र विनीश प्रताप ने अज्ञात कारणों के चलते घर के कमरे में फांसी लगा ली। युवक को फांसी के फंदे पर लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक को फंदे से नीचे उताकर मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। यहां उपचार के बाद उसके ठीक होने पर उसे रिलीव कर दिया गया।

### परिवार के लोगो ने मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** परिवार के लोगों ने दावत में खाना खाने नहीं जाने की बात को लेकर युवक के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम जहांगीरपुर मडैया निवासी इंद्र कुमार पुत्र शिवराम ने कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि 05 जनवरी की देर शाम करीब 9.30 बजे परिवार के ही दो लोगों ने दावत में खाना खाने नहीं जाने को लेकर उसके साथ दरवाजे पर आकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शमीम सिद्दीकी बने प्रदेश उपाध्यक्ष व महेंद्र प्रताप सिंह को सौंपी गई जिलाध्यक्ष की कमान



शमीम सिद्दीकी जिलाध्यक्ष।



महेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जारी किए गए मनोनयन पत्र में जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि जिला महासचिव महेंद्र सिंह ठाकुर को कन्नौज का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मनोनयन से कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी में हर्ष की लहर दौड़ गई। उन्होंने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर हर्ष व्यक्त किया है। सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा द्वारा जारी किए गए मनोनयन पत्र में कहा गया है कि भारतीय किसान यूनियन कन्नौज जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी को कार्य के प्रति निष्ठा एवं लगन को देखते हुए उन्हें प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया जाता है। जबकि जिला महासचिव महेंद्र प्रताप सिंह कन्नौज जिलाध्यक्ष मनोनीत किया जाता है। दोनों के मनोनयन से संगठन के पदाधिकारी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ. कुसुम चौहान, जिला उपाध्यक्ष शबनूर खान, मारूफ खान, रिजवान अहमद, डॉ. साजिद हुसैन, जिला सचिव ठाकुर धर्मेंद्र प्रताप सिंह राजपूत, उपेंद्र राजपूत, राजकुमार गुप्ता, मोहम्मद शहराज अहमद, जीतू यादव, सुरेश यादव आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# महिला सुरक्षा को लेकर चला एंटीरोमियों अभियान

**बालिकाओं को जागरूक करती महिला आरक्षी**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



अभियान चलाकर शोहदों- मनचलों को दी कड़ी चेतावनी

मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के थानों पर तैनात एन्टीरोमियो टीम द्वारा प्रमुख मार्गों पर छात्राओं व महिलाओं को महिला सुरक्षा के बारे में जागरूक किया और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

सार्वजनिक स्थानो पर घूम रहे शोहदों को चेतावानी देना, महिलाओ से संबंधित अपराध व अपराध से संबंधित सजा के बारे में जागरुक करना। सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहो व साइबर क्राइम सहित आदि के विषय में चौपाल लगाकर जागरूक किया। तथा विभिन्न स्थानों पर वर्तमान में बढ़ रहे। साइबर फ्रॉड के सम्बन्ध में जागरुक करते हुए बताया कि किसी अन्जान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें। यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड होता है। तो वह तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

# ताला तोड़कर चोरों ने लाखों के जेवरात व नगदी की चोरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

नगर के मोहल्ला किदबई नगर जीटी रोड निवासी निसार अहमद पुत्र गफूर ने कोतवाली पुलिस को बताया है कि 05 जनवरी की बीती रात चोरों ने घर में घुसकर उसके कमरे के ताले तोड़कर लगभग 60000 रुपये की नगदी और सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ित ने बताया कि वह अपनी मां के साथ मकान की तीसरी मंजिल पर सो रहा था। नीचे का पोर्शन खाली था। तभी चोरों ने घटना को अंजाम दिया और उन्हें भनक तक नहीं लगी। सुबह जागने पर उसके होश उड़ गए। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है जिस पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



## फ्री मेडिकल कैम्प में पहुंचे 86 मरीज़

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला जेरकिला स्थित डॉक्टर हबीब के घर के सामने इमाम चौक के पास आज फ़ातेह बिलग्राम मिशन की तरफ से मेडिकल कैंप का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 5 तक किया गया। हुजूर अनीसुल मशायख हज़रत मौलाना पीर सैय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में कमेटी ने बताया कि फ़ातेह बिलग्राम मिशन मेडिकल कैम्प में फर्रुखाबाद से आये डॉक्टर आरिफ खान बीएएमएस जनरल फिजिशियन व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आकृति एवं डॉक्टर स्टाफ अंशिका, संजय के द्वारा मरीजों देखा गया। जिसमें हज़रत ने सभी नगर वासियों से कैम्प में अधिक से अधिक मरीज़ों को लाने की गुज़रिश की थी इस दौरान फ़ैसल खान, जाहिद चिश्ती, हारुन खान, महमूद मंसूरी, मोहम्मद अकबर, अनबार आलम, आदि लोगो की मौजूदगी में मरीजों को दवाई देकर बहुत ही शांति और सदभाव तरीके से देखा गया।

## जेसीबी की टक्कर से साइकिल सवार किसान की मौत, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**रिश्तेदारी से वापस आ रहा था किसान**

**तिर्वा कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** ठठिया थाना क्षेत्र के हरेईपुर गांव के निकट सोमवार की दोपहर एक जेसीबी चालक ने सामने से आ रहे साइकिल सवार किसान को टक्कर मार दी। घटना होते ही आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। घायल किसान को मेडिकल कॉलेज में लाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर पहुंची ठठिया पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। ठठिया थाना क्षेत्र के पुनगरा गांव निवासी रामकुमार (55) पुत्र सोवरन अपनी रिश्तेदारी हरेईपुर गए थे। सोमवार को वह अपनी साइकिल से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में हरेईपुर गांव के निकट सामने से आ रही एक तेज रफ्तार जेसीबी चालक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही किसान सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना होते ही आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने घायल को एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची ठठिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में ठठिया थानाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों द्वारा कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## महिला को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी बात को लेकर परिवार के ही जेठ व जेठानी ने महिला के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितो के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासिनी विनीता देवी पत्नी रामवीर कठेरिया ने कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि सोमवार की शाम करीब 4.30 बजे परिवार के जेठ व जेठानी ने किसी बात को लेकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## प्रगति मैदान दिल्ली में कालपी के हाथ कागज उत्पादों का लगा स्टॉल



**कालपी (जालौन)।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कालपी के निर्मित हाथ कागज उत्पादनों को शिखर पर लाने के लिए पहल तेज हो गई है। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित मेले में नावार्ड के तत्वाधान में कालपी के हस्त निर्मित कागज के उत्पादों का स्टॉल लगाया गया है। उद्यम पंकज पांडेय की देखरेख में पंडाल का संचालन कर हस्त निर्मित कागज की खूबियां एवं उसका इतिहास बता रहें है। उ.प्र. हाथ कागज निर्माता समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने बताया कि प्रगति मैदान नई दिल्ली में उद्यमी के द्वारा संचालित स्टॉल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कालपी के हाथ कागज उत्पादों को एक नई पहचान मिलेंगी, इससे निकट भविष्य में बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

## सूचना

मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम KESANTA DEVI दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम KESHANTA DEVI है। KESHANTA DEVI W/o of Army No-3003555P, रैंक-हवलदार, पंचूराम गुर्जर, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम घटरा, पोस्ट- टोडा जयसिंहपुरा, तहसील-राजगढ़, जिला अलवर, राज्य-राजस्थान-301014, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160239, 06 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

## सूचना

मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम KALPANA RATHORE व जन्मतिथि 01.04.1982 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम KALPANA SINGH व जन्मतिथि 09.03.1980 है। KALPANA SINGH W/o of Army No-3001850Y, रैंक-हवलदार, हरीश कुमार सिंह आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-मझिया, पोस्ट मझिया, पिहानी देहात, जिला हरदोई-241406, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160242, 06 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

# कार्यालय नगर पंचायत-कमालगंज, जनपद-फर्रुखाबाद

**पत्रांक संख्या-13/न0पं0क0/सार्व0सू0/कर निर्धा0/2024-25** **दिनांक 04/01/2025**

## करो की श्रेणी में वर्गीकरण एवं सम्पत्ति कर (गृहकर) स्वमूल्यांकन व्यवस्था का विवरण वार्डवार निर्धारण मासिक किराया दर प्रति वर्ग फुट की सूची

### अंतिम प्रकाश सूचना

उ0प्र0शासन, नगर विकास अनुभाग-9 संख्या-912/नौ-9-24-85ज/टी0सी0-1 लखनऊ दिनांक 28 जून 2024 द्वारा निर्गत नियमावली के अनुसार गृहकर के वार्षिक किराया मूल्यांकन निर्धारण हेतु न्यूनतम मासिक किराया दर (प्रति वर्गफुट) को पुनरीक्षित करते हुये न्यूनतम मासिक किराया दर (प्रति वर्गफुट) प्रस्तावित किया गया था। जिसका दिनांक 04/12/2024 को लोक प्रिय समाचार पत्रों में प्रकाशन करते हुये 15 (पन्द्रह) दिवस के अन्दर आपत्ति की अपेक्षा की गयी थी, परन्तु निम्न प्रस्तावित दरों पर कोई भी आपत्ति कार्यालय में प्राप्त नहीं हुयी। ऐसी स्थिति में प्रस्तावित दरों को क्रियान्वयन हेतु अन्तिम रूप से प्रकाशित किया जा रहा है।

| वार्ड सं0 | वार्ड का नाम | 24 मी0 से अधिक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन | | | 12मी0 से अधिक और 24 मी0 तक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन | | | 09मी0 से अधिक और 12 मी0 तक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन | | | 09मी0 तक एवं उससे कम चौड़े मार्ग पर स्थित भवन | | | आवासीय भूखण्ड जिसमें भवन न बना हो | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | RCC/RB छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन खपरैल | RCC/RB छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन खपरैल | RCC/RB छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन खपरैल | RCC/RB छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन खपरैल | 24मी0 से अधिक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन | 12मी0 से 24मी0 तक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन | 09मी0 से 12मी0 तक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन | 9मी0 से कम चौड़े मार्ग पर स्थित भवन |
| 1 | इन्द्रा नगर | 1.80 | 1.60 | 1.40 | 1.50 | 1.20 | 0.90 | 1.00 | 0.80 | 0.70 | 0.90 | 0.70 | 0.60 | 1.00 | 0.50 | 0.30 | 0.20 |
| 2 | लोहिया नगर | 1.80 | 1.60 | 1.40 | 1.50 | 1.20 | 0.90 | 1.00 | 0.80 | 0.70 | 0.90 | 0.70 | 0.60 | 1.00 | 0.50 | 0.30 | 0.20 |
| 3 | अम्बेडकर नगर | 1.80 | 1.60 | 1.40 | 1.50 | 1.20 | 0.90 | 1.00 | 0.80 | 0.70 | 0.90 | 0.70 | 0.60 | 1.00 | 0.50 | 0.30 | 0.20 |
| 4 | किदवई नगर | 1.80 | 1.60 | 1.40 | 1.50 | 1.20 | 0.90 | 1.00 | 0.80 | 0.70 | 0.90 | 0.70 | 0.60 | 1.00 | 0.50 | 0.30 | 0.20 |
| 5 | अशोक नगर | 1.80 | 1.60 | 1.40 | 1.50 | 1.20 | 0.90 | 1.00 | 0.80 | 0.70 | 0.90 | 0.70 | 0.60 | 1.00 | 0.50 | 0.30 | 0.20 |
| 6 | प्रताप नगर | 1.80 | 1.60 | 1.40 | 1.50 | 1.20 | 0.90 | 1.00 | 0.80 | 0.70 | 0.90 | 0.70 | 0.60 | 1.00 | 0.50 | 0.30 | 0.20 |
| 7 | जवाहर नगर | 1.80 | 1.60 | 1.40 | 1.50 | 1.20 | 0.90 | 1.00 | 0.80 | 0.70 | 0.90 | 0.70 | 0.60 | 1.00 | 0.50 | 0.30 | 0.20 |
| 8 | आजाद नगर | 1.80 | 1.60 | 1.40 | 1.50 | 1.20 | 0.90 | 1.00 | 0.80 | 0.70 | 0.90 | 0.70 | 0.60 | 1.00 | 0.50 | 0.30 | 0.20 |
| 9 | गांधी नगर | 1.80 | 1.60 | 1.40 | 1.50 | 1.20 | 0.90 | 1.00 | 0.80 | 0.70 | 0.90 | 0.70 | 0.60 | 1.00 | 0.50 | 0.30 | 0.20 |
| 10 | शास्त्री नगर प्रथम | 1.80 | 1.60 | 1.40 | 1.50 | 1.20 | 0.90 | 1.00 | 0.80 | 0.70 | 0.90 | 0.70 | 0.60 | 1.00 | 0.50 | 0.30 | 0.20 |
| 11 | सुभाष नगर | 1.80 | 1.60 | 1.40 | 1.50 | 1.20 | 0.90 | 1.00 | 0.80 | 0.70 | 0.90 | 0.70 | 0.60 | 1.00 | 0.50 | 0.30 | 0.20 |
| 12 | शास्त्री नगर द्वितीय | 1.80 | 1.60 | 1.40 | 1.50 | 1.20 | 0.90 | 1.00 | 0.80 | 0.70 | 0.90 | 0.70 | 0.60 | 1.00 | 0.50 | 0.30 | 0.20 |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, कमालगंज**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत, कमालगंज**

# भाजपा नेता ने नवीन परती भूमि पर किया कब्जा, छूट रहे प्रशासन के पसीने

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

**▸ अन्नपूर्णा भवन निर्माण में गुटबाजी बनी बाधा, तहसीलदार ने संभाली जिम्मेदारी**

प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार भू-माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। वहीं कार्यवाही के डर के कारण कुछ भूमाफिया पार्टी की नीतियों को खराब करने में जुटे हैं। जिससे क्षेत्र में भाजपा की नीति को पलीता लगता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि गूजरपुर पमारान में अन्नपूर्णा भवन बनने के लिए शासन द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। जिससे राशन कोटे की दुकान का विधिवत संचालन हो सके और उपभोक्ताओं को समय पर राशन मिल सके, परंतु इस भवन निर्माण के लिए गांव में राजनीति शुरू हो गई है। ग्राम सभा की काफी जमीन पड़ी हुई है। फिर भी खींचतान जारी है। राशन की दुकान के निकट नवीन परती की जमीन कुछ खाली व कुछ पर मकान बन चुके हैं। ग्रामीणों ने एक राय होकर कहा कि जहां पर राशन की दुकान संचालित है वहीं पर पड़ी सरकारी भूमि पर अन्नपूर्णा भवन निर्माण हो जाए, लेकिन भाजपा की नीतियों को पलीता लगाते हुए सेक्टर अध्यक्ष के द्वारा नवीन परती की भूमि पर अवैध निर्माण करना चाहा। जानकारी होने पर पहुंची पुलिस पकड़कर ले गई। मामला यहीं तक नहीं रुका नेता के षड्यंत्र के चलते ग्राम सभा में पूर्व प्रधान उषा यादव के द्वारा किए गए अरुण पाल पुत्र बाबूराम के नाम हुए पट्टे पर निर्माण हो रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रुकवा दिया, लेकिन राजनीति के चलते रामजीत कुशवाहा कोटेदार के द्वारा आरोप लगाया गया कि गांव के ही निवासी अराजकतत्वों के द्वारा राशन की दुकान जहां पर बन रही है वहां पर रोक लगाई जा रही है। जिससे ग्रामीणों में रोष है। जिससे भाजपा पार्टी के प्रति कार्य कर रहे नेता के विरुद्ध सर्व समाज में रोष व्याप्त है। पूरा गांव इस समय भाजपा नेता के विरोध में खड़ा है। बताया जा रहा है कि गाटा संख्या 469 पर ग्राम समाज है। जहां पर ग्रामीण चाहते हैं की दुकान बन जाए, बल्कि अपनी जमीन बचाने के लिए भाजपा नेता चाहता है कि अरुण पाल के नाम पूर्व प्रधान द्वारा किये गये पट्टे गाटा संख्या 461 पर दुकान का निर्माण किया जाए। जबकि गाटा संख्या 461 के पास ना ही ट्रैक्टर, ना ही ट्रक राशन लेकर पहुंच सकता है। वहीं गाटा संख्या 469 की जो जमीन है वहां पर पूरे गांव का रास्ता है। सभी लोग आते जाते हैं। जिसकी शिकायत कोटेदार व भाजपा नेता के द्वारा अमृतपुर विधायक सुशील कुमार शाक्य से की गई। उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अमृतपुर तहसीलदार कर्मवीर को निर्देशित किया कि वह मौके पर पहुंचकर अन्नपूर्णा भवन निर्माण के लिए उचित जमीन का चुनाव करें और भवन निर्माण का काम शुरू करवायें। तहसीलदार कर्मवीर सिंह मौके पर पहुंचे और भूमि चुनाव के लिए जांच की। अब तहसीलदार के निर्णय पर ही अन्नपूर्णा भवन का निर्माण होगा। ग्राम प्रधान भी चाहता है कि उसे जल्द से जल्द भूमि उपलब्ध कराई जाए। जिससे भवन निर्माण का कार्य शुरू हो सके और फिर यहीं से राशन उपभोक्ताओं को राशन प्राप्त हो सके।



मौके पर जांच पड़ताल करते तहसीलदार

# सेंट्रो कार की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

**▸ सीएचसी में एक घंटे तक नहीं मिले डॉक्टर, लोहिया रेफर किया गया**

नवाबगंज कस्बा के मंझना रोड निवासी शिवदत्त पुत्र विनोद शर्मा लगभग 9.30 बजे साइकिल द्वारा बाजार से अपने घर वापस आ रहा था। पुराना गनीपुर रोड के पास पहुंचते ही सामने से तेज रफ्तार आ रही कार सेंट्रो संख्या-डीएल7सीजे9151 के ड्राइवर ने साइकिल सवार शिवदत्त को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे शिवदत्त सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने घायल शिवदत्त को इलाज के लिए सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया। सीएचसी पर इलाज के लिए शिवदत्त व उसके परिजन डाक्टर का इंतजार करते रहे, लेकिन एक घंटा बीत जाने के बाद भी सीएचसी में कोई भी डाक्टर या वार्डबॉय मौजूद नहीं मिला। सीएचसी अधीक्षक को शिवदत्त के परिजन ने फोन किया लेकिन अधीक्षक ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। एक घंटा बीत जाने के बाद घायल शिवदत्त को देखने डाक्टर नहीं पहुंचे, तो उसके पिता विनोद शर्मा ने अपने घायल पुत्र को लेकर सीएचसी से चल दिए। मामला पेंचीदा होता देखा और आयुर्वेदिक डाक्टर श्याम किशोर ने घायल शिवदत्त को लोहिया के लिए रेफर किया।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक ने किया पांच परिवर्तन साइकिल यात्रा का शुभारंभ

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सोमवार को नगर के विद्या मंदिर से पांच परिवर्तन साइकिल यात्रा का शुभारंभ किया। साइकिल यात्रा का शुभारंभ भारत माता की जय की गगन भेदी नारों के साथ किया गया। यात्रा में धर्म ध्वजा आगे लेकर चल रहे स्वयंसेवकों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् का उद्घोष करके पूरे नगर में भ्रमण किया।

विद्या मंदिर से प्रारंभ हुई यात्रा नगर के मोहल्ला चौहट्टा, सावन टोला, बाजार कला, मुख्य चौराहा, थाना चौराहा, रामलीला मैदान एवं दलवीर खान मोहल्ला तथा मछली हवेली होते हुए वापस विद्या मंदिर पहुंची जहां स्वयं उपस्थित स्वयंसेवकों को सह विभाग प्रचारक अमित ने संबोधित किया। उन्होंने बताया यह साइकिल यात्रा पांच परिवर्तन के उद्देश्य से समाज में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए आयोजित की गई है। जिसमें कुटुंब, प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य एवं स्वदेशी का भाव जागृत करने हेतु प्रेरित किया गया है। ऐसी यात्राएं पूरे देश में आयोजित की जा रही है। यात्रा में विभाग कार्यवाह विजय अवस्थी, विभाग सेवा प्रमुख विश्वंभर, जिला सेवा प्रमुख अतुल, संपर्क प्रमुख दिलीप तथा खंड कार्यकारिणी से खंड संघ चालक मनोज चतुर्वेदी, सह खंड कारवा सुखवीर, ताहर सिंह, पर्वत सिंह, पीयूष त्रिपाठी, रामजी दीक्षित, अमरीश, संदीप समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।



यात्रा निकालते स्वयं सेवक

# एनडीपीएस के आरोपी को सात माह का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस अंकित कुमार मित्तल ने राजवीर धीमर पुत्र बालासाह निवासी लारा मैनपुरी हाल पता अखरी अलीगंज एटा को दोषी करार देते हुए सात माह का कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। बीते 14 वर्षों पूर्व कोतवाली में तैनात एसआई प्रमोद कुमार पांडेय मय हमराही सुरेश बाबू चौकी कादरी गेट से रवाना होकर लकूला की तरफ जा रहे थे। ब्रेकर के सामने एक व्यक्ति खड़ा था। हम लोगों को देखकर तेज गति से लकूला जाने लगा। शक होने पर जामा तलाशी ली। उसके पास से 100 ग्राम नशीला पदार्थ मिला। विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने राजवीर धीमर को सात माह का कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

# एसपी ने मेला रामनगरिया का किया निरीक्षण, परखी सुरक्षा व्यवस्था

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट पर लगे मेला श्री राम नगरीय क्षेत्र में पहुंचकर एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार कादरीगेट थाना क्षेत्र के पांचाल घाट गंगा तट पर लगे मेला श्री रामनगरिया क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए दोपहर करीब 1.00 बजे पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह, सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय सहित कादरीगेट थाना अध्यक्ष अमोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। एसपी ने गंगा तट पर लगे मेले की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि मेला क्षेत्र में थाना और चौकियां बनाई जा रही हैं। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां तैनात कर दी गई हैं और भी गाड़ियां बाहर से मंगाई हैं। साथ ही बताया कि 10 फरवरी तक बाहर से अतिरिक्त पुलिस बल भी मिल जाएगा। जिसे मेला क्षेत्र में तैनात कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष 8 पुलिस चौकियां और एक थाना मेला क्षेत्र में बनाया जाता रहा है। इस बार पुलिस चौकियां 8 से अधिक बनेंगी। जिससे ज्यादा से ज्यादा अराजकतत्वों पर नजर रखी जा सके। उन्होंने मातहतों को निर्देश दिये कि सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक नहीं होनी चाहिए।



मेला क्षेत्र का भ्रमण करते एसपी

## खबरें एक नजर में

### भाकियू (टिकैत गुट) का धरना प्रदर्शन आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) राष्ट्रीय आह्वान पर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन आज सुबह 11:00 बजे जिलाधिकारी को सौंपेगी। साथ ही धरना दिया जायेगा। जिसमें जिले के समस्त पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्षों एवं जिले की युवा कार्यकारिणी के पदाधिकारी बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचें। यह जानकारी जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने दी है।

### किशोरी से छेड़छाड़ करने पर दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी खेतों में घास लेने गई थी। उसी दौरान खेत में मौजूद गांव महमदपुर कामराज निवासी युवक अखिलेश पुत्र सुरेश ने किशोरी से खेत से घास काटने से मना कर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर युवक ने किशोरी को पकड़ कर छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। किशोरी के शोर मचाने पर आसपास के लोग वहां पहुंचे और युवक को पकड़कर मारपीट करनी शुरू कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर थाने लाई। किशोरी की मां ने युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने युवक से पूछताछ कर रही है।

### खौलते पानी में गिरकर बालक झुलसा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव पुरौरी निवासी कृष्ण पाण्डेय उम्र 11 वर्षीय पुत्र संजीव पाण्डेय घर पर भगोने में पानी गर्म हो रहा था, तभी अचानक वह खौलते पानी के ऊपर जा गिरा और गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर पहुंचे। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डाक्टर अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत होने पर उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### दो युवतियों ने पिया जहरीला कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में दो युवतियों ने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने सामुदयिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र नगर से सटे गांव गढ़ी निवासी शिवानी उम्र 17 वर्षीय पुत्री अनुज व कम्पिल क्षेत्र के गांव जोगपुर निवासी ओमकार की 14 वर्षीय पुत्री खुशबू ने संदिग्ध हालत में जहरीला कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दोनों को लाकर भर्ती कराया।

### मार्ग दुर्घटना में वृद्ध घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद फिरोजाबाद के थाना सवलपुर के जसराना निवासी लाल सिंह उम्र 72 वर्ष कायमगंज की ओर आ रहे थे। रास्ते में मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसे लोहिया रेफर कर दिया।

# पति की आत्महत्या के लिए जिम्मेदार पत्नी समेत तीन गये जेल

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद एटा देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला मुंही निवासी वीरपाल पुत्र तेज सिंह ने अपने पुत्र श्यामपाल की पत्नी काजल, सास फूलश्री, साले आदेश निवासी संकिसा व साढ़ू लोकेश पुत्र राजा पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने आज तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जनपद एटा देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला मुंही निवासी वीरपाल पुत्र तेज सिंह ने दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा था कि मेरे पुत्र श्यामपाल की शादी मेरापुर थाना क्षेत्र के संकिसा निवासी भूरे की पुत्री काजल के साथ 3 वर्ष पूर्व हुई थी। पत्नी से कहासुनी के विवाद के चलते श्याम पाल की पत्नी काजल एक वर्ष से अपने मायके संकिसा में रह रही थी। 4 दिसम्बर 2024 को वीरपाल अपने पुत्र के साथ संकिसा आए थे। काजल को ससुराल ले जाने के लिए काजल की माता फूलश्री, पिता भूरे, भाई आदेश पुत्र भूरे के साथ बातचीत की, परंतु काजल ससुराल जाने के लिए तैयार नहीं हुई और ना ही काजल के मायके वाले काजल को ससुराल भेजने के लिए तैयार हुए। इसी बात पर मैं अपने पुत्र श्यामपाल को संकिसा छोड़कर वापस अपने घर चला गया। 5 दिसम्बर 2024 समय करीब 9 बजे श्यामपाल के साढ़ू लोकेश पुत्र राजा पता अज्ञात व साले आदेश, सास फूलश्री और पुत्रवधु काजल ने मेरे पुत्र श्यामपाल के साथ मारपीट की जिससे परेशान होकर श्यामपाल सराय अगहत से पेट्रोल पम्प से बोतल में पेट्रोल ले आया और उसने कटरा (संकिसा) में समय 12 बजे श्यामपाल ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। जिससे वह गंभीर रूप से जल गया। जिसे इलाज हेतु लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां से सफदरगंज के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान 4 जनवरी 2025 सुबह 9 बजे श्यामपाल की मृत्यु हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पत्नी, सास, साले व साढ़ू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आज तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



पुलिस हिरासत में आरोपीगण

# नवाबगंज थाने में गुजरात की एसटीएफ ने डाला डेरा, तीन हिरासत में

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र में गुजरात की एसटीएफ ने डेरा डाल लिया। इस दौरान कई लोगों को हिरासत में लिया। वहीं लोगों ने दबी जुवान से बताया कि गुजरात में एक करोड़ की हुई लूट के मामले में एसडीएफ यहां पर आयी है।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित थाने पर गुजरात प्रदेश की एसटीएफ टीम ने सोमवार को पहुंचकर डेरा डाला। पूरे दिन थाना क्षेत्र के कई ग्रामों में थाना पुलिस खोज खबर लेती रही। हालांकि इस दौरान एसटीएफ साथ नहीं रही, लेकिन खबर लिखे जाने तक थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी ने इस मामले में कोई बात नहीं बतायी और ना ही गुजरात से आई एसटीएफटीम ने कोई बात बताई, लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया था। वहीं थाना पुलिस ने बताया की क्षेत्र के लोगों ने गुजरात प्रदेश में एक करोड़ की लूट होने का मामला बताया है। जिसमें एसटीएफ डेरा डाले हुए हैं, लेकिन विश्वस्त सूत्रों द्वारा बताया गया की थाना पुलिस को फतेहगढ़ पुलिस कप्तान ने निर्देशित करते हुए बताया कि गुजरात से आई एसटीएफ टीम का सहयोग करें। पुलिस कप्तान के निर्देशन में ही थाना पुलिस काम कर रही है, लेकिन कोई अह्म जानकारी खबर लिखे जाने तक किसी भी पुलिसकर्मी या एसटीएफ टीम ने नहीं दी। क्षेत्र में घर पकड़ अभियान जारी था।

# दबंगों ने पैसे मांगने पर पट्टी विक्रेता को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

दबंग ने पट्टी विक्रेता को मारपीट कर घायल कर दिया। पट्टी विक्रेता ने रुपये लूटने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज कस्बा नवाबगंज निवासी संजय पुत्र दिनेश राठौर जो कि कस्बे में ठेली पर पट्टी लगाकर बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। वह सोमवार शाम के वक्त कस्बे के शिव मंदिर के आगे ठेली पर पट्टी बेच रहे थे, तभी नवाबगंज थाना क्षेत्र के ही एक गांव निवासी तीन बाइक चालक आए और पट्टी विक्रेता से 100 ग्राम गजक खरीदी। जब उसने गजक के पैसे मांगे तो आरोपीगणों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान पीड़ित के मुताबिक उसके लगभग 330 वहीं कहीं गिर गए और उसकी ठेली पर रखा सारा सामान बिखर गया। पीड़ित की ठेली का काउंटर भी टूट गया। पीड़िकत ने थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर तत्काल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपीगणों को हिरासत में लेकर थाने लायी। जहां एक आरोपी मौके से भाग गया। वहीं समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों में समझौते का प्रयास चल रहा था।

### पुलिस ने बिना हेलमेट वालों की ली खबर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के निर्देश पर कायमगंज मन्डी चौकी प्रभारी अवदेश कुमार, कांस्टेबिल अंकित गंगवार सहित अपनी टीम के साथ सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की तलाशी ली। अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों और तीन सवारी ले जाने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया। जिससे बाइक सवारों में हड़कम्प मच गया। चौकी इन्चार्ज ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वाहन चलाते समय सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई करना और विभिन्न अवैध गतिविधियों की रोकथाम करना है।

# डीएम का आदेश बेअसर, मेले में घूम रहे आवारा गौवंश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला रामनगरिया का बीते दिन प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण किया था।

इस दौरान मेले में घूम रहे जानवरों को देखकर मातहतों को जानवरों के स्वच्छंद विचरण पर रोक लगाने के जिलाधिकारी ने आदेश दिये थे, लेकिन जिलाधिकारी के आदेश का कोई अनुपालन होता नहीं दिखा। मेले में आवारा जानवर स्वच्छंद रुप से विचरण करते देखे जा सकते हैं।

जानकारी के अनुसार पांचाल घाट स्थित मेला रामनगरिया तेजी से गुलजार होने लगा है। साधु संतों के अलावा काफी संख्या में कल्पवासी भी पहुंच गये हैं। जो मेले में रहकर पूजा भजन कर रहे हैं, लेकिन मेले में अब भी काफी अव्यवस्थायें देखी जा रही हैं। बीते दिन जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान मेले में आवारा जानवरों को देखकर मातहतों को निर्देश दिये कि मेले में कोई भी आवारा पशु नहीं दिखना चाहिए। उन्हें गौशाला पहुंचाया जाये, लेकिन जिलाधिकारी के आदेश का पालन नहीं हुआ। सोमवार को मेले में आवारा गौवंश स्वच्छंद रुप से विचरण करते दिखायी दिये। जिन्हें देखकर ऐसा लग रहा है कि मानो जिलाधिकारी का आदेश हवा हवाई साबित हुआ।



मेले में घूम रहे आवारा गौवंश

# थाना पुलिस की सह पर थाना चौराहा बना ई-रिक्शा व टेंपो स्टैंड

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही से थाना चौराहे पर हर रोज डग्गामार वाहनों से जाम लग रहा है। जिससे लोग जाम में फंसकर हलकान हो रहे हैं। स्थानीय लोगों में जाम को लेकर रोष व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद नगर जहां थाना चौराहा पर अक्सर डग्गामार वाहनों के खड़े होने से जाम के हालात देखे जा रहे हैं। हालांकि अतिक्रमण और जाम की समस्याओं को लेकर नगरवासियों ने इससे पूर्व भी कई बार पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत कर जाम की झाम से निजात दिलाए जाने की मांग की। शिकायत पर प्रशासनिक अधिकारियों ने गौर फरमाते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को अभिलंब कार्यवाही करने के आदेश दिए। जिम्मेदारों ने प्रशासनिक अधिकारियों के आदेशों का पालन करते हुए नगर से अतिक्रमण हटवाने का प्रयास किया। घूम-घूमकर अतिक्रमणकरियों को चेताया। चेतावनी का असर सिर्फ इतना हुआ जिस दिन अतिक्रमण हटवाया गया उस दिन तो सब कुछ ठीक रहा, लेकिन दो दिन बाद अतिक्रमण एक बार फिर अमरबेल की तरह मुख्य मार्ग के नजदीक नजर आने लगा। हालात यह हैं कि नगर में शायद कोई ऐसी जगह हो जहां अतिक्रमण न हो। बताते हैं थाना चौराहे पर अक्सर जाम जैसे हालात देखे जा सकते हैं। बताते हैं विगत महीने पूर्व शमशाबाद थाना पुलिस ने डग्गामार वाहनों को अलेपुर रोड स्थित रामलीला मैदान के निकट खड़ा किए जाने के आदेश दिए थे। अफसोस इतना सब कुछ होने के बावजूद भी डग्गामार वाहन संचालक थाना चौराहे को ही अपना स्टैंड बनाए हुए हैं। यही कारण है एक तरफ अतिक्रमण तो दूसरी तरफ वाहनों की भीड़ से अक्सर जाम के हालात उत्पन्न हो रहे हैं।सोमवार को भी ऐसा ही नजारा शमशाबाद थाना चौराहे पर देखने को मिला। इन डग्गामार वाहनों में ई-रिक्शा व टेंपो तथा अन्य वाहन देखे जा सकते हैं। आवागमन के दौरान छोटे वाहनों की भीड़ में बड़े वाहन फंस गए। यह नजारा काफी देर तक बना रहा। लोगों का कहना है पुलिस प्रशासन तथा नगर पंचायत कार्यालय शमशाबाद द्वारा कार्रवाई किए जाने के बाबजूद भी अतिक्रमण समाप्त नहीं हो पा रहा। लोगों का कहना था जब तक अतिक्रमण होता रहेगा लोगों को जाम से निजात मिलना मुश्किल है। लोगों का कहना था शमशाबाद थाना चौराहे पर जाम तो एक झलक है। आगे बढ़कर देखिए पीएनबी चौराहा, गंगा रोड, ढाईघाट शमशाबाद मार्ग, सोसाइटी के पास डग्गामार वाहनों के कारण जाम जैसे हालात देखने को मिल जाएंगे। लोगों का कहना था मुख्य मार्ग के किनारे फुटपाथ पर व्यापारियों द्वारा सामान लगाकर अतिक्रमण फैलाया जा रहा है। अब लोगों को जाम की समस्याओं से निजात मिलना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन लग रहा है।



# काफी संख्या में कल्पवासियों के पहुंचने से गुलजार हुआ मेला रामनगरिया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट स्थित मिनी कुम्भ के नाम से प्रसिद्ध मेला रामनगरिया में कल्पवासी काफी संख्या में कल्पवास करने साजो सामान के साथ पहुंच रहे हैं। वह यहां पर एक महीने रुककर पूजा भजन करेंगे।

जानकारी के अनुसार मेला रामनगरिया में जनपद के अलावा हरदोई, शाहजहांपुर, कन्नौज, मैनपुरी आदि जनपदों से कल्पवासी आते हैं और मेले में एक महीने रुककर मां गंगा की आराधना करते हैं और पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। सोमवार को काफी संख्या में कल्पवासी साजोसामान के साथ मेले में पहुंचे और अपनी आदि बनाने के काम में जुट गये। कल्पवासियों का कहना था कि वह जनपद हरदोई से आये हैं और यहां पर एक माह तक रुककर मां गंगा की आराधना करेंगे। वहीं साधु संत भी बड़ी संख्या में पहुंच गये हैं। जो भगवान का भजन आदि में लीन हैं। संतों का कहना है कि मेले में अभी काफी अव्यवस्थायें हैं, लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है, जबकि प्रशासन को कई बार अवगत कराया जा चुका है। यदि शीघ्र व्यवस्थायें न सुधरीं, तो संत अनशन करने को बाध्य होंगे। स्वास्थ्य कैंप की मेले में बहुत आवश्यकता है, क्योंकि भीषण सर्दी में कई मौसमी बीमारियों कल्पवासियों को जकड़ रही हैं। जिससे कल्पवासी आग आदि जलाकर सर्दी को दूर भगा रहे हैं। उनका कहना है कि मेले में पर्याप्त व्यवस्थायें प्रशासन मुहैया कराये।



राउटी में पूजा भजन करतीं वृद्ध महिलायें



साजो सामान के साथ पहुंचे कल्पवासी

# आलू के भाव में उतार-चढ़ाव जारी 1200 से 1400 रुपये कुंटल बिका


खेत में आलू की खुदाई करते किसान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आलू मण्डी सातनपुर में सोमवार को आमद कम रही। मामूली उतार-चढ़ाव के साथ आलू का भाव 1221 रुपये से 1411 रुपये कुंटल रहा। बिकवाली ठीकठाक रही। मण्डी में लगभग 60 मोटर की आमद रही। आलू का भाव सामान्य होने पर खेतों पर खुदाई जोरों पर हो रही है। क्योंकि आलू का साइज सामान्य के अलावा कुछ किसानों के खेतों का आलू अच्छा निकल रहा है। जिस कारण अगली फसल के लिए किसान तैयार है। 1 जनवरी के बाद किसानों ने अपने खेतों की खुदाई शुरु कर दी है और मण्डी की बजाय कुछ किसान खेतों में ही आलू की बिक्री कर देते है। बाहर के व्यापारियों को किराया व आढ़त से बचने के लिए खेतों में ही पहुंचकर खरीददारी शुरु कर दी है। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि जो किसान अपना आलू खेतों में ही बेंच देते है और उन्हें पैसे समय पर नहीं मिलते है तो ऐसे में जिम्मेदार किसान ही होंगे। न ही कोई आढ़ती व मण्डी समिति कोई सहयोग करेगी। आलू का साइज ठीक होने के कारण किसानों की मांग है कि आलू की रैक लगायी जाये। जिससे यहां का आलू निर्यात हो सकें और अच्छे दामों में बिके। कई बड़े आढ़ती व व्यापारी प्रयासरत है कि आलू की रैक लगवायी जाये, जिसके लिए तैयारी शुरु है।

# गुरु गोविंद सिंह जयंती पर गुरुद्वारे में सवद कीर्तन आयोजित


कार्यक्रम में मौजूद ज्ञानी मंगल सिंह व अनुयायी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरु गोविंद सिंह जयंती पर्व लोहाई रोड स्थित गुरुद्वारा में सवद कीर्तन के साथ धूमधाम से मनाया गया। गुरु ज्ञानी मंगल सिंह ने गुरुवाणी पाठ के साथ खालसा पंथ के इतिहास पर प्रकाश डाला। गुरु गोविन्द सिंह ने समाज व राष्ट्र के लिए अपनी कुर्बानियां दी और रक्षा करने का संकल्प लेते हुए खालसा पंथ के इतिहास को याद किया गया। साथ ही गुरुद्वारा फतेहगढ़ में ज्ञानी बलविंदर सिंह ने सवद कीर्तन एवं गुरु का लंगर व कड़ा प्रसाद का आयोजन किया। सूर्य प्रताप सिंह, जगदीप सिंह, सतनाम सिंह ने सहभागिता की।

25 दिसम्बर से 5 जनवरी तक प्रभात फेरी, संकीर्तन, गुरुवाणी का आयोजन हुआ। गुरुद्वारा पहुंचकर बड़ी संख्या में लोगों ने माथा टेंका और सवद कीर्तन में भाग लिया। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रधान सरदार हरजिंदर सिंह, एकता गुलाटी, हर्षा बुधवानी, अठाना बुधवानी, ललित फूलवानी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सरदार तोषित प्रीत सिंह, चरन प्रीत सिंह, कौशिक प्रीत सिंह, संगीत अरोड़ा, संजय गर्ग, वैभव सोमवंशी आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने माथा टेंका और आभार व्यक्त कर प्रसाद चखा। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मेला श्रीरामनगरिया में दिखायी देंगे 13 अखाड़ों के ध्वज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपराकाशी के नाम से प्रसिद्ध पांचाल घाट स्थित मेला श्रीरामनगरिया अध्यात्मनगरी में माघ महीने भर जप तप का अदभुत संगम देखने को मिलेगा। अध्यात्म नगरी में साधु संतों के 13 अखाड़ों की ध्वज पताकायें फहरेंगी।

लगभग सभी अखाड़ों से जुड़े साधु संतों ने लगभग डेरा जमा लिया है। अब सिर्फ विधिवत कल्पवास की तैयारी की जा रही है जो कि 13 जनवरी से शुरू होगा।

अध्यात्म नगरी में अभी तक 20 हजार के आसपास कल्पवासी और साधु संत आ चुके हैं। पांचालघाट के पतित पावनी मां गंगातट पर वर्षो से मेला लगता आ रहा है। लगातार साधु संतों और कल्पवासियों का आना जारी है। मेले में साधु संतो के 13 अखाड़ों की ध्वज पताकायें फहरेंगी। इसमें ज्यादातर अखाड़े से जुड़े साधु संत आ चुके हैं। श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा, आह्वान अखाड़ा, अग्नि अखाड़ा, निरंजनी अखाड़ा, महानिर्वाणी अखाड़ा, आनंद अखाड़ा प्रमुख हैं। बाकी अखाड़ों से जुड़े साधु संत लगातार आ रहे हैं।

साधु संतो की विधिवत रूप से साधना मेले के शुभारम्भ की तिथि से होगी, जो पूरे माघ भर साधु संत अपने-अपने तरीके से साधना, पूजा अर्चना, यज्ञ, धार्मिक अनुष्ठान, भण्डारा आदि करेंगे।

### नागा साधु बनने के लिए 12 वर्ष करनी पड़ती कठिन साधना

**फर्रुखाबाद।** नागा साधु बनने के लिए 12 वर्ष तक कठिन साधना करनी पड़ती है। नागा साधुओं के विधान के अनुसार जो शिष्य अपनी साधना में सफल होता है उसे ही नागा साधु घोषित किया जाता है। नागा साधु सोमवारपुरी ने बताया कि 12 वर्ष तक नागा साधु बनने के लिए गुरु की सेवा करनी पड़ती है और इस अवधि में ब्रह्मचर्य का पूरी तौर पर पालन करना पड़ता है। सुबह और शाम को नियमित रूप से साधना भी जरूरी है। 12 वर्ष की अवधि में जो अपनी साधना को सकुशल रूप से पूरा करता है उसी को नागा साधु की उपाधि दी जाती है। अपनी साधना के दौरान मन को पूरी तौर पर एकाग्र रखना पड़ता है। इसके बाद भी यही प्रक्रिया अपनानी पड़ती है। उन्होनें बताया कि नागा साधुओं को गिरि, पुरी, सरस्वती, भारती उपनाम से भी जानता जाता है।

## प्रेमी से शादी न होने पर युवती पहुंची थाने

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज नगर निवासी एक युवती का थाना मेरापुर के गांव दहेलिया निवासी एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के प्रेम प्रसंग की जानकारी युवती के परिजनों को हुई, तो परिजनों ने युवती की शादी दूसरी जगह तय कर दी। जिस पर युवती ने शादी करने से इन्कार कर दिया, तो परिजन युवती पर दबाव बनाने लगे। जिससे परेशान युवती ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत कर प्रेमी से शादी कराने की जिद की। पुलिस ने युवती को समझाकर घर जाने की बात कही, लेकिन युवती घर जाने को तैयार नहीं हुई। जिस पर पुलिस ने युवती के परिजनों को थाने बुलाया और परिजनों से युवती की इच्छा के अनुसार शादी करने की बात कही। पुलिस के समझने पर युवती घर जाने के तैयार हो गई।

# कांग्रेस संगठन सृजन की बैठक में दिखी गुटबाजी

- पर्यवेक्षक ने पदों के लिए कार्यकर्ताओं से लिये आवेदन


पर्यवेक्षक तौकीर आलम का स्वागत करते कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस संगठन सृजन के लिए पार्टी कार्यालय नगला दीना में कार्यकर्ताओं ने आवेदन किये। पर्यवेक्षक के सामने पदाधिकारियों ने नारेबाजी की और गुटबाजी हावी रही।

कांग्रेस के पर्यवेक्षक तौकीर आलम, प्रदेश महासचिव जिला प्रभारी प्रकाश प्रधान व कोआर्डिनेटर अनूप वर्मा ने पार्टी कार्यालय नगला दीना पहुंचकर कार्यकर्ताओं की संगठन सृजन के दौरान जिला व शहर एवं अन्य पदों के लिए आवेदन मांगे। कार्यकर्ताओं ने आवेदन के दौरान नारेबाजी की और गुटबाजी सामने दिखायी पड़ी। कार्यक्रम में पहुंची पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद सहित कार्यकर्ताओं ने पर्यवेक्षक तौकीर आलम, प्रकाश प्रधान, अनूप वर्मा का फूल मालाओं से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष पद के लिए रिजवान अहमद ताज, जुनैद खां, शकुंतला देवी, मनोज गंगवार, खुशहाल मियां ने आवेदन किया। कांग्रेस सेवा दल के पूर्व अध्यक्ष मनोज त्रिवेदी, निवर्तमान शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा, इमरान अंसारी ने शहर अध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया।

तौकीर आलम ने कहा कि न्याय पंचायत स्तर से जिला पंचायत स्तर तक के लिए पदाधिकारियों के आवेदन मांगे गये है।

जनपद स्तर पर लोगों के आवेदन लिये जा रहे है। कांग्रेस पहले की तरह मजबूत होकर सामने आयी है। जिलाध्यक्ष पद के लिए जबरदस्त कार्यवाही चल रही है। आवेदकों को लखनऊ बुलाकर इंटरव्यू लिया जायेगा। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिक्कार्जुन खरगे व राहुल गांधी की प्रशंसा करते हुए कहा कि अम्बेडकर के अमपान का मुद्दा उठाकर उन्होंने पिछड़े व दलितों को सम्मान दिलाने का काम किया है। कौशलेन्द्र यादव, शिवम तिवारी, लुईस खुर्शीद के अलावा जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी, अंकुर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### राधा माधव संकीर्तन में सरावोर हुए भक्त


राधा माधव संकीर्तन में मौजूद भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेठ गली स्थित विमल तिवारी भवन राम मंदिर में राधा माधव संकीर्तन का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य रूप भागवता आचार्य चिन्मय गोस्वामी व जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव मौजूद रही। राधा माधव संकीर्तन में आचार्य चिन्मय गोस्वामी ने राधा-कृष्ण गीतों के साथा आये हुए लोगों को सरावोर किया। भक्तिरस गीतों पर श्रोताओं ने आनंद लिया। आयोजनकर्ता आदेश तिवारी ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर विक्की अग्निहोत्री, कार्तिकेय तिवारी, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, भास्कर दत्त द्विवेदी, चित्रा अग्निहोत्री, विवेक मिश्रा, संजय गर्ग, अनिल मिश्रा, अशोक वर्मा, सभासद अतुल शंकर दुबे, संजीव अग्निहोत्री, चंद्रधर पाण्डेय, तन्मय मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

### भाकियू का धरना प्रदर्शन आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाह्न पर किसानों की समस्याओं को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेंगे। जिसमें जनपद के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भाग लेंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने दी है।

### बस चालक की लापरवाही से रोडवेज बस ट्रक में पीछे से घुसी


क्षतिग्रस्त खड़ी रोडवेज

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कोहरे की वजह से दुर्घटनाओं का सिलसिला बढ़ गया है। कोहरे की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। रात्रि 9 बजे के लगभग घने कोहरे की वजह से रोडवेज बस आगे जा रहे ट्रक में पीछे से घुस गई। जिससे बस का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार लखनऊ से सवारियां भरकर रोडवेज बस बदायूं जा रही थी। अमृतपुर थाना क्षेत्र के राधे राधे पेट्रोल पंप के पास कोहरे के चलते अंदाजा न लगने से रोडवेज बस ने आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बस में सवार सोनी पत्नी दीपू निवासी ताजपुर घायल हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भेजा। ट्रक चालक ने स्वयं ही ट्रक अमृतपुर थाने में खड़ा कर दिया। रोडवेज के चालक अनिल मिश्रा ने बताया कोहरे की वजह से धीमी गति से जा रहे थे। ट्रक चालक द्वारा कट मारने से हादसा हो गया। थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# महाराणा प्रताप प्रतिमा लगने के स्थान में परिवर्तन की संभावना

- रोडवेस बस स्टैण्ड के अलावा गुरुगांव देवी मंदिर के निकट भी लग सकती है
- अनुरोध कर्ताओं की मांग पर प्रतिमा स्थल बदले जाने की बात कही

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला पर्यटन एवं सांस्कृतिक परिसर के सचिव ने उपनिदेशक पर्यटन लखनऊ व कानपुर मण्डल को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि महाराणा प्रताप की मूर्ति बस स्टैण्ड पर लगाये जाने के प्रकरण पर जानकारी दी है कि बस स्टैण्ड चौराहा के स्थान पर गुरुगांव देवी मंदिर के पास महाराणा प्रताप की मूर्ति लगवायी जाये, जो सही है।

बस स्टैण्ड के पास महाराणा प्रताप की मूर्ति लगने से आने-जाने वाले सवारियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में जिला प्रशासन की ओर से महाराणा प्रताप की मूर्ति रोडवेज चौराहे पर लगाना प्रस्तावित हुई थी। अनुरोध कर्ताओं की मांग पर प्रतिमा स्थल बदले जाने की बात कही गई है।

इस संबंध में जिला प्रशासन जगह का चयन कर निर्णय ले।

# भीषण सर्दी में अलाव बना सहारा, शीतलहर का प्रकोप जारी


अलाव तापते राहगीर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भीषण सर्दी में गरीब से लेकर हर तबके की लोगों के लिए अलाव सहरा बन रहा है। भीषण ठंड और कपकपाती सर्दी में हर व्यक्ति परेशान है। गरीब बस्तियों से लेकर शहर तक लोगों का अलाव सहारा बन रहा है। गांव में जहां लोग पत्ते, उपले, लकड़ियां आदि जलाकर ठंड से निजात पाने की कोशिश कर रहे हैं।

वहीं शहर बाजार में कूट, कागज, टायर, लकड़ी आदि जलाकर ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं। सोमवार की भी शीतलहर का प्रकोप बना रहा, अधिकांश लोग अपने घरों में ही दुबके रहे। बहुत ही जरुरी कामकाज के लिए लोग निकले, उन्हें अगर कहीं आग जलती दिखायी दी तो कुछ छण के लिए वहां हाथ सेंकते दिखायी दिये। वहीं गरीब बस्तियों में सबसे ज्यादा परेशानी मजदूर तबके लोगों को है। उन्हें घर में दो वक्त का चूल्हा जलाने के लिए मजदूरी करने निकलना पड़ता है। उनके लिए ठंड सितम बन रही है। गरीब बस्तियों में महिला, पुरुष, बच्चे अलाव जलाकर ठंड से निजात पाने की कोशिश रहे हैं।

सड़क चलते राहगीर हो या वाहन पर चढ़ने के लिए सड़क पर खड़े यात्री सभी अलाव जलते देख वहां पहुंचकर ठंड से निजात पा रहे हैं। आवास विकास स्थित एक हॉस्पिटल के सामने लोग कूड़ा-कचरा व आसपास की पन्नी बीनकर आग जलाकर भीषण सर्दी से बचाव कर रहे है, नगर पालिका की ओर से कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि पास में ही जिले का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है। उसके बावजूद भी वहां अलाव जलाने के लिए प्रशासन की ओर से कोई व्यवस्था नहीं है। हाड़ कपाऊ सर्दी के चलते लकड़ी व कोयले के दाम भी बढ़ गये है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष आवेदन के लिए हाईस्कूल की मार्कशीट भी लगेगी




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी में जिलाध्यक्ष पद के लिए दो दर्जन लोग दौड़ में है। विध्यवासिनी कुमार व प्रभारी सुमन चतुर्वेदी, जिला प्रभारी शिव महेश दुबे, सह प्रभारी ममता सक्सेना व जय गंगवार के समक्ष दावेदारी पेश की जायेगी। 15 जनवरी तक आवेदन लिये जायेंगे और साथ ही जिलाध्यक्ष पद की घोषणा भी होने की संभावना है। इस बार गाइड लाइन के तहत आवेदक की आयु 45 से 60 वर्ष अधिक न हो। साक्ष्य के लिए हाईस्कूल का प्रमाण पत्र व सनद साथ में संलग्न करना अनिवार्य है। जिलाध्यक्ष के लिए 6 वर्ष की प्राथमिक सदस्यता व दो वर्ष का सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य है। अनुशासनहीनता का आरोप नहीं होना चाहिए, जिस पर भी अनुशासनहीनता का आरोप लगा है वह जिलाध्यक्ष की दौड़ से बाहर रहेगा। साथ ही आवेदन के लिए शुल्क भी 100 रुपये का निर्धारित किया गया है। जिला प्रभारी के समक्ष आवेदन लिये जायेंगे। आवेदन के बाद कौन-कौन दौड़ में है इसके लिए उनके नामों पर चर्चा होगी। जिलाध्यक्ष बनने के लिए इस बार उम्र के अलावा अनुशासनहीनता का भी ध्यान रखा गया है। बताते चले कि अभी मण्डल अध्यक्षों की घोषणा नहीं हो सकी। ऐसे में जिलाध्यक्षी के चुनाव में विलंब होने की संभावना दिख रही है। जब तक मण्डल अध्यक्ष घोषित नहीं हो जायेंगे तब तक जिलाध्यक्ष का भी चुनाव होना संभव नहीं है। वहीं

भाजपा जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के कारण मंडल अध्यक्षों की सूची अटक गई है। जिसके चलते इन पदों के दावेदारों की नाराजगी चेहरे पर साफ दिखायी दे रही है और यह कहते दिख रहे है कि यहां के जनप्रतिनिधियों के चलते मण्डल अध्यक्ष घोषित नहीं हो रहे है, जबकि आसपास के जनपदों में घोषणा हो चुकी है।

# बन्द कमरों से तुम नहीं निकले, देश खातिर चला गया कोई


पुष्पाजंलि पुस्तक के विमोचन के दौरान मौजूद कवि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- काव्यांजलि संस्था द्वारा कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

कानपुर में आयोजित काव्यांजलि में जनपद फर्रुखाबाद के कवि ने पहुंचकर समां बांधा। साहित्यिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था काव्यांजलि द्वारा संगीता गौतम जयाश्री की पुस्तक पुष्पांजलि का विमोचन हुआ। फर्रुखाबाद से पहुंचे कवियों ने समां बांधा। हेमन्त सिंह राजपूत ने सावित्री पन्नाधाय पद्मिनी और श्रेष्ठ हाड़ारानी, कैसे कर सकती कलम इन्हे अबला कहने की नादानी, पढ़ते हुए नारी शक्ति को बढ़ावा देने पर जोर दिया तथा सबला के रूप में पूज्यनीय बताया और कहा नारी के बिना सृष्टि अधूरी है। संजीव यादव देवा ने बेटियों बचाने व जवानों के हित में प्रतिष्ठा के लिये पंक्तियां पढ़ीं, बन्द कमरों से तुम नहीं निकले देश खातिर चला गया कोई, रोज सजदे हो कोई रहे देवा, फिर से बेटी वहा गया कोई, जगमोहन ने मेरी नजर लोग वो मुर्दा जमीर हैं। सच बात जिनमे कहने की हिम्मत नहीं रही कृति पढ़ी। कानपुर के कवि/कवयित्री तथा अमिताभ बाजपेयी विद्यायक आर्यनगर तथा संचालक दीप कुमार शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से गाय की मौत, कराया गया अंतिम संस्कार


गाय का अंतिम संस्कार कराते प्रधान पति मौजूद पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

घने कोहरे के कारण गाय को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गयी। वहीं राजेपुर की तरफ जा रहे गौरक्षक दल के कार्यकर्ता ने यह देखा तो इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान पति ने मृत गाय का अंतिम संस्कार कराया।

बीती रात बरेली मार्ग पर चाचूपुर जटपुरा के निकट घने कोहरे के कारण अज्ञात वाहन गाय को टक्कर मार दी। जिससे उसकी वहीं मौत हो गयी। राजेपुर की ओर जा रहे गौरक्षक दल के दलवीर ने गाय को मृत अवस्था में पड़ा देखा तो उन्होंने इसकी सूचना ग्राम प्रधान व डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्राम प्रधान पति राकेश राजपूत को बुलवाया और मृत गाय के शव का अंतिम संस्कार कराया। वहीं गौरक्षक दलवीर सिंह ने बताया कि गाय हमारी पूज्यनीय है। हम सबका कर्तव्य है कि गौ माता की रक्षा करें, तभी गौवंशों को बचाने में कामयाब हो पायेंगे। ग्राम प्रधान पति ने जेसीबी मंगवाकर सुरक्षित स्थान पर एक गहरा गड्ढा खुदवाकर गाय के शव को दफना दिया और ऊपर से मिट्टी डलवाकर गड्ढे को बंद करवा दिया। इस दौरान गौरक्षक से पिन्टू सक्सेना व आदि मौजूद रहे।

## जाम से जूझे लोग, मिनटों का सफर घंटों में हुआ तय


जाम में फंसे वाहन चालक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मुख्य बाजार में आये दिन जाम लगने से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जाम का मुख्य कारण ई-रिक्शा चालकों का दुकानों के आगे खड़ा करना। जानकारी के अनुसार कायमगंज नगर में आये दिन लोग जाम की झाम से जूझ रहे हैं। लोगों को मिनटों का सफर घंटों में तय करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि ई-रिक्शाचालक दुकानों के आगे ई-रिक्शाचालक खड़ा कर देते हैं। जिससे जाम की समस्या उत्पन्न होती है। कभी-कभी तो वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी समय लग जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी एंबूलेंसों को होती है, क्योंकि जाम में फंसने के कारण वह समय से अस्पताल नहीं पहुंच जाती हैं, जिससे मरीजों की मौत तक हो जाती है। नगर के तहसील से लेकर मैन चौराहे तक यातायात व्यवस्था चरमराई रहती है। वाहनों की भीड़ के बीच जाम लग जाता है। सोमवार को जाम की समस्या बनी रही। वहीं स्थानीय नागरिकों ने जिमेदार अधिकारियों से समस्या का समाधान कराने की माँग की है।

# गुलदस्ता सजाओ प्रतियोगिता में मुस्कान व गौरी रही अव्वल


प्रतियोगिता में सम्मानित होती छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

21वें फर्रुखाबाद युवा महोत्सव द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में सोमवार को समिति सभागार में गुलदस्ता सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें मुस्कान व गौरी अब्बल रही। प्राकृतिक एवं कृत्रिम फूलों से गुलदस्ता को सजाया गया। प्रतिभागियों ने बताया कि गुलदस्ता कमरे की शोभा तो बढ़ाते ही हैं साथ ही लोगों को आत्मविश्वास भी मिलता है। प्रतियोगिता में मुस्कान एवं गौरी कुशवाहा प्रथम, श्रुति एवं जेबा द्वितीय, आलिया एवं ललिता कुशवाहा तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में शद्मा, शिल्पी, ईशा, लवली, गौरी, जीनत ने भाग लिया। इस मौके पर डॉ0 कृष्णकान्त अक्षर, वीरेन्द्र त्रिपाठी, हर्षित मिश्रा, डॉ0 संदीप शर्मा, हर्ष दुबे आदि उपस्थित रहे।

# मोदी को धामी ने दिया राष्ट्रीय खेलों में पधारने का आमंत्रण

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली/देहरादून।**



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर, राज्य में आयोजित राष्ट्रीय खेलों के लिए आमंत्रित किया।

श्री धामी ने प्रधानमंत्री को मलारी (चमोली) की शॉल और नारायण आश्रम की प्रतिकृति भी भेंट की।

श्री धामी ने राज्य के विकास में प्रधानमंत्री के नेतृत्व, मार्गदर्शन और सहयोग के लिए प्रदेश की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। साथ ही, उन्हें राज्य में संचालित विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी।

श्री धामी ने कहा कि ऋषिकेश - कर्णप्रयाग रेल परियोजना के प्रथम चरण पर तेजी से काम चल रहा है। टनकपुर बागेश्वर रेल परियोजना का सर्वे का कार्य हो चुका है। उन्होंने इस परियोजना की स्वीकृति और परियोजना का पूर्ण वित्तीय व्यय भार केंद्र सरकार द्वारा किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने ऋषिकेश में प्रस्तावित बुनियादी विकास कार्यों के लिए ऋषिकेश के पुराने रेल स्टेशन को बंद करने और सभी ट्रेनों का संचालन ऋषिकेश के नए योग नगरी रेलवे स्टेशन से किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि पुराने स्टेशन की भूमि पर जो रेल ट्रैक है, उसका उपयोग नई सड़क व्यवस्था के लिए किया जा सकेगा जिससे यातायात में सुधार होगा। श्री धामी ने उत्तराखंड में जल जीवन मिशन की प्रगति की जानकारी देते हुए जल, जीवन मिशन में आवंटित केंद्रीय अंशदान की अवशेष धनराशि जल्द अवमुक्त किए जाने के लिए संबंधित को निर्देशित करने का आग्रह किया। उन्होंने ऋषिकेश को रिवर राफ्टिंग में आइकॉनिक सिटी के रूप में चयनित करने पर आभार व्यक्त करते हुए हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर और शारदा कॉरिडोर परियोजना के लिए राज्य के सीमित संसाधनों को देखते हुए केंद्र स्तर से संसाधन उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश में भूतपीय ऊर्जा के दोहन के लिए आइसलैंड एंबेसी के सहयोग से एक एमओयू प्रस्तावित है। इस एमओयू पर भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय से आवश्यक अनापत्ति पत्र प्राप्त किया जा चुका है। श्री धामी ने इस परियोजना के लिए सभी तकनीकी और वित्तीय सहयोग राज्य सरकार को प्रदान किए जाने का अनुरोध किया ताकि वर्ष 2070 तक कार्बन नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने में उत्तराखंड अहम भूमिका निभा सके। उन्होंने सड़क परिवहन मंत्रालय में प्रेषित प्रस्तावों ऋषिकेश बायपास, हरिद्वार बायपास (पैकेज 2), देहरादून-मसूरी कनेक्टिविटी, देहरादून रिंग रोड, चंपावत बायपास, लालकुआं, हल्द्वानी और काठगोदाम बायपास और मानसखंड प्रॉजेक्ट की स्वीकृति के लिए संबंधित को निर्देशित किए जाने का भी अनुरोध किया।

# जमानत बॉन्ड भरने से इनकार के बाद कोर्ट ने प्रशांत किशोर को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा

**एजेंसी, पटना।**



जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को पटना सिविल कोर्ट से 25 हजार के मुचलके पर जमनात मिल गई थी लेकिन उनके बेल बॉन्ड भरने से इनकार के बाद उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर को आज भोर चार बजे पटना के गांधी मैदान में आमरण अनशन के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद जमानत बांड पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने के बाद किशोर भूख हड़ताल पर थे। चुनाव रणनीतिकार प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बाद बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे हैं। आज उनकी भूख हड़ताल का पांचवां दिन था।

पुलिस के अनुसार, विरोध प्रदर्शन को अवैध माना गया। क्योंकि, यह प्रतिबंधित क्षेत्र में हुआ था। पटना के जिला मजिस्ट्रेट ने कहा है कि बार-बार नोटिस जारी किए गए थे, जिसमें किशोर और उनके समर्थकों से प्रदर्शन को गर्दनीबाग, निर्दिष्ट विरोध स्थल पर स्थानांतरित करने का आग्रह किया गया था। किशोर और 43 समर्थकों को हिरासत में लिया गया और कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर सहित वाहनों को जब्त कर लिया गया।

पुलिस ने किशोर के साथ मारपीट के आरोपों से इनकार करते हुए दावा किया कि केवल उनके समर्थकों, जिन्होंने गिरफ्तारी का विरोध किया था, को बलपूर्वक हटाया गया। समर्थकों का दावा है कि गिरफ्तारी के दौरान किशोर को थप्पड़ मारा गया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। उन्हें मेडिकल जांच के लिए पटना एम्स ले जाया गया लेकिन शुरू में उन्होंने जांच कराने से मना कर दिया।

यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है, जहां याचिकाकर्ता 13 दिसंबर की परीक्षा को रद्द करने और प्रदर्शनकारियों पर अत्यधिक बल प्रयोग करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# सपा नेता हत्याकांड में शामिल तीन अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

▸ हत्याकांड के मुख्य आरोपित को पुलिस पहले ही भेज चुकी है जेल

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर।**



समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता हत्याकांड में शामिल तीन अभियुक्तों को कटरा कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि हत्याकांड के मुख्य आरोपित को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। छेड़खानी के विरोध की रंजिश मेंसपा कार्यकर्ता को नएसाल के पहलेदिन ही मौत के घाट उतार दिया था।

कटरा कोतवाली क्षेत्र के हरना की गली निवासी युवा सपा कार्यकर्ता 22 वर्षीय प्रियांशुओझा पुत्र सुरेशचंद्र बुधवार की रात किसी काम सेबाहर गया था। रात्रि 10 बजे के करीब अपनेघर आ रहा था। हरना की गली तुलसी चौक के पास विपक्षियों नेछेड़खानी के विरोध की रंजिश कोलेकर प्रियांशुपर हमला कर दिया था। विपक्षियों नेप्रियांशुपर कुल्हाड़ी सेकई बार वार कर उसकी हत्या कर दी थी। हत्या के बादसभी आरोपी मौके सेभाग निकलेथे। मृतक प्रियांशुके पिता सुरेश चंद्र की तहरीर पर पुलिस नेमुख्य आरोपित समेत तीन केविरुद्ध गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं मेंमुकदमा दर्जकर लिया था। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों नेपेहटी चौराहा व घर केपास शव रखकर जाम लगा दिया था। जिसके बाद पुलिस नेहत्या की धारा की बढ़ोत्तरी की थी।पुलिस नेमुख्य आरोपी हरना की गली निवासी निलेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस की जांच मेंएक औरआरोपी का नाम प्रकाश मेंआया।

पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश मेंजुटी थी। पुलिस नेमामला दर्जकर आरोपित पेहटी काचौराहा निवासी गुलशन कुमार कसेरा, तुलसी चौक निवासी अनुराग उर्फ सोनूकसेरा व नउवा टोला निवासी निलेश सिंह उर्फ गोलूकसेरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कटरा कोतवाली प्रभारी अजीत कुमार सिंह नेबताया कि मुख्य आरोपित को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। अन्य तीन आरोपित को गिरफ्तार कर जेला भेजा गया है।

# कुंभ मेला के मद्देनजर अंर्तजनपदीय सीमा पर सघन चेकिंग जारी



**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।**

कुंभ मेला की सुरक्षा के मद्देनजर ड्रमंडगंज पुलिस ने मिर्जापुर-प्रयागराज जिले की अंर्तजनपदीय सीमा पर बैरियर लगाकर आनेजाने वाले वाहनों की सघन जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कुंभ मेला के मद्देनजर अंतर्जनपदीय सीमा पर दुर्जनीपुर गांव बैरियर की स्थापना की गई है। बताया कि बैरियर पर वाहनों को रोककर सघन तलाशी की जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों और संदिग्ध वस्तुओं की छानबीन करने के बाद ही प्रयागराज कुंभ मेला के लिए वाहनों को जाने दिया जा रहा है। इस दौरान एसआई भारत राय, राम विशाल, हेड कांस्टेबल मूलचंद वर्मा आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर।** नगर के रतगंज स्थित गुरूद्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह सभा मेंसिखों के दसवेंगुरु गुरु गोविंद सिंह महराज का 358 वांप्रकाश पर्वसोमवार को धूमधाम सेमनाया गया। इस अवसर पर अखंड पाठ साहब के समापन के बाद कुल विंदर सिंह हुजुरी जत्थाऔर भाई सुरजीत सिंह खालसा नांदेड़ साहेब नेमधुर सुरों मेंहरिजस कीर्तन पेश कर साध संगत को नहाल कर दिया। इसके बादगुरुनानक ब्वायज स्कूल के छात्र–छात्राओं नेसामूहिक रूप सेकीर्तन दरबार कर पूरेवातावरण को गुरुमय बनादिया। इससेसुबह छह बजेसेही लंगर सेवा का शुभारंभ हुआ। जिसमेंलोगों नेछक कर प्रसाद ग्रहण किया। कीर्तन के समापन केबाद सोरपा भेंट किया गया। गुरुद्वारेके प्रधान जसबीर सिंह चड्योक नेगुरु के जीवन पर प्रकाश डाला। संचालन गुरुद्वारेके प्रबंधकहरदीप सिंह खुराना, खजांची हरभजन सिंह,उप खजांची सुरेंद्र पाल खुराना नेसंयुक्त रूप सेकिया। गुरुनानक गर्ल्सस्कूल केअध्यक्ष धर्मपाल सिंह सरना,प्रबंधक चरणजीत सोखी,गुरुनाक ब्वायज स्कूल के अध्यक्ष जसवंत सिंह सरना आदि रहे।

# छह महीने से दिव्यांगों को नहीं मिल रही पेंशन

▸ ठंड से बचाव व बच्चों की पढ़ाई में हो रही बाधा

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।**

स्थानीय विकास खंड में 6 महीने से दिव्यांगों को मिलने वाली 1 हजार रुपये पेंशन पर ग्रहण आ गया है विकास खंड में 501 पुराने पेंशन धारक है। जिन्हें ठंड में कपड़े की व्यवस्था तथा बच्चों की पढ़ाई के लिए बाधा उत्पन्न हो गई है, वही खाने के भी लाले हो रहे हैं। दिव्यांगों ने बताया कि मंहगाई को देखते हुए 3 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन की मांग की गई थी। लेकिन 1 हजार रूपये प्रति माह मिलने वाला पेंशन भी नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए प्रतिदिन बैंक का चक्कर लगाना पड़ रहा है जिस पर दिव्यांगों ने आक्रोश व्यक्त किया है। हलिया कस्बा निवासी दिव्यांग राजू, अनमोल अग्रहरि, राजकुमार मिश्रा ,महेंद्र, विनोद आदि लोगों का कहना है कि कड़ाके की ठंड में ना तो बच्चों के लिए कपड़ा ले पा रहे हैं न ही बच्चों की पढ़ाई की समुचित व्यवस्था हो पा रही हैं। 1 हजार रुपये की पेंशन में भी बाधा होने नया वर्ष के साथ खिचड़ी पर्व ठंड के कपड़े व बच्चों की पढाई के साथ हम लोग भुखमरी के कगार पर पहुँच गये है। शासन से 3 हजार की मांग की गई थी लेकिन 6 महीने से पेंशन नहीं आने से भुखमरी की कगार पर हो गए हैं। इस संबंध में जिला दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी राजेश कुमार सोनकर से दूरभाष से संपर्क करना चाहा तो उनका फोन नहीं उठा। ब्लॉक समाज कल्याण अधिकारी रणजीत कुमार ने बताया कि आधार कार्ड व केवाईसी नहीं होने से दिव्यांगों के खाते में पेंशन नहीं जा पा रही थी लगभग कार्य पूर्ण हो गया है जल्द ही दिव्यांगों के खाते में पेंशन पहुंच जाएगा।

# लालगंज तहसील प्रशासन ने गरीब, असहाय को वितरित किया कंबल

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।**



लालगंज तहसील प्रशासन की तरफ से कड़ाके की ठंड से निजात दिलाने के लिए सोमवार को हलिया, सोनगढ़ा, सुबाव खुर्द गाँव के 85 गरीब असहाय लोगो को क्षेत्रीय लेखपाल व ग्राम प्रधान नें कंबल वितरित किया है। हलिया ग्राम के पंचायत भवन परिसर में क्षेत्रीय लेखपाल कृष्ण चंद्र मिश्रा व ग्राम प्रधान शिवबाबू सेठ ने अपने हांथो से 50 गरीब असहाय लोगो को कंबल वितरित किया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सोनगढ़ा में क्षेत्रीय लेखपाल कृष्ण चंद्र मिश्रा ने गाँव के 25 गरीब असहाय लोगो को कंबल वितरित किया है। सुबाव खुर्द गांव में क्षेत्रीय लेखपाल संजीव उपाध्याय ने दस गरीब असहाय लोगो को कंबल वितरित किया है। कंबल वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की कड़ाके की ठंड में कंबल वितरण करना सराहनीय कार्य है। समाजसेवी लोगो को कंबल वितरण करना चाहिए। इस संबंध में उपजिलाधिकारी लालगंज आशराम वर्मा ने बताया की ठंड को देखते हुए तहसील क्षेत्र के हलिया, सोनगढ़ा, सुबाव खुर्द गांव में लेखपाल ने 85 गरीब असहाय लोगो को कंबल वितरित किया है आगे भी कंबल वितरित किया जायेगा।

# 22 अभियुक्त छह माह के लिए जिला बदर

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर।**



जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका निरंजन नेअपनेन्यायालय मेंविभिन्न अपराधों मेंसंलिप्त 22 अभियुक्तों को दोषीठहरातेहुए उनके विरूद्ध आदेश पारित कर सभी को छह माह के लिए जिला बदर करनेका आदेश दिया है।

जिला मजिस्ट्रेट के जिला बदर के आदेश में रमेश सिंह पटेल उर्फ सुक्खूपुत्र बद्री पटेल निवासी पूर्वी पटिहटा, थाना अहरौरा, आकिब अंसारी पुत्र इस्लाम अंसारी निवासी चेतगंज, इमामबाड़ा व नीरज गुप्ता उर्फ छोटई पुत्र छोटू साहू निवासी संगमोहाल रेलवेफाटक पुल के नीचेथाना कोतवाली कटरा हैं।

इसके अलावा मो. फिरोज पुत्र इदरीश निवासी धनैता थाना कछवां, द्वारिका प्रसादबिंद पुत्र सियाराम बिंद निवासी पति का पुरा नरोईया थाना जिगना, विकास पुत्र बबंदर निवासी भीटी थाना राजगढ़, गणेश विश्वकर्माउर्फ अनूप विश्वकर्मापुत्र रामेश्वर निवासी बड़ी माता इमली महादेव थाना कोतवाली शहर, ओमप्रकाश पटेल पुत्र शिवअचल पटेलनिवासी गड़बड़ थाना लालगंज, मन्टू उर्फ आमिर सुहैल पुत्र एजाज अहमद निवासी नई बाजार पोस्ट आफिस के बगल मेंथानाअहरौरा, राजाराम हरिजन पुत्र लालबहादुर निवासी महुवारी कलां डिहवा थाना विन्ध्याचल, अरविन्द कुमार पुत्र बचनुनिवासीमटिहानी,थाना मड़िहान, आकाश उर्फ विक्की पुत्र रामधनी, निवासी पतलुकिया थाना चुनार, प्रियांशुसिंह उर्फसूरज सिंह पुत्रकोमल सिंह, निवासी बरजीमुकुंदपुर, थाना पड़री, सुरेंद्र पटेल पुत्र बालगोविंद पटेल निवासी ग्राम खैरा कलां थाना लालगंज, कल्लूशर्माउर्फ चंचल पुत्र दीनानाथ निवासी ग्राम पचेंगड़ा, थाना अदलहाट, राजेंद्र कुमार पुत्र नन्दलाल निवासी ग्राम खुलुआ थाना चील्ह, सियारामउर्फ लवकुश पुत्र अवधुनिवासी बभनी थपनवा थाना मड़िहान, मोनूसाहनी पुत्र स्व. मेदी साहनी निवासी बालूघाट थाना चुनार,दिलीप कुमार पुत्र स्व. सीताराम निवासी ग्राम सोनपुर थाना अहरौरा, सतीश कुमार पुत्र पप्पूहरिजन, निवासी पथरहा, थाना पड़री, राकेशकुमार पुत्र कल्लूउर्फ रामचन्द्र, निवासी रेक्सा कलां, थाना मड़िहान, मन्नूउर्फ शशिकांत पुत्र अर्जुन प्रसाद निवासी शाहपुर चौसा, थानाकोतवाली देहात। सभी को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अपनेआदेश के तहत छह माह के लिए जिला बदर रहने का आदेश दिया।

# ईटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली से टकराई बस, कई यात्री घायल

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

घने कोहरे के कारण यात्रियों से भरी बस ईटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। हादसे में बस में सवार एक दर्जन यात्री घायल हो गए। टक्कर लगने के बाद टकराने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भेजा। जहां एक महिला और बस चालक की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी यात्री नेपाल से चंडीगढ़ जा रहे थे। खुटार थाना क्षेत्र के तिकुनिया के पास हादसा हुआ है।

खुटार के तिकुनिया चौराहा के पास यात्रियों से भरी बस घने कोहरे के कारण आगे चल रही ईटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। टक्कर लगने से बस में बैठे करीब एक दर्जन यात्री घायल हो गए। टक्कर की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सभी को बस से बाहर निकालकर घायलों को अस्पताल भेजा। जहां सीता नाम की महिला और बस चालक की हालत गंभीर बनी हुई है।

यात्रियों के मुताबिक सभी लोग नेपाल के रहने वाले हैं। नेपाल से चंडीगढ़ जा रहे थे। कुछ नौकरी की तलाश तो कुछ घूमने के लिए जा रहे थे।

पुलिस ने कहा कि हाईवे पर घना कोहरा होने के कारण बस चालक ट्राली देख नही पाया। आगे ट्रैक्टर ट्राली चल रही थी। बस पीछे से टकराई है। ट्रैक्टर ट्राली पर सवार लोगों को चोटें नहीं आई हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल भेजा गया था। दो लोगों ज्यादा चोटे आई थीं। बस को बीच रोड से किनारे करा दिया गया है। बस में सवार सभी यात्री नेपाल से चंडीगढ़ जा रहे थे।

## पिता के साथ बेटी पहुंची थाने, पति पर घर से निकालने का लगाया आरोप

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासिनी एक महिला ने तहरीर देकर बताया कि शादी के बाद 6 महीने से मायके में रह कर अपना जीवन यापन कर रही हूँ। बीते रविवार को पिता के साथ ससुराल गई की ससुराल वालों ने गाली देते हुए घर से निकाल दिए। राजपुर गांव निवासिनी ममता अपने पिता राधेश्याम के साथ हलिया थाने में पहुंच कर सोमवार को तहरीर देकर बताया कि बीते 25 फरवरी 2023 को प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना अंतर्गत बरहुला गांव निवासी अरुण कुमार के साथ सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत पंचशील डिग्री कॉलेज में शादी हुई थी। पति मारता पीटता है दूसरी शादी करना चाहता है। दहेज की बाइक भी मुझे लौटा दिया है। मायके में रह रही हूं बीते बीते 5 जनवरी को पिता के साथ ससुराल गई थी कि ससुराल वाले ने मारपीट कर घर से भगा दिए। सोमवार को हलिया थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह का कहना है की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## परिवार परामर्श केंद्र में एक वाद निस्तारित

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया द्य आज 08 पत्रावली पर सुनवाई की गयी तथा 01 दम्पति को विदा किया गया ।

थाना सदर बाजार के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 09 वर्ष पूर्व हुई थी। दोनों पति पत्नी में कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र बुलाया गया द्ध दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया द्ध प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हैद्ध दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनो को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया। इस मौके पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र उपनिरीक्षक मधु यादव महिला आरक्षी पूनम मिश्रा, महिला आरक्षी मोनिका रानी, महिला आरक्षी करुणा , महिला आरक्षी मोनिका कुमारी आरक्षी सौरभ कुमार आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी के पक्ष में महापौर से मिले ग्रामीण

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

रविवार सुबह सातवीं कक्षा की छात्रा के साथ गांव के रहने वाले अधेड़ ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी ने उसके साथ मारपीट भी की थी। जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। सोमवार को आरोपी के पक्ष में तमाम ग्रामीण भाजपा महापौर अर्चना वर्मा के पास पहुंच गए।

उन्होंने कहा कि आरोप लगाने वाली पीड़िता मंदबुद्धि है। उसने गलत आरोप लगाया है। फिलहाल महापौर ने इस प्रकरण में एसपी से बात कर निष्पक्ष कार्रवाई करने के लिए कहा है। बता दें कि दुष्कर्म करने के बाद आरोपी ने पीड़िता का गला दबाकर हत्या करने का प्रयास भी किया था। पीड़िता के गले में चोट और चेहरे पर खरोंच के निशान भी मिले थे। पीड़िता के बयान के बाद ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था। घटना के बाद आरोपी अर्द्धनग्न अवस्था में पीड़िता को खेत छोड़कर भाग गया था। थाना सदर बाजार के गांव में रविवार की सुबह सातवीं कक्षा की छात्रा शौच करने के लिए खेत पर गई थी। गांव का रहने वाला 50 साल का आरोपी उसको चीज दिलाने के बहाने खेत पर ले गया और फिर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पीड़िता के विरोध पर आरोपी ने उसका गला दबाकर हत्या का प्रयास किया था और उसके चेहरे पर खरोंच के निशान भी आ गए थे। पुलिस गांव पहुंची थी तो ग्रामीणों ने पीड़िता को मंदबुद्धि बताकर आरोपी को झूठे आरोप में फंसाने का आरोप लगाया है। घटना के बाद पुलिस को ग्रामीणों का विरोध देखना पड़ा। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी के परिजन तमाम ग्रामीणों के साथ भाजपा मेयर अर्चना वर्मा के घर पहुंच गए। उन्होंने मेयर से मुलाकात कर पीड़िता को मंदबुद्धि बताया। कहा कि पीड़िता ने आरोपी के ऊपर झूठा आरोप लगाया है। गांव में गुटबंदी के कारण उसको फंसाने का षड्यंत्र रचा गया है।

## जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** पुलिस ने जिला बदर अपराधी को शहर में घूमते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 14 नवंबर को जिला बदर की कार्रवाई की गई थी। उसे जिले की सीमा से बाहर छोड़ते समय चेतावनी दी गई थी कि अगर वह वापस जिले में दिखा तो सख्त कार्रवाई होगी। रोजा थाना क्षेत्र के आईटीआई कॉलोनी निवासी संदीप पाल पर 18 अक्टूबर को अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय ने उसकी संदिग्ध गतिविधियों और आपराधिक इतिहास के आधार पर जिला बदर का आदेश दिया था। पुलिस ने आदेश के तहत 14 नवंबर को उसे जिले से बाहर छोड़ा था। हालांकि, संदीप पाल नियमों का उल्लंघन कर जिले में घूमता रहा। पुलिस को सूचना मिली कि वह बल्लिया गांव के श्मशान घाट के पास है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी राजीव रंजन ने बताया कि जिला बदर के बावजूद आरोपी जिले में ही मौजूद था। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ पूरी कर

# बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

▸ बेटे ने रिश्तेदार पर जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने का लगाया आरोप

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसके बाद बेटे ने रिश्तेदार पर जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पिता घर से बाहर गन्ने की पर्ची का पैसा लेने जा रहे थे। गांव में रहने वाले चाचा ने उनको घर बुलाया। कुछ देर बाद गंभीर हालत में उनको बाहर लाया गया। घर से बाहर लाते हुए बेटी ने देख लिया था। उसके बाद आरोपियों ने पिता को मेरे मकान के बाहर फेंक दिया।

अस्पताल लाने के बाद उनकी मौत हो गई। आरोप है कि पिता का उनके भाई से जमीन और ट्रैक्टर बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। आरोपी जमीन और ट्रैक्टर अपने नाम कराना चाहते थे। मृतक के बेटे ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। 65 साल के सियाराम अपने परिवार के साथ शहर में स्थित टीचर कालोनी में रहते हैं। उनका बेटा प्रमोद कुमार लोको पायलट है। उनका पुश्तैनी मकान गांव में है। उनके गन्ने की पर्ची गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने डाली थी। जिसका पैसा लेने के लिए सियाराम अपनी बेटी के साथ शुक्रवार को गांव में गए थे। उसके बाद वह वहीं रूक गए थे।

बेटे का आरोप है कि पिता का उनके भाई से जमीन और ट्रैक्टर बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार पिता घर से निकलकर पर्ची के पैसे लेने जा रहे थे। तभी उनके भाई ने पिता को घर बुला लिया। कुछ देर बाद गंभीर हालत में आरोपी ने पिता को घर के बाहर फेंक दिया। उस समय मेरी बहन घर के बाहर खड़ी थी। उसने पिता को फेंकते देख लिया था। उसके बाद आरोपी मेरे पिता को मेरे मकान के बाहर फेंककर चले गए। तब बहन ने इसकी जानकारी परिवार को दी थी। पिता को अस्पताल में लेकर आए।

# फसल बीमा कराने की तिथि 15 तक

**समृद्धि न्यूज, शाहजहाँपुर।**

कृषकों बंधुओ के हित में भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत अपनी फसलो गेंहू/मसूर/सरसों / आलू को बीमित कराने की तिथि 31 दिसम्बर, 2024 के स्थान पर 15 जनवरी, 2025 कर दी गयी है। जनपद के कृषक बंधु दैवीय आपदा से फसलो की सुरक्षा हेतु संसूचित फसलो (गेंहू/मसूर/सरसों / आलू) को बीमित कर जोखिम को कम कर सकते है।

फसल बीमा हेतु इच्छुक किसान ऋणी एवं गैर ऋणी कृषक के रूप में अपनी फसलो को बीमित करा सकते है तथा जिन कृषको द्वारा अपने के.सी.सी. पर फसली ऋण ले रखा है उनका प्रीमियम (कृषक अंश) बैंक द्वारा सीधे काट कर बोयी गयी अधिसूचित फसल को बीमित किया जाता है, इस हेतु कृषक को अपनी बैंक शाखा में तत्काल सम्पर्क कर अपनी फसल का बीमा किये जाने हेतु सूचित कर दे।

ऐसे कृषक बंधु जो किसान क्रेडिट कार्ड (के.सी.सी.) धारक नही है या है, वह भी अपनी फसलो का बीमा अपनी सेवा प्रदाता बैंक शाखा, जन सेवा केंद्र, कृषि विभाग कार्यालय एवं बीमा कंपनी प्रतिनिधि से सम्पर्क कर अपने आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, भूमि अभिलेख (खतौनी) एवं स्वय सत्यापित बुवाई प्रमाण एवं मोबाइल नंबर के साथ सम्पर्क कर अधिसूचित फसलो का बीमा करा सकते हैं। फसलो को रबी सीजन में बीमित किये जाने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2025 है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिक जानकारी हेतु कृषक बंधु अपनी बैंक शाखा में, उप कृषि निदेशक कार्यालय, लोधीपुर शाहजहांपुर, एवं जनपद में फसल बीमा करने हेतु अनुबंधित बीमा कंपनी के प्रतिनिधि समी आलम मोबाइल संख्या 7355321155 पर सम्पर्क कर फसल बीमा संबंधी अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है।